दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

भारतीय सीमा में आते ही नौसेना ने किया स्वागत

खूबियां

- इनमें एक सीट वाले तीन और दो सीट वाले दो विमान हैं।
- यह 4.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान है।
- चीन के जे -20 लड़ाकू विमान का जवाब है जबकि पाकिस्तान के एफ-16 विमान से दो कदम आगे है।
- 70 लाख कीमत वाली हैमर मिसाइल से लैस।
- 2,130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार इसे दूसरे लड़ाकू विमानों से अलहदा बनाती है।
- यह 20 से 70 किलोमीटर की दूरी तक अचूक निशाना लगाने में माहिर है।
- रडार बचने की क्षमता और दूर से दुश्मनों पर बाज सी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बढ़ी भारतीय वायुसेना की शक्ति

आसमान के 'टाइगर' की भारत में लैंडिंग

अंबाला एयरबेस पहुंचे 5 राफेल लड़ाकू विमान

अंबाला/ए.। आसमान के 'टाइगर' राफेल लड़ाकू विमान भारत पहुंच गए हैं। दोपहर करीब 3:10 बजे 5 राफेल विमानों का पहला बेड़ा हरियाणा के अंबाला एयरबेस पर उतरा। वाटर कैनन से इन्हें सलामी दी गई। ये लड़ाकू विमान ऐसे समय भारत पहुंचे हैं, जब चीन के साथ भारत की तनातनी चल रही है। विमानों को रिसीव करने के लिए खुद वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया मौजूद रहे। राफेल की अंबाला में लैंडिंग के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। फोटोग्राफी से लेकर घर की छतों पर लोगों की मौजूदगी को बैन कर दिया गया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रखरखाव के लिए 400 करोड़ का शेल्टर

वायुसेना ने राफेल के रखरखाव के लिए भी बड़ी तैयारी की है। वायुसेना ने करीब 400 करोड़ रुपये खर्च कर राफेल के लिए शेल्टर, हैंगर और मेंटेनेंस फैसलिटी बनाई है।

चीन के लिहाज से ऐसे समझें अहमियत

अभी तक रूस से मिले सुखोई विमानों के जरिए चीन को काउंटर कर रहे भारत के पास राफेल के आने से बड़ी ताकत हासिल हुई है। इसमें लगी हैमर मिसाइल किसी भी प्रकार के बंकर या सख्त सतह को पल में मटियामेट करने की ताकत रखता है। यह किसी भी स्थिति में बेहद उपयोगी है। बेहद कठिन पूर्वी लद्दाख जैसे इलाकों में इसकी मारक क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ती है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

कोरोना काल में भले ही कई उद्योग धंधों में तालाबंदी की नौबत आ गई है, लेकिन बरनाल बनाने वाली कंपनी की तो बल्ले-बल्ले हो गई है। चीन और पाकिस्तान में बरनाल की मांग बढ़ गई है। भारत में उनके काल राफाल की पहली खेप जो पहुंच गई है। पाक तो वैसे ही जल भून कर खाक हुआ जा रहा है। पिछले साल पांच अगस्त हो कश्मीर से अनुच्छेद 370 का खत्मा हुआ था और इस साल पांच अगस्त को अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का शिलान्यास होने जा रहा है। भारत पड़ोसी धर्म निभाएं, पाक को भरपूर मात्रा में बरनाल उपलब्ध कराएं।

चंद घंटों की मोहलत में सोशल डिस्टेंसिंग गायब

व्यापारियों व आम लोगों ने छूट का समय बढ़ाने की मांग की

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर/दुर्ग/अंबिकापुर। पर्वों को ध्यान में रखते हुए रायपुर, दुर्ग अंबिकापुर आदि शहरों में 29 व 30 जुलाई की सुबह 6 बजे से 10 बजे तक किराना, राशन आदि दुकानों को खोले जाने की अनुमति दी गई। लेकिन इस दौरान लोग कोरोना संक्रमण से बचाव संबंधी सोशल डिस्टेंसिंग की गाइडलाइन का पालन भूल गए। सुबह राजधानी में दुकानों के बाहर मेला जैसा माहौल हो गया। चंद घंटों की मोहलत मिलने से जहां दुकानदार बेहाल रहे तो वहीं आमजन भी जल्द से जल्द राशन लेने के फिराक में सामाजिक दूरी का उल्लंघन करते नजर आए। जहां-जहां भी ढील दी गई वहां के लोगों व व्यापारियों ने इस ढील को बढ़ाने की मांग की। कुल लोग 10 बजे के बाद भी दुकानों के बाहर इस आस में खड़ रहे कि उन्हें सामान मिल जाए।

सुबह से ही दुकानों पर जुटने लगे लोग

जिला प्रशासन द्वारा केवल 4 घंटे की मिली छूट को देखते हुए लोग सुबह से ही दुकानों के बाहर जमा होने लगे थे। आलम यह था कि शहर के प्रत्येक मोहल्ले में संचालित किराना दुकानों के बाहर लोगों का हुजूम जुट गया था। हर किसी को जल्द से जल्द राशन सामान लेना था। दुकानों के शटर खुलते ही लोग सामान लेने के लिए टूट पड़े। दुकानदार भी परेशान हो गए कि वे लोगों को सामाजिक दूरी का पालन करने का निर्देश दे या दुकान के बाहर खड़ी ग्राहकों की भीड़ को जल्द से जल्द सामान दे। अधिकतर दुकानों में आमजनों व दुकानदारों का कहना था छूट की अवधि केवल 4 घंटे रखना और वो भी सुबह-सुबह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर में कोविड सेंटर के लिए टेंडर जारी

रायपुर में कोविड 19 केयर सेंटर निजी एजेंसियों द्वारा चलाए जाएंगे। रायपुर सीएमएचओ के आदेश पर इस संबंध का टेंडर जारी किया गया। इस टेंडर के मुताबिक एसिंटमेटिक कोविड 19 पॉजिटिव मरीजों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए निजी चिकित्सा सेवा प्रदाताओं से आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन 1 अगस्त को सीएमएचओ कार्यालय में खुलेंगे। इच्छुक एजेंसियां 31 अगस्त की शाम तक आवेदन कर सकती हैं। इस तरह अब रायपुर में असिंटमेटिक पेशेंट के कोविड 19 केयर सेंटर ठेके पर चलेंगे। उल्लेखनीय है कि रायपुर में कोरोना का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीसीसी चीफ मरकाम के बंगले में 5 संक्रमित मंत्रियों के बंगले भी हो रहे सैनिटाइज

पीसीसी चीफमोहन मरकाम के सिविल लाइन स्थित बंगले में 5 कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद अब सभी मंत्रियों और वीआईपी बंगले को सैनिटाइज किया जा रहा है। बढ़ते संक्रमण को चलते सभी मंत्रियों के बंगलों को किया जा रहा सेनेटाइज। इनमें गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पीसीसी चीफमोहन मरकाम, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव समेत सभी मंत्रियों और वीआईपी बंगलों को सेनेटाइज किया जा रहा है। बारी-बारी लोगों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। गौरतलब है कि मोहन मरकाम के बंगले में 5 संक्रमित मिले हैं।

अच्छी खबर

फलों और सब्जियों की सफाई के लिए बना हर्बीवाश

नई दिल्ली/ (वार्ता)। फलों और सब्जियों की बाहरी परत पर कीटनाशकों के प्रभाव को लेकर चिन्तित रहने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआई एचआर) बेंगलुरु ने फल एवं सब्जियों की बाहरी परत पर कीटनाशकों के अवशेष को लगभग समाप्त करने वाला 'हर्बल फॉर्मूलेशन' अर्क हर्बीवाश तैयार कर लिया है। फलों एवं सब्जियों की ऊपरी परत पर कीटनाशकों के अवशेष का प्रभाव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। आईआई एचआर ने सुरक्षित फल एवं सब्जियों के लिए 'अर्क हर्बीवाश' नामक हर्बल पाउडर तैयार किया है।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	1,558,447	34,485
अमेरिका	4,510,666	152,626
ब्राजील	2,484,649	88,634
ब्रिटेन	300,692	45,878
मैक्सिको	402,697	44,876
इटली	246,488	35,123
फ्रांस	183,804	30,223
स्पेन	327,690	28,436
ईरान	298,909	16,343
रूस	828,990	13,673

गणेशोत्सवः जारी हुई सख्त गाइडलाइन

मूर्ति से लेकर पंडाल का आकार भी तय

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस की महामारी को देखते हुए राजधानी रायपुर में गणेशोत्सव के लिए जिला प्रशासन द्वारा 20 से अधिक बिन्दुओं पर सख्त गाइड लाइन जारी की गई है। जिसमें जिला प्रशासन ने गणेश की मूर्ती की ऊंचाई से लेकर पंडाल की साइज तक निर्धारित कर दिये हैं। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जगराता भंडारा की इजाजत नहीं

एडीएम विनित नंदनवार की तरफ से जारी आदेश के अनुसार इस बार झांकी की भी अनुमति नहीं दी गयी है। मूर्ति की साइज 4x4 से ज्यादा नहीं होगी, वहीं पंडाल को भी 15x15 से ज्यादा बड़ा नहीं बनाया जा सकेगा। पंडाल के सामने कम से कम 5000 वर्ग फीट की खुली जगह होना चाहिए। पंडाल में कुर्सियां नहीं लगेगी, साथ ही 20 लोगों से ज्यादा पंडाल में मौजूद होने नहीं दिया जायेगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दर्शन के लिए आने वाले का नाम-पता होगा दर्ज

वहीं मूर्ति दर्शन के लिए आने वाले लोगों को भी अपना नाम पता और मोबाइल नंबर लिखना होगा, ताकि संक्रमित मिलने पर उसका कांटेक्ट मिल सके। पंडाल में सीसीटीवी लगाना होगा। वहीं बिना मास्क के मूर्ति दर्शन की अनुमति नहीं होगी। कोई भी कोरोना संक्रमण के किसी भी लक्षण वाले व्यक्ति को पंडाल में प्रवेश नहीं मिलेगा। वहीं अगर पंडाल में दर्शन के लिए आया व्यक्ति अगर संक्रमित होता है तो आयोजकों को पूरा खर्च उठाना होगा।

बकरीद को लेकर भी गाइडलाइन जारी

बकरीद में लॉकडाउन को लेकर कोई अतिरिक्त छूट नहीं दी जायेगी। कलेक्टर एस भारतीदासन ने साफनिर्देश दिया है कि कुर्बानी और नमाज के लिए अतिरिक्त छूट नहीं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले में कोरोना संक्रमण के रोकथाम और नियंत्रण के लिए आदेशों का अक्षरसः पालन सभी को करना अनिवार्य है। किसी भी तरह का पास जिला प्रशासन द्वारा जारी नहीं किया जाएगा व शासन के आदेश के तहत निर्धारित समयावधि में ही सीमित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नई शिक्षा नीति को केंद्रीय कैबिनेट की मिली मंजूरी

■ एचआरडी मंत्रालय का नाम बदला, कहा जाएगा शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली/ए.। शिक्षा क्षेत्र में बड़े सुधार के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को नई शिक्षा नीति को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य एजुकेशन सिस्टम को पूरी तरह बदलना है। अब उच्च शिक्षा के लिए एक ही नियामक संस्था होगी। हालांकि, त्रिभाषा फॉर्मूला को जारी रखा गया है। इसके अलावा मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक कुछ देर में इसकी घोषणा करेंगे। नया अकादमिक सत्र सितंबर-अक्टूबर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूर्व इसरो चीफ ने तैयार किया है मसौदा

1 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति की समीक्षा की थी। पूर्व इसरो चीफ के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति ने इसका मसौदा तैयार किया है। कुछ राज्यों में हिंदी को लागू किए जाने को लेकर चिंता है, लेकिन एचआरडी मंत्रालय ने इसे दूर करने का भरोसा दिया है। शिक्षा क्षेत्र के सुधारों की पीएम मोदी की ओर से समीक्षा के बाद सरकार ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राजस्थान संकट

राज्यपाल ने तीसरी बार खारिज किया विस सत्र

जयपुर/ए.। राजस्थान में राजनीतिक संकट थमता नजर नहीं आ रहा है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने एक बार फिर विधानसभा सत्र बुलाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। इस बीच मुख्यमंत्री एक बार फिर राजभवन पहुंचे। कलराज मिश्र से मुलाकात से पहले गहलोत ने कहा कि राज्यपाल ने विधानसभा सत्र बुलाने का प्रस्ताव तीसरी बार खारिज कर दिया है। वह क्या चाहते हैं, यह जानने के लिए मैं राजभवन जा रहा हूं। इससे पहले राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस 'एट होम' समारोह को रद्द कर दिया है। राजस्थान सरकार ने विधानसभा का सत्र 31 जुलाई से बुलाने के लिए एक संशोधित प्रस्ताव मंगलवार को राज्यपाल कलराज मिश्र को भेजा। हालांकि, इसमें यह उल्लेख नहीं किया है कि वह विधानसभा सत्र में विश्वास मत हासिल करना चाहती है या नहीं। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा का सत्र ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम बघेल ने कौशल्या मंदिर में सपरिवार की पूजा

बोले- चंदखुरी में शीघ्र बनेगा भव्य मंदिर

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल और परिवार के सदस्यों के साथ माता कौशल्या की जन्मभूमि चंदखुरी पहुंचकर वहां स्थित माता कौशल्या के प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि चंदखुरी में शीघ्र ही भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हो जाएगा। उन्होंने मंदिर के सौन्दर्यीकरण और परिसर के विकास के लिए तैयार परियोजना की विस्तृत जानकारी ली। ■ विस्तृत समाचार पेज 12 पर

आशंका स्मोकिंग से हाथ के जरिए कोविड 19 वायरस मुंह में जा सकता है, हवा से भी फैलता है संक्रमण

धूम्रपान से कोरोना का खतरा, केंद्र ने जारी की चेतावनी

नई दिल्ली/ए.। कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर हर रोज नई जानकारियां सामने आ रही हैं। हवा से इस जानलेवा वायरस के फैलने की विश्व स्वास्थ्य संगठन की पुष्टि के बाद अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्मोकिंग करने वाले लोगों को चेतावनी जारी की है। अभी तक धूम्रपान से कैंसर से लेकर अन्य प्रकार की बीमारियां की खबरें आम हैं लेकिन अब मंत्रालय ने बयान जारी कर धूम्रपान करने वालों को कोरोना की चपेट में जल्दी आने की आशंका जताई है। मंत्रालय के अनुसार, स्मोकिंग करने वाले लोगों का कोरोना से संक्रमित होने की आशंका ज्यादा रहती है क्योंकि स्मोकिंग के कारण कोविड-19 वायरस हाथ के जरिए मुंह में जा सकता है और स्मोकिंग करने वाला शख्स इससे प्रभावित हो जाता है। बता दें कि 32 देशों के 150 से ज्यादा वैज्ञानिकों ने दावा भी किया था कि कोरोना का संक्रमण हवा के जरिए भी हो रहा है। बाद में डब्ल्यूएचओ ने इसकी पुष्टि करते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डब्ल्यूएचओ ने भी चेताया

विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाइडलाइन ने इस बात की आशंका जताई है कि कुछ विशेष स्थानों पर कोरोना वायरस का संक्रमण हवा के जरिए फैल सकता है। इसमें भीड़ वाली जगह में एसोसल ट्रांसमिशन के साथ-साथ रेस्टोरेंट और फिटनेस क्लासेस में भी हवा के जरिए कोरोना वायरस फैलने की बात कही गई है। इस बात की भी आशंका जताई गई है कि किसी बंद जगह पर लंबे समय तक संक्रमित व्यक्ति के रहने के कारण भी कोरोना वायरस का संक्रमण उस जगह पर हवा के जरिए फैल सकता

भारत में 12 दिन 5 लाख केस

रफ्तार डराने वाली है। भारत में अब कोरोना महामारी का संक्रमण दुनिया में सबसे तेजी के साथ बढ़ रहा है। शनिवार को कोरोना वायरस टैकर के मुताबिक पिछले सप्ताह के मुकाबले इसमें 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी देखी गई है। राज्य सरकारों के मिले डेटा के अनुसार, महज पिछले 12 दिनों में देश में कोरोना के 5 लाख मामले सामने आए हैं। कुल केसों के मामले में भारत दुनिया भर में अमेरिका और ब्राजील से ही पीछे है। भारत और ब्राजील में सबसे कम टेस्ट किए गए हैं। भारत में प्रति हजार लोगों पर 11.8 और ब्राजील में 11.93 टेस्ट किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ अमेरिका में प्रति हजार लोगों पर 152.98 और रूस में 184.34 टेस्ट हो रहे हैं।

नए शासकीय अधिकारी कर्मियों के लिए तीन साल का प्रोबेशन अनिवार्य

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी में चयनित कर्मचारियों व अधिकारियों को 3 साल तक प्रोबेशन पर रहना होगा। वहीं राज्य सरकार के ब्रष्ट विभाग ने सीधी भर्ती से चयनित शासकीय कर्मचारियों को तीन साल तक दिए जाने वाले स्टायफंड को लेकर संशोधित आदेश जारी किया है। नई अधिसूचना के मुताबिक 3 साल के प्रोबेशन पीरियड में पहले साल नवनियुक्त शासकीय कर्मचारी-अधिकारी को पद के न्यूनतम वेतनमान का 70 फीसदी, दूसरे साल में 80 फीसदी और तीसरे साल में 90 फीसदी स्टायफंड दिया जाएगा।इस दौरान स्टायफंड के साथ-साथ दूसरे भत्ते शासकीय सेवकों की तरह ही दिए जाएंगे। ये आदेश सीधी भर्ती के पदों पर चयनित सेवकों में पी एस सी से चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर भी लागू होगा।

घुसपैठ की फिराक में चीन, नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में तैनाती बढ़ाई : सूत्र

नयी दिल्ली ए.। भारतीय नौसेना ने पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद के मद्देनजर चीन को स्पष्ट संदेश देने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अग्निम पंक्तियों के युद्धपोतों तथा पनडुब्बियों को बड़ी संख्या में तैनात किया है। एक शीर्ष रक्षा सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक सूत्र ने बताया कि चीन इस संदेश को समझ गया है। भारतीय नौसेना ने गलवान घाटी में 15 जून को हिंसक झड़पों में भारत के 20 जवानों की शहादत के बाद बढ़ते तनाव के बीच हिंद महासागर क्षेत्र में युद्धपोत और पनडुब्बियों को तैनात किया था। रक्षा सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि सरकार ने थल सेना, वायु सेना और नौसेना के साथ मिलकर बहुपक्षीय तरीका अपनाते हुए तथा राजनयिक एवं आर्थिक कदमों के साथ चीन को यह कड़ा और स्पष्ट संदेश दिया है कि पूर्वी लद्दाख में उसका दुस्साहस बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हालात से निपटने में और चीन को भारत के स्पष्ट संदेश से अवगत कराने में समन्वित प्रयासों के लिए तीनों सेना प्रमुख नियमित रूप से बातचीत कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, ''हां, चीन हमारे संदेश को समझ गया है।'' क्या चीन ने भारत द्वारा की गयी तैनातियों पर कोई प्रतिक्रिया दी है, इस पर

सूत्रों ने कहा कि आईओआर में चीनी जहाजों की गतिविधियां बढ़ती नहीं दिखाई दीं। उन्होंने कहा कि इसका कारण यह हो सकता है कि क्षेत्र में बीजिंग के विस्तारवादी क्षेत्रीय दावों पर अमेरिका के कड़े विरोध के बाद दक्षिण चीन सागर में पीएलए की नौसेना ने बड़ी संख्या में अपने संसाधनों को लगाया है। अमेरिका ने नौवहन की स्वतंत्रता का संदेश देने के लिए दक्षिण चीन सागर में बड़ी संख्या में युद्धपोत भेजे थे और इस क्षेत्र में चीन के साथ क्षेत्रीय विवाद रखने वाले देशों को समर्थन जताया था। भारतीय नौसेना तेजी से उभरते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर अमेरिका तथा जापान जैसे अनेक मित्र देशों के नौसैनिक बलों के साथ अपने अभियान संबंधी सहयोग को भी बढ़ा रही है। भारतीय नौसेना ने पिछले कुछ हफ्तों में आईओआर में अमेरिका, फ्रांस तथा जापान की नौसेनाओं के साथ अभ्यास किये हैं जिसे चीन को संदेश देने के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी नौसेना के साथ अभ्यास में परमाणु ऊर्जा संचालित विमान वाहकपोत यूएसएस निमित्ज के नेतृत्व वाला समूह शामिल रहा। भारतीय नौसेना क्षेत्र में समान विचार वाले देशों की नौसेनाओं के साथ भी सहयोग बढ़ा रही है ताकि समुद्र में संचार के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखा जा सके। भारत, जापान और अमेरिका उस 'चतुष्कोणीय गठबंधन' का हिस्सा हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है। चारों देशों ने नवंबर 2017 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिहाज से नयी रणनीति विकसित करने के लिए 'चतुष्कोणीय गठजोड़' को आकार दिया था। गलवान घाटी के संघर्ष के बाद वायु सेना ने पूर्वी लद्दाख के प्रमुख वायुसैनिक केंद्रों तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अन्य स्थानों पर भी अपने अगली पंक्ति के लगभग सभी लड़ाकू विमानों को तैनात कर दिया था जिनमें सुखोई 30 एमकेआई, जगुआर और मिराज 2000 शामिल हैं।

अफगानिस्तान से लेकर सीरिया तक में तबाही मचा चुका है राफेल जेट

सात युद्धकलाओं में माहिर

पेरिस ए.। दुनिया के सबसे घातक फाइटर जेट में शुमार राफेल बुधवार को भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन गया। चीन और पाकिस्तान के दोहरे मोर्चे से निपटने के लिए भारत ने फ्रांस से 36 राफेल विमान का करार किया है। राफेल फाइटर जेट की संहारक क्षमता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह परमाणु बम ले जाने समेत 7 तरीके की युद्ध कला में माहिर है। राफेल की इसी बेजोड़ ताकत के बल पर फ्रांसीसी वायुसेना लीबयिा से लेकर अफगानिस्तान तक में तबाही मचा चुकी है।

करीब 2130 किलोमीटर की रफ्तार से दुश्मन पर हमला बोलने वाले राफेल का शाब्दिक अर्थ 'आग का गोला' है। राफेल हैमर, मीका, मिटऑर जैसी बेहद खतरनाक मिसाइलों से लैस है। राफेल फाइटर जेट एयर सुप्रीमेसी, दुश्मन को रोकने, हवाई निगरानी, जमीनी सैनिकों की मदद, दुश्मन के घर में घुसकर वार करने, समुद्र में दुश्मन के जंगी जहाजों पर हमला करने और सबसे महत्वपूर्ण परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम है। इस तरह एक ही राफेल फाइटर जेट 7 तरीके की भूमिका बखूबी निभाने में सक्षम है। राफेल 3700 किमी की रेंज तक दुश्मन को बर्बाद कर सकता है।

अलकायदा के ठिकानों पर टूट पड़े थे राफेल

वर्ष 2001 में लेवा में आने के बाद राफेल जेट अब तक अफगानिस्तान, लीबिया, माली, इराक और सीरिया के युद्ध में तबाही मचा चुके हैं। अमेरिका में 9/11 के हमले के बाद अमेरिका ने अलकायदा के कुख्यात आतंकी ओसामा बिना लादेन के ठिकानों पर हमला बोला। इस युद्ध में नाटो देशों ने उसकी मदद की और बाद में फ्रांस की सेना भी इस जंग का हिस्सा बनी। दुनिया की इस सबसे लंबी लड़ाई में वर्ष 2007 में फ्रांस ने अपने राफेल विमानों को मैदान में उतार दिया। लेजर गाइडेड बमों से लैस राफेल विमानों ने तजाकिस्तान के टुशांबे एयरबेस और फ्रांसीसी वायुसेना के एयरक्राफ्ट कैरियर चार्ल्स द गॉल से उड़ान भरकर अफगानिस्तान में अलकायदा और तालिबान के ठिकानों जमकर कहर बरपाया। अफगानिस्तान की जंग से ही राफेल जेट का दुनिया के युद्धक्षेत्र में पदार्पण हुआ। अगले 4 साल तक राफेल ने अफगानिस्तान में अलकायदा के ठिकानों पर बम बरसाना जारी रखा।

...जब आईएसआईएस आतंकियों का काल बने राफेल

राफेल विमान अफ्रीकी देश माली में कहर बरपा चुके हैं। माली में राफेल विमान करीब 9 घंटे 35 मिनट तक हवा में रहे और 21 ठिकानों को बर्बाद किया था। राफेल विमानों ने वर्ष 2014 में इराक में कुख्यात आतंकी संगठन आईएसआईएस के ठिकानों को भीषण बमबारी करके बर्बाद कर दिया था। इस हमले में कई आईएसआईएस आतंकी मारे गए थे। राफेल की सबसे बड़ी ताकत इसकी विलार मिसाइलें हैं। राफेल फाइटर जेट को दुनिया की सबसे घातक हवा से हवा में मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइलों से लैस किया गया है। यह मिसाइल आंखों से नजर न आने वाले दुश्मन के फाइटर जेट को 100 किमी दूरी से मार गिरा सकती है। राफेल फाइटर जेट की सबसे बड़ी खासियत इसकी स्काल्प क्रूज मिसाइलें है जो दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाने में सक्षम है।

कर्नल गद्दाफी के ठिकानों पर बरसाए बम

वर्ष 2011 में फ्रांसीसी एयरफोर्स और नेवी ने लीबिया में कर्नल गद्दाफी की सेना के खिलाफ जोरदार हमला बोला। राफेल विमानों ने लीबिया के शहर बेनगाजी और राजधानी त्रिपोली को निशाना बनाया। राफेल यान पर हमला करने वाले पहले लड़ाकू विमान थे। राफेल के स्कैल्प क्रूज मिसाइलों, हैमर और लेजर गाइडेड बमों के आगे गद्दाफी की सेना टिक न सकी। लीबिया में राफेल ने टैंक, आर्मर्ड वीइकल, हथियारों के डिपो, कमांड सेंटर, हवाई ठिकाने और एयर डिफेंस सिस्टम समेत सैकड़ों लक्ष्यों को मटियामेट कर दिया।

हाल ही में तुर्की के एयरबेस पर राफेल का हमला

करीब 20 दिन पहले ही राफेल लड़ाकू विमानों ने लीबिया में स्थित तुर्की के अल वातिया एयरबेस पर जबरदस्त हमला बोला है। इसमें तुर्की के कई एनेल, ड्रोन और पैसेंजर विमान एयरक्राफ्ट बर्बाद हो गए। दावा किया जा रहा है कि हमले में तुर्की के कई सैनिक भी घायल हुए हैं। द अरब वीकली की रिपोर्ट के अनुसार, लीबिया को लेकर मिस्र और तुर्की के बीच तनाव चरम पर है। तुर्की ने लीबिया की राजधानी त्रिपोली से 125 किलोमीटर दूर नूफत अल कमस जिले में अल वातिया एयरबेस पर अपने फाइटर जेट, ड्रोन और मिसाइल सिस्टम को तैनात किया है। इसे मिस्र और फ्रांस अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताते रहे हैं। मिस्र ने कई बार इसे लेकर तुर्की को चेतावनी भी दी थी। इस रिपोर्ट के अनुसार, हाल में ही तुर्की के रक्षा मंत्री हुलुसी अकार ने त्रिपोली की यात्रा की थी। माना जा रहा है कि इसी के जवाब में मिस्र और फ्रांस ने इस हवाई हमले को अंजाम दिया है।

बालाकोट एयर स्ट्राइक के मास्टरमाइंड धनोआ ने कहा

राफेल के आसपास भी नहीं भटक सकता चीन का जे20

नई दिल्ली ए.। अब से कुछ ही देर में बहुप्रतिक्षित राफेल फाइटर जेट की भारत में लैंडिंग होने वाली है। अंबाला में इसे भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही इंडियन एरफोर्स और ताकतवर हो जाएगी। भारत के पूर्व वायु सेना प्रमुख बीरेंद्र सिंह धनोआ ने इस लड़ाकू विमान की तारीफ करते हुए कहा कि चीन का जे20 इसके आसपास भी नहीं आ सकता है।

बालाकोट में आतंकी कैंपों पर एयरस्ट्राइक की रणनीति बनाने वाले पूर्व वायु सेना प्रमुख ने हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ बात करते हुए कहा, 'राफेल अपने शीर्ष इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट के साथ, विजुअल रेंज के बार के

मिसाइल और एससीएएलपी हवा से अपने हथियार के साथ जमीन पर मार करने की क्षमता के साथ चीनी एयरफोर्स के हर तरह के दुस्साहस को जवाब देनें में सक्षम हैं।'

उन्होंने कहा, 'यदि भारतीय वायुसेना दुश्मन के हवाई हमलों को नष्ट करने और दुश्मन के हवाई बचाव को तोड़ने में सफल रहती है, तो होटन, ल्हासा और गोंगगर हवाई अड्डे पर तैनात चीनी लड़ाकू विमान टारगेट में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि होटन में करीब 70 चीनी विमान बिना सुरक्षा के तैनात हैं और करीब 26 विमानों को एक सुरंग के अंदर खड़ा किया जा सकता है। पूर्व एयर चीफ मार्शल धनोआ चीन के जे-20 की पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के खतरे को अच्छी तरह से पहचानते हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि भारतीय वायुसेना राफेल और एसयू-30 एमकेआई के साथ खराब स्थिति में भी चीनी वायुसेना के हर चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम होगी। उन्होंने फिर इस बात को दोहराया कि राफेल एक गेम चेंजर है।

अब देश के दुश्मन करें चिंता : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली ए.। बरसों से जिस ताकतवर लड़ाकू विमान राफेल का इंतजार हो रहा था, आज डेढ़ार बाद पांच फाइटर जेट ने अंबाला के एयरबेस पर गरजते हुए लैंडिंग की। इसके ठीक बाद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश को जानकारी दी कि फाइटर्स अंबाला में सुरक्षित तरीके से लैंड कर चुके हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 'भारत में राफेल लड़ाकू विमानों का पहुंचना हमारे सैन्य इतिहास में एक नए युग की शुरुआत है। यह मल्टीरोल एयरक्राफ्ट निश्चित ही हमारी वायुसेना की ताकत को बढ़ाएगे।' राजनाथ ने दो टूक कहा कि अब किसी को अगर भारतीय वायुसेना की ताकत को लेकर चिंता करना चाहिए तो उन्हें जो हमारी बेबीर अखंडता को खतरे में डालना चाहते हैं। राजनाथ सिंह ने सिलसिलेवार तरीके से कई ट्वीट किए। उन्होंने लिखा, 'मैं भारतीय वायुसेना को बधाई देता हूं। मुझे यकीन है कि 17 स्क्वॉइन, गोल्डन एरो अपने मिशन पर काम करता रहेगा। मुझे बेहद खुशी है कि आईएएफ की युद्धक क्षमता में समय पर बढ़ोतरी हुई है। रक्षा मंत्री ने राफेल के अंबाला में लैंडिंग का वीडियो भी शेयर किया है। राजनाथ ने कहा कि राफेल जेट स्वदेशी नाए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के साथ सरकारी समझौता के माध्यम से इन विमानों को शामिल करने का सही फैसला लिया।

राफेल आगमन पर देश ने पूर्व रक्षा मंत्री को किया याद

डील पर दस्तखत करते मनोहर पर्रिकर की तस्वीरें वायरल

नई दिल्ली ए.। आज जब पांच राफेल फाइटर जेट्स की पहली खेप भारत पहुंच चुकी है तब फ्रांस के साथ इसकी डील करने वाले तत्कालीन रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर की बड़ी शिद्दत से याद आ रही है। देशवासियों का पर्रिकर के प्रति प्यार को ट्विटर पर महसूस किया जा सकता है जहां राफेल डील पर साइन करते पर्रिकर की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। 17 मार्च, 2019 को पर्रिकर का कैंसर के कारण निधन हो गया था। ट्विटर हैंडल @Shomes_quest ने लिखा, 'स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर जी के कारण यह सब संभव हो पाया है। आज भारत राफेल समेत कई रक्षा खरीद को अंजाम दे रहा है। उन्होंने ही रक्षा खरीद के लिए अमेरिकी अकाउंट में रखे गए 3 अरब डॉलर से ज्यादा रकम की याद दिलाई।' ट्विटर हैंडल @7ru7h_1 ने 23 सितंबर, 2016 की डील वाली तस्वीर साझा करते हुए पूर्व रक्षा मंत्री को याद किया। उन्होंने लिखा, '36 राफेल की डील पर तत्कालीन रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने दस्तखत की थी।

दुनिया की इन पनडुब्बियों पर भारत की नजर

समुद्र में भी चीन-पाक की खैर नहीं

मास्को ए.। राफेल लड़ाकू विमानों के भारत पहुंचने के बाद रक्षा मंत्रालय का पूरा ध्यान अब सालों से अटके स्कॉर्पियन क्लास अटैक सबमरीन प्रोजक्ट पर केंद्रित हो गया है। हिंद महासागर में चीन-पाक के बढ़ते खतरे को देखते हुए भारतीय नौसेना ने अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने की तैयारियों को तेज कर दिया है। नौसेना के लिए प्रोजक्ट 75आई के तहत 6 अत्याधुनिक पनडुब्बियों को बनाने का काम तेज किया जाएगा।

स्टेल्थ तकनीकी से लैस होंगी ये पनडुब्बियां

प्रोजेक्ट-75 आई के तहत डीजल इलेक्ट्रिक पॉवर से चलने वाली 6 पनडुब्बियों को बनाने के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय ने 20 जून 2019 को भारतीय रणनीतिक साझेदारों को प्रस्ताव के लिए आग्रह (एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट) जारी किया था। ये पनडुब्बियां रडार की पकड़ में नहीं आने वाली प्रौद्योगिकी (स्टेल्थ तकनीकी) से लैस होंगी।

चार साल से अटका है प्रोजक्ट

यह प्रोजक्ट पिछले चार साल से अटका पड़ा हुआ है। इसे लेकर सबसे पहले 2017 में बातचीत शुरू की गई थी। जिन्हें मेक इन इंडिया कैटेगरी के तहत बनाने की योजना है। जिस भी विदेशी साझीदार के साथ इन पनडुब्बियों को बनाने के लिए समझौता होगा उन्हें इसे भारतीय पार्टनर के साथ मिलकर देश में ही इन्हें बनाना होगा। इन 6 पनडुब्बियों को बनाने की परियोजना की लागत लगभग 45 हजार करोड़ रुपये है।

ये विदेशी कंपनियां हैं लाइन में

जब 2017 में इस परियोजना के लिए निविदा जारी की गई थी तब दुनिया की चार शीर्ष विदेशी कंपनियां सामने आई थीं। इनमें फ्रांस की कंपनी नावन ग्रुप, रूस की रोसोबोरोन एक्सपोटर्स रुबिन डिजाइन ब्यूरो, जर्मनी की थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स और स्वीडन की साब ग्रुप शामिल हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं में से किसी एक कंपनी को यह टेंडर दिया जा सकता है।

अदालत का फेसबुक, गूगल को शशिकला को लेकर आपत्तिजनक सामग्री हटाने का निर्देश

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को फेसबुक और गूगल को भाजपा नेता शशिकला पुष्पा से संबंधित कथित अपमानजनक सामग्री हटाने का निर्देश दिया है। भाजपा नेता ने दावा किया कि एक व्यक्ति के साथ उसकी तस्वीरों और वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर डाला गया जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है।न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने मुकदमे के खर्च के रूप में शशिकला पुष्पा को दो-दो लाख रुपये देने का भुगतान करने के लिये फेसबुक इंक के साथ ही गूगल एलएलसी और यूट्यूब एलएलसी को एकल न्यायाधीश के दो जून को फैसले पर भी रोक लगा दी।वीडियो कांफ्रेंस के जरिए सुनवाई कर रही खंडपीठ ने अन्ना द्रमुक की पूर्व नेता शशिकला की अपील पर नोटिस जारी किया और सोशल मीडिया कंपनियों को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस अपील में दो जून के फैसले को चुनौती दी गई।अदालत ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए तीन सितंबर की तारीख तय की। उच्च न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में कहा, ''इस बीच प्रतिवादियों (फेसबुक, गूगल और यूट्यूब) को फौरन आपत्तिजनक सामग्री हटाने का निर्देश दिया जाता है।''फेसबुक, गूगल और यूट्यूब ने पीठ के समक्ष दलील दी कि वे केवल मध्यस्थ हैं और अपने प्लेटफॉर्म्स पर कोई सामग्री अपलोड नहीं करते।फेसबुक और गूगल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील क्रमशः मुकुल रोहतगी और अरुण कटपालिया ने कहा कि वे उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे और फौरन सामग्री हटाएंगे।शशिकला की वकील रिचा कपूर ने उन यूआरएल की सूची भी मुहैया करायी जिन्हें हटाया जाना है।

तनाव : अमेरिका को धमकी देने के इरादे से ईरान ने एयरक्राफ्ट कैरियर पर दागी मिसाइल

तेहरान ए.। ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने मंगलवार (28 जुलाई) को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होरमुज़ जलडमरूमध्य में एक नकली विमान वाहक पोत पर हेलीकॉप्टर के जरिए मिसाइल से हमला किया। यह एक मॉक ड्रिल था, जिसका उद्देश्य तेहरान और वॉशिंगटन में बढ़े तनावों के बीच अमेरिका को धमकी देना था। ईरान के स्टेट टेलीविज़न की रिपोर्ट में बताया गया है कि ईरानी कमांडो भी ÷ग्रेट प्रोफेट 14÷ नामक अभ्यास के दौरान विमान वाहन की इस प्रतिकृति पर एक हेलीकॉप्टर से तेजी से हमला करते नजर आए। अन्य फुटेज में एक हेलीकॉप्टर को प्रतिकृति पर एक मिसाइल दागते हुए दिखाया गया, जिसमें बोर्ड पर 16 फर्ज़ी फाइटर जेट्स थे, जबकि तेज नौकाओं ने जहाज को घेर लिया, जिससे समुद्र में सफेद लहर दौड़ गई।

ईरानी सैनिकों ने ड्रोन को लक्ष्य कर एक जगह से एंटी-एयरक्राफ्ट बैटरियों से भी निशाना साधा। स्टेट टेलीविजन की रिपोर्ट के अनुसार, यह अभ्यास बंदर अब्बास के पास किया गया। विमान वाहक पोत की प्रतिकृति निमित्ज़-श्रेणी जैसी दिखती है जिसे अमेरिकी नौसेना नियमित रूप से जलमार्ग के संकीर्ण हिस्से- होरमुज के जलडमरूमध्य से फारस की खाड़ी भेजती रहती है। यूएसएस निमित्ज श्रेणी का यह पोत पिछले सप्ताह ही हिंद महासागर से मध्य-पूर्व के समुद्री क्षेत्र में आया है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह पोत होरमुज की खाड़ी के रास्ते आगे बढ़ जाएगा या यहीं रुका रहेगा।

■ न्यूज गैलरी

कार लेने के बाद दिया फर्जी चेक, मामला दर्ज

रायपुर। ओलेक्स पर कार बेचने का विज्ञापन देखकर ठग ने बांउस चेक देकर कार ले गया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। सेक्टर 2 बजाज कालोनी राजेन्द्रनगर निवासी रवि वाधवानी 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी ने मारुती 800 कार क्रमांक सीजी 07 जेडडी 2958 को बेचने के लिये ओलेक्स साइड पर विज्ञापन डाला था। विज्ञापन देखकर 17 जुलाई को रात्रि 9 बजे एकतानगर खोंगापानी मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया निवासी सुमीर दास भनपुरी श्रीराम पेट्रोलपंप के पास मिलने आया व कार का सौदा 36 हजार रुपये में तय होने पर एक चेक क्रमांक 164810 दिया व कार लेकर चला गया। दूसरे दिन चेक बैंक में लगाने पर बाउन्स हो जाने पर कॉल करने पर आरोपी ने जल्द ही बैंक में रुपये जमा कराने की बात कहने लगा व उसके बाद से आज तक वह पैसे देने के लिये घुमा रहा है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध कायम कर ठगी का मामला दर्ज कर लिया है।

सिगरेट,गुटखा बेचते पकड़ाया,मामला दर्ज

रायपुर। लॉकडाउन के दौरान सिगरेट,गुटखा बेचते पाये जाने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से सिगरेट,गुटखा जब्त किया है। मंगलवार को मुखबिर की सूचना लॉकडाउन के दौरान कुकरेजा फार्म हॉउस महावीरनगर में बिना मास्क घर के सामने खड़े होकर सिगरेट,गुटखा व बीड़ी बेचते पाये जाने पर भगवानदास पंजवानी 47 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके पास गुटखा,सिगरेट,बीड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गये सामान की कीमत 5 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ लॉकडाउन के दौरान शासन के नियमों का उल्खंन करने के जुर्म में धारा 269,270 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

अज्ञात भ्रूण फेंकने वाली के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर। शहर में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध संबंधों के चलते आए दिन भ्रूण हत्या की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। अवैध प्रेम संबंधों के चलते गर्भवती होने पर लोक लाज के मारे भ्रूण फेंकने की घटनाओं में एकाएक वृद्धि देखने को मिल रही है। धरसींवा थाने से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अज्ञात महिला द्वारा 4-5 माह का भ्रूण इंदिरा आवास के पीछे दामादपारा सिलतरा में फेंका गया। पुलिस ने उक्त मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ मर्ग कायम कर आईपीसी की धारा 318 के तहत मामला पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरू कर दी है।

जिला पंचायत से जुड़े महिला समूह ने सजाया महिला शिल्प बाजार

सब्जी के बीज, बांस, गोबर और रेशम के धागे से बनी राखियां रायपुरवासियों की बनी पहली पसंद

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उजाला ग्राम समूह की महिलाओं द्वारा बनाई गई राखियां रायपुरवासियों की पहली पसंद बनी हुई हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर जुटे इस समूह की महिलाओं की अनूठी कलाकारी शहरवासियों को काफी लुभा रही है। महिलाओं का यह समूह राखी ही नहीं बल्कि चॉकलेट, जैविक साबुन, हर्बल टी, अगरबत्ती, फिनायल, सेनेटाइजर, फेस शील्ड, बल्ब, मास्क- नार्मल और डिजाइनर, कोलगेट, कुकीज़, रागी, मुनगा, कोदो, वेलवेट पेंसिल, मोमबत्ती नार्मल और डिज़ाइनर आदि सामग्री भी तैयार कर रहा है।

डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बताया कि आज इन महिलाओं द्वारा बनाई गई सामग्री को मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के सामने दुकान लगाकर विक्रय हेतु रखा गया, जिसकी खरीदी के लिए ग्राहकों का काफी रुझान देखा गया है। शहरवासी इन महिलाओं द्वारा बनाई गई सभी सामग्रियों को काफी पसंद किए और अधिक से अधिक मात्रा में खरीदी किए। उन्होंने बताया कि महिलाओं का यह समूह इस साल बच्चों के लिए खास डिजाइनर राखियां भी तैयार किया है जिसे लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। गोबर, बांस, सब्जी के बीज और रेशम के धागे द्वारा तैयार की गई महिलाओं समूह की इन राखियों को काफी पसंद किया जा रहा है।

अनुकम्पा नियुक्ति के लिए लागू तृतीय श्रेणी के पदों से 10 फीसदी कोटा हटाने की कर्मचारी संघ ने शासन से मांग की

■ **लंबित अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तर पर शिविर लगाने की मांग**

परिवीक्षा अवधि बढाना और वेतन में कटौती अनुचित

केबिनेट के एक अन्य निर्णय के परिपालन में वित्त विभाग द्वारा 28 जुलाई को जारी आदेश में सीधी भर्ती हेतु परिवीक्षा में नियुक्त किये जाने वाले कर्मचारियों के निश्चित(फिक्स)वेतन में कटौती कर क्रमशः साल दर साल वृद्धि करना भी एक अजीब निर्णय है,देश में ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करने वाला छत्तीसगढ़ पहला प्रदेश है, साथ ही परिवीक्षा अवधि को भी 2 वर्ष से बढ़ाकर 3 वर्ष करने का अनुचित आदेश भारी करने वाला छत्तीसगढ़ पहला प्रदेश होगा। कर्मचारियों को अपने को नियमित कर्मचारी घोषित करने अब एक साल अधिक इंतजार करना होगा।दोनों ही निर्णय के आदेश कर्मचारी हित मे नहीं है, वित्तीय अनुशासन के नाम पर आई ए एस अफसरों के सलाह पर सरकार द्वारा कर्मचारी जगत के लिये जो ले आलोक तात्किक निर्णय से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है, इसलिए सरकार को इन निर्णयों पर पुनर्विचार कर इसे निरस्त कर देना चाहिए।

रायपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के अध्यक्ष तथा राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने सरकार द्वारा दिवंगत शासकीय सेवको के अवयस्क परिजनों को बालिग होने पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने के केबिनेट में लिये गए निर्णय को स्वागत योग्य मानते हुये कहा है, कि जब तक अनुकम्पा नियुक्ति नियमावली में तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के पदों से 10 प्रतिशत कोटा (सीलिंग) के प्रावधान को हटाया नही जायेगा, तब तक कोई भी तत्कालीन लाभ दिवंगत शासकीय सेवक के परिजनों को इस आदेश से नही मिलेगा। इस कारण सरकार का यह महत्वपूर्ण केबिनेट का निर्णय निरर्थक बनकर रह जायेगा।

उल्लेखनीय है कि अनुकम्पा नियुक्ति नियम में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के लिये कोई कोटा (सीलिंग) निर्धारित नही है परन्तु तृतीय श्रेणी के पदों में कोटा निर्धारित होने के कारण रिक्त पदों के पर वर्षो से अनुकम्पा नियुक्ति बाधित है और हर विभाग में मृत शासकीय सेवको के परिजनों द्वारा तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति चाहे जाने के कारण नियमावली में सीलिंग के वजह से अनुकम्पा नियुक्ति के सैकड़ों आवेदन रिक्त पद होते हुए भी अनिर्णय के हालत में विभागों में पड़े हुए हैं और परिजन अनुकम्पा नियुक्ति के लिये दर दर भटक रहे हैं और अंत मे थक हारकर नोकरी खोने के भय से तृतीय श्रेणी के पद पर नियुक्ति में देर होने से कारण कई महीने के वेतन भत्ते गवानें के बाद स्नातक-स्नातकोत्तर होने के बावजूद चतुर्थ श्रेणी के चौकीदार-चपरासी जैसे पदों पर नियुक्ति को बाध्य होकर मान्य करने को मजबूर हो रहे है। जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि यह अनुकम्पा नियुक्ति नियमावली पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बनाया गया है,इसको तैयार करने में संवेदनशीलता को ताक में रख दिया गया है इसमें आई ए एस अधिकारियों की विशेष भूमिका रही है, जिन्हें दिवंगत शासकीय सेवको के परिजनों के दुख से कोई वास्ता नही होने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति को बाधित करने हेतु जानबूझकर ऐसा किया गया है।

एमएमआई हास्पिटल में पुराने ट्रस्टी काबिज

रायपुर। एमएमआई हास्पिटल रायपुर का उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ में विचाराधीन मामले के निराकरण के पश्चात आज एमएमआई हास्पिटल में पुराने महेन्द्र कुमार धाड़ीवाल ग्रुप ने सुबह 11 बजे पहुंचकर कार्यभार व पदभार ग्रहण किया। ज्ञातव्य है कि एमएमआई जनरल बाडी में बिना बहुमत के बायलॉस के उल्लंघन का मामला सुलझते ही पुराने स्थाई मेंबरों में यथा डॉ. हरक जैन लूनकरण श्रीश्रीमाल, जगदीप गरचा, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य सदस्यों का एमएमआई हास्पिटल परिसर में पहुंचते ही गर्मजोशी से स्वागत हुआ। मीडिया को जानकारी देते हुए महेन्द्र धाड़ीवाल ने बताया कि उक्त हास्पिटल धर्मार्थ हास्पिटल के रूप में बनाया गया था। पूर्व की भांति मरीजों को प्रदेश में रियायत दर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं छत्तीसगढ़ शासन से तालमेल कर विभिन्न योजनाओं के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी मरीजों को दिया जाएगा।

राज्य में हल्की से मध्यम बारिश के ही आसार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में झमाझम बारिश का इंतजार करने वालों को अभी और सब्र करना पड़ेगा। राजय के निकट कोई मजबूत सिस्टम न होने के चलते अभी केवल हल्की से मध्यम बारिश के ही आसार बने हुए हैं।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो वर्तमान में मानसूनी द्रोणिका फिरोजपुर, हिसार, गुरूग्राम, ग्वालियर, बांदा, रींवा, डाल्टनगंज, दुमका ओर इसके बाद पूव्र की ओर होते हुए असम, नागालैण्ड तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिम विदभ्र से दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश तक तेलंगाना होते हुए 1.5 किलोमीटर की ऊंचाइ्र पर स्थित है। वहीं एक चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश ओर इसके आसपास के इलाकों में 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है। राज्य में आज व कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना बनी हुई है। राज्य के प्रमुख शहरों में अधिकतम तापमान में फिल्हाल कोई विशेष परिवर्तन के आसार नहीं हैं। ज्ञात हो कि राजधानी रायपुर में पखवाड़े भर बाद दोपहर से ही मौसम का मिजाज बदलना शुरू हो गया था। दोपहर 3 बजे के आसपास आसमान में छाए बादल घने होते गए और इसके बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जो करीब एक घंटे तक चली। शहर में कल शाम हुई बारिश से उमस से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन आज सुबह से ही निकली चटख धूप ने एक बार फिर से लोगों को उमस व चिपचिपी गर्मी से बेहाल कर दिया है। कल शाम हुई बारिश से वातावरण में उमस व्याप्त हो गया है।

राज्यपाल को एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सीएम, विस अध्यक्ष एवं मंत्रियों ने दी शुभकामनाएं

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को उनके एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने फोन करके हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। राज्यपाल ने भी उन्हें धन्यवाद दिया। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम एवं नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विष्णुदेव साय सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने राज्यपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा पदभार ग्रहण किया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य कृषक कल्याण परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने आज यहां शंकर नगर स्थित कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के निवास कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविंद्र चौबे ने उन्हें नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्री चौबे ने कहा कि सुरेंद्र शर्मा कृषक है। खेती-किसानी और किसानों की स्थिति की उन्हें अच्छी जानकारी है। उनके मार्गदर्शन में कृषक कल्याण परिषद किसानों के हितों में संचालित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों का लाभ बेहतर तरीके से पहुंचाने में सफल होगी। इस अवसर पर मछुआ कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष एम. आर. निषाद, छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष धनेश पाटिला एव अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जायजा नागरिकों की सुविधा व बेहतर उपचार के लिए अस्पताल किया गया 300 अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था

मुख्यंत्री भूपेश बघेल रख रहे सभी का ख्याल : विकास

■ **शासकीय आयुर्वेदिक कालेज में अब कोरोना का होगा उपचार**

■ **राज्य सरकार कंटेनमेंट जोन में फंसे परिवारों तक पहुँच रहा राशन**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य की भूपेश बघेल सरकार ने कोरोना संक्रमण से निपटने हर संभव प्रयास शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शासकीय आयुर्वेदिक कालेज को भी अपेडेट करते हुए इसे कोरोना संक्रमण के उपचार के लिए मान्य कर दिया है। रायपुर पश्चिम के विधायक व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस संबंध में चर्चा की थी कि एम्स में मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या को देखते हुए आयुर्वेदिक कालेज में भी कोरोना उपचार के लिए व्यवस्था की जाए इससे आम नागरिकों को काफी सहुलियत हो जाएगी। इसके बाद राज्य सरकार ने आयुर्वेदिक कालेज को भी अब कोरोना उपचार के लिए मान्य कर दिया है। यहां उपचार के लिए जरूरी सभी संसाधन आदि भी मुहैया करा दिया गया है। राज्य सरकार की मंशानुरूप अब कंटेनमेंट जोन में फंसे जरूरतमंद परिवारों तक राशन भी पहुंचाया जा रहा है। रायपुर पश्चिम के विधायक व संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय ने आज नगर निगम आयुक्त सौरभ कुमार व जोन कमियनर चंदन शर्मा के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

रायपुर पश्चिम के विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने आज आयुर्वेदिक कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर अस्पताल में तत्काल 300 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कराई। शासकीय आयुर्वेदिक कालेज में अब कोरोना मरीजों के उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। विधायक श्री उपाध्याय ने अस्पताल प्रबंधन से अस्पताल में उपलब्ध सभी संसाधनों की जानकारी ली तथा भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अस्पताल में इस समय मरीजों के लिए सीसीटीवी कैमरा, प्रत्येक वार्ड में मरीजों की स्थिति पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मरीजों के लिए प्रत्येक वार्ड में विशेष माइक की व्यवस्था की गई है जहां से वे आपातकाल या अन्य जरूरत होने पर तत्काल चिकित्सक से बातचीत कर सकते है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप कंटेनमेंट जोन में फंसे जरूरतमंद परिवारों तक अब राशन भी पहुंचाया जा रहा है।

राज्य में कोरोना के बढ़ते मामलों के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने राज्य में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार पर चिंता जताते हुए कहा कि संक्रमण को लेकर अब प्रदेशवासियों में भय व्याप्त हो गया है। वहीं राज्य सरकार भी घबरा गई है कि आखिर इस पर नियंत्रण कैसे करे।

श्री कौशिक ने कहा कि इस समय प्रदेश में संदेही लोगों की जांच के लिये सैम्पल भी नहीं लिये रहे हैं। जिसके चलते परिस्थितियां और चिंताजनक बनती जा रही है।लैब की सख्या कम होने से समय पर जांच भी नहीं हो पा रहा है। जिससे अनिश्चिति का वातावरण बना हुआ है। जिसे लेकर भी प्रदेश सरकार पर लगातार सवाल उठ रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच नहीं होने संक्रमण के फैलाव का खतरा और बढ़ता जायेगा। इसके लिये जिम्मेदार कौन होगा। कोरोना मुक्ति अभियान को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से नाकाम है। इधर प्रदेश के अन्य तीन स्थानों पर जो लैब शुरू किए जाने थे अब तक उसकी शुरुआत तक नहीं हुई है। इसकी वजह से भी जिलों में जांच प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन दस हजार नमूने के जांच का लक्ष्य था, लेकिन पांच हजार के आसपास भी जांच नहीं किये जा रहे थे। ऐसे में कोरोना को लेकर वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पा रहा है। उन्होंने कहा कि संक्रमित व्यक्तियों के परिवार के लोगों की भी जांच नहीं हो रही है। वहीं आम जनमानस को भी बेहतर सुविधा देने में प्रदेश की सरकार नाकाम है। कोराना के उपचार के लिये गैर सरकारी अस्पतालों की संख्या भी सीमित है। सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधा के अभाव में संक्रमण का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि कोरोना से लड़ने के लिए जब कई महीने पहले से तैयारी की जा रही है तो उस समय स्वास्थ्य अमला की भर्ती क्यों नहीं की गई। अभी जब स्थिति चिंताजनक होती जा रही है तब स्वास्थ्य अमला के भर्ती की जा रही है। इस फैसले ने प्रदेश सरकार के कामकाज पर सवाल उठता है। उन्होंने कहा कि इस विषम परिस्थिति में हम सब के साथ हैं और प्रदेश सरकार को चाहिए कि बेहतर फैसले लेकर कोरोना के विरूद्ध जारी युद्ध में अहम कदम उठाना चाहिये। ताकि कोरोना पर पूर्णता अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि संक्रमित मरीजों के लिये पर्याप्त एम्बुलेंस की सुविधा भी नहीं है। साथ ही संक्रमित व्यक्तियों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी कोरोना जांच नहीं की जा रही है।

संपादकीय

पाक के नापाक मंसूबे

अयोध्या में पांच अगस्त को भव्य राम मंदिर की आधारशीला रखी जाने वाली है। यह बात पड़ौसी देश पाकिस्तान के लिए खीज का विषय बन गई है। पिछले साल पांच अगस्त को ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 का खात्मा हुआ था और इस साल पांच अगस्त को ही अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास होने जा रहा है, जाहिर है पाकिस्तान के सीने में सांप लोट रहा है। यही वजह है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत में आतंकी हमले का नापाक मंसूबा पाल रखा है। खुफिया सूत्रों को मिली जानकारी के मुताबिक इस दौरान अयोध्या में भी आतंकी हमला हो सकता है, इसके लिए अफगानिस्तान से प्रशिक्षित आतंकवादियों की भारत में घुसपैठ कराने की पाकिस्तान ने योजना बना रखी है। जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल के आतंकवादी कश्मीर और अयोध्या में आतंकि हमले को अंजाम देने की फिराक में है। यद्यपि भारत में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे है फिर भी अतिरिक्त सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है ताकि पाक के नापाक मंसूबों को नाकामयाब किया जा सकें। पाकिस्तान में भारत के खिलाफ नया प्रोपेगंडा भी शुरू किया है। पांच अगस्त को पाकिस्तान में जगह जगह भारत विरोधी प्रदर्शन किए जाएंगे, अन्य देशों में भी पाकिस्तानी दुतावासों में भारत विरोधी प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पांच अगस्त को पाक अधिकृत कश्मीर में सभा को संबोधित करेंगे और भारत के खिलाफ जमकर जहर उगलेंगे। इस दिन पाकिस्तनी मीडिया भी भारत के खिलाफ उन भारतीय नेताओं के बयानों को लेकर विज्ञापन प्रकाशित करेगी जो पाकिस्तान को रास आते रहे है। गौरतलब है कि अनुच्छेद 370 के खात्मे के खिलाफ जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती तथा पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूख अबदुल्ला और उमर अबदुल्ला ने भी भारत सरकार के इस फैसले की मुखालफत की थी उसे भी पाकिस्तान भुनाएगा। कुल मिलाकर पाकिस्तान की हालत उस खिसयानी बिल्ली की तरह हो गई है जो खम्भा नोचने लगती है। बहरहाल पाकिस्तान चाहे भारत के खिलाफ कितना भी दुष्प्रचार करें उसे कुछ भी हासिल नहीं होगा। कश्मीर में 370 खत्म हो चुका है और अब वहां पाकिस्तान की दाल नहीं गलने वाली है। अयोध्या में भी भव्य राम मंदिर का निर्माण होकर रहेगा और इस काम में बाधा डालने की पाकिस्तान की सभी कोशिशें विफल रहेंगी। यदि आतंकवादियों ने घुसपैठ की तो उन्हे जहन्नुम रसीद करने के लिए भारतीय सेना के जवान तैया है।

चुनौतियों के साथ बदलना होगा

राजेश माहेश्वरी

महामारी बन चुके कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में अफरा-तफरी मचा दी है। हाल ये है कि ग्लोबल स्तर पर प्रिंट मीडिया भी इसके सौंदर्य से अछूता नहीं रहा है। कोरोना वायरस के सौंदर्य को देखते हुए कई ग्लोबल मैगजीन और अखबार पूरी तरह डिजिटल की ओर रुख कर रहे हैं, वहीं भारतीय अखबार इस चुनौती का मुकाबला कर रहे हैं और लगाना अपने पाठकों के घर तक अखबार पहुंचा रहे हैं। वहीं तो लेकर लोक कलाकारों ने काम न मिलने की वजह से अपने यू-ट्यूब चैनल बनाए हैं। अर्थात चुनौतियों और संकटों के साथ उन्होंने अपने को बदला है। जिसका लाभ भी उन्हें मिल रहा है। कोरोना ने जो मौका दिया वह दुबारा है, चलाएं है। लेकिन, इसी में हमें अवसर खोजना है। बस हमें सामाजिक नहीं शारीरिक दूरी का ख्याल जरूर रखना है।

कोविड- 19 ने कई चुनौतियां पैदा कर दी हैं। कोविड का प्रभाव किसी एक क्षेत्र मात्र का प्रभाव नहीं है। यह भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था भी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। अर्थव्यवस्था के तमाम क्षेत्र और उन में काम करने वाले लोग बुरे तरीके से प्रभावित हैं। कृषि क्षेत्र, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर तीनों ही एक गहरी मंदी की तरफबढ़ते दिख रहे हैं। कोरोना का संकट एक ऐसी चुनौती है जिससे उबरना आसान नहीं है। सच तो यह है कि इस संकट के सामने दुनिया की हर सरकार खुद को विवश पा रही है। महामारी की व्यापकता से आज हमारे सामने तमाम तरह की चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। कैसे हम इन चुनौतियों से निपटें और कैसे हम इन चुनौतियों में सम्भावनाएं तलाशते हुए इन्हें अवसर में बदलें। वहीं सवाल यह भी है कि चुनौतियों के साथ हमें खुद का बदलना होगा।

ये बड़े दुर्भाग्य की बात है कि नए कोरोना वायरस की महामारी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर उस वक्त हमला बोला, जब वो अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा था। कोरोना के कारण लगभग हर क्षेत्र में सैकड़ों लोगों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। ऐसे में हमें चुनौतियों के साथ अपने आचार-व्यवहार, काम करने के तरीकों और वर्तमान हालातों के अनुसार अपने लिए उधोग धंधे, रोजगार और व्यापार के साधन ढूंढ़ने होंगे। बाज अगर पर्यटन के क्षेत्र की जाए तो पर्यटन को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में अवसर पैदा करने के लिए हेरिटेज, मेडिकल टूरिज्म जैसे कॉन्सेप्ट पर काम करना होगा। पैदा हुई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए पर्यटन के नए आयाम स्थापित करने होंगे। मणिपुर यूनिवर्सिटी के डॉ. इरंगबम रूबिता ने कहा कि उत्तर-पूर्वी राज्यों में जैव विविधता के साथ- साथ ईको और एडवेंचर टूरिज्म के लिए काफी संभावनाएं हैं। इस ओर फोकस करने की जरूरत है। वहीं इस चुनौती भरे समय में हमें घरेलू पर्यटन पर ज्यादा फोकस करना होगा। बदले हुए समय में लोंग ग्रुप टूर की बजाय फैमिली टूर पर ज्यादा ध्यान देंगे। ऐसे में पर्यटन के क्षेत्र में गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। होटल इंडस्ट्री को भी अपने स्तर पर काफी बदलाव करने होंगे, तभी उनका व्यवसाय पूर्व की भांति गति पकड़ सकेगा। यही हाल होटल व रेस्टोरेंट के साथ भी है। कोरोना की वैश्विक महामारी आने के बाद लोगों में एक प्रकार से जीवन के प्रति भय और नकारात्मक दृष्टिकोण पैदा हुआ है। ऐसे में पूरे उधोग क्षेत्र को ऐसे उपाय करने होंगे जिससे लोगों के मन से भय निकल सके। कोरोना संकट के समय हमारी जरूरतों ने उच्च शिक्षा

व्यवस्था के मूल ढांचे को फिर से छिन्न- भिन्न कर दिया है। चूंकि अब समाज खुद भी वर्चुअल सोशल स्पेस में बदलने को बाध्य है, ऐसे में, शिक्षा में भी क्लासरूम की अवधारणा वर्चुअल होती जाएगी। हम धीरे-धीरे एक ऐसे समाज में बदलते जाएंगे, जहां सीधा संवाद लगभग खतम हो जाएगा। सब कुछ वर्चुअल, ऑनलाइन एवं डिजिटल टेक्नो संवादों के रूप में ही रह जाएगा। संभव है कि उच्च शिक्षा का यह नया वर्चुअल रूपांतरण हमें बेहतरी की ओर ले जाए। संभव है, यह शिक्षा के परिक्षेत्र को ज्यादा नवाचारी, समाहारी एवं क्षमता विकास की दिशा में आगे बढ़ाए। किंतु भारत जैसे समाज में हमें गरीब, उपेक्षित और दूरस्थ क्षेत्रों में बसे समाजिक समूहों में इंटरनेट रखने, इस्तेमाल करने एवं सतत कनेक्टिविटी बनाए रखने पर जोर देना होगा।कोरोना संकट के समय हमारी जरूरतों ने उच्च शिक्षा व्यवस्था के मूल ढांचे को फिर से छिन्न-भिन्न कर दिया है। चूंकि अब समाज खुद भी वर्चुअल सोशल स्पेस में बदलने को बाध्य है। ऐसे में, शिक्षा में भी क्लासरूम की अवधारणा वर्चुअल होती जाएगी। हम धीरे-धीरे एक ऐसे समाज में बदलते जाएंगे।

> आने वाले समय में इंटरनेट का महत्व पहले की अपेक्षा बढ़ जाएगा। उसका सही उपयोग करना सिखेंगे। अब व्यापार जगत, आईटी सेक्टर, अन्य कंपनियां ही नहीं आम व्यक्ति की वीडियो कॉंफ्रेंसिंग और ऑनलाइन कार्य को महत्व देना ही होगा। ज्यादा से ज्यादा लोग इंटरनेट फ्रेंडली बनेंगे। यह एक ऐसा संकट है जिसने विकित्सा विज्ञानिकों के साथ ही अन्य वैज्ञानिकों के समक्ष भी चुनौती खड़ी कर दी है। इससे विज्ञान के सभी क्षेत्रों में हमें बदलाव देखने को मिलेंगे। जैसे अब पहले कि अपेक्षा अच्छी और आधुनिक चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के बारे में सोचा जाएगा। सैनिकों और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए भी अब नए तरीके से सोचने का मौका मिलेगा। हर क्षेत्र में रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा।

लॉकडाउन में बिजली, पानी, क्रेडिट कार्ड व फोन जैसी सुविधाओं के बिलों का ऑनलाइन भुगतान 73 फीसदी तक बढ़ा है। आने वाले समय में रुपयों के लेन-देने से भी बचना जरूरी होगा। इसके लिए मोबाइल से पेमेंट करने की आदत डालनी होगी। डिजिटल पेमेंट में 43 फीसदी के साथ यूपीआई सबसे आगे रहा। इसी के चलते आने वाले समय में अब साइबर सुरक्षा पर फोकस रहेगा। आने वाले दिनों में वर्क कल्चर बड़ी तेजी से बदलेगा। कई कंपनियों में वर्क फ्रॉम होम का प्रचलन बढ़ेगा। इससे महिलाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे। आंकड़े बता रहे हैं कि महिलाओं के लिए जॉब सर्च पोर्टल जॉब्सफॉरहर पर घर से काम वाली नौकरियों की संख्या पिछले एक महीने में बीते साल की इसी अवधि के मुकाबले 30 फीसदी तक बढ़ गई है। आने वाले समय में सामाजिक, राजनीतिक और अन्य कार्यक्रमों में पहले जैसी भीड़भाड़ आपको देखने को शायद ही मिले। शादी ब्याह के समारोह भी शालीनता और कम भीड़भाड़ के साथ आयोजित होंगे। लगभग जीवन के हर क्षेत्र में असर देखने को मिलेगा और हमें इन तमाम बदलावों को अपने जीवन में अपनी व दूसरों की सुरक्षा व सेहत की खातिर अपनाना पड़ेगा।

विचार-

आंखें बोलती हैं

तबस्सुम परवीन

जब आप परेशान हो जाते है किसी की खामोशी से और चाहते है कि सामने बैठा हुआ शख्स कुछ बोले, या फिर उसके जेहन मे कौन सी बात चल रही है कुछ कहे तो हम समझे । कभी कभी हमारे साथ कुछ ऐसे हालात पैदा हो जाती है। कि चाह कर भी हम कुछ नही कर पाते या यूं कहिये सही अल्फाज़ भी हालातों के वजह से गलत साबित हो जाती है । उस वक्त हमारी आंखे अहम किरदार निभाती है बारीकी से हम देखे तो हमारी जुंबा से ज्यादा सच्चाई आंखे कह देती है । कई दफ हमारी जुंबा सच्चाई को बोलने से कतराती है या हिचकिचाती है वो बातें हमारी आंखे बोल जाती है । जुंबा से अपनी अल्फाज़ों का हेरफेर कर सकते है पर आंखे वही कहती है जो सही होता है । आप से जब कोई बात कर रहा होता है तब आप उसकी बातों और आंखो को गौर से देखिए । क्या उसकी बात और आंखो से दोनो का एक ही भाव है या अलग अलग बहरहाल दोनो का तालमेल एक जैसा ही है तो वह सच कह रहा है । यदि दोनो अलग अलग दिन मे है तो वो गलत है । बहरहाल बहुत सारे ऐसे भी शख्स होते है जुंबा से कम आंखो से ज्यादा बोलने की कोशिश करते है । यह एक प्रकृतिक दैन है।क्योंकि आंखे हमारे शरीर का बेशकीमती हिस्सा है । जीस तरह से हमारा दिमाग और दिल है दिमाग फायदा और नुकसान सोचता है और दिल सही गलत को महसूस करता है । ठीक उसी तरह हमारी आंखे और जुंबा का तालमेल है जुंबा चेहरा और हालात देख कर बाते करता है, और आंखे सच्चाई बयान करती है। इसके लिए आपको आंखो को बारिकी से पढने की जरूरत है ।और आपको अपने सवालो का जवाब खुद ब खुद मील जाएगें । आईए हम जानते है हमारी आंखे कौन सी बाते कब और क्या कहती है -

ऊपर की ओर देखना :- जब कोई भी व्यक्ति आपके पास बैठा हो और ऊपर की ओर देख रहा हो तो इसका मतलब तो यही होगा कि वह कुछ सोच रहा है । या कुछ याद करने की कोशिश कर रहा है यदि उसी दौरान दांए और बाएं बार बार देख रहा हो तो यूं समझीऐ वहां का माहौल का मुयाना कर रहा है ।

सिर निचे कर के देखना :- यदि कोई व्यक्ति सिर निचे कर के अपनी आंखो से पिछे की ओर किसी दूसरे व्यक्ति को देख रहा हो तो आप समझीऐ कि वह उससे नाराज है, या उस व्यक्ति को शक भरी नजरों से देख रहा है या यूं कहिये कि उसे परखने की कोशिश कर रहा है ।

लगातार निचे जमीन की ओर देखना - : जब कोई इंसान आपकी किसी बात या बर्ताव से नजरे निचे कर के देखे तो वह खुद को कसुरवार ठहराता है या वह आत्मसमर्पण करने के लिए तैयार है । जबकि लड़कियां ऐसे करती है तो उसे शर्माना भी कहते है ।

पड़ोसी देशों में भी बिखरते हैं सावन के रंग

डॉ. श्रीनाथ सहाय

भारतीय त्योहारों विशेषकर सावन तथा महाशिवरात्रि के बारे में राष्ट्रपति कासिम मुत्तीन की जानकारी व विशेष लगाव से मैं अभिभूत हो गया। उस यात्रा की स्मृतियां आज भी मेरे मानोमस्तिष्क में पूरी तरह जीवंत और ताजेताजा है। 'छोटे भारत' के रूप में प्रसिद्ध इस देश पर भारतीय संस्कृति और भारतीयता की मस्ती छाए है उधर भारत की ही तरह वहां भी कांवड़ यात्राएं निकाली जाती हैं और मेले लगते हैं। हम हिन्दुस्तानी जहां कहीं भी जाते हैं अपनी छाप छोड़ देते हैं। बहुत से देश ऐसे हैं जहां पर हिन्दुस्तानियों की तादात बहुत ज्यादा है, कुछ तो ऐसे देश हैं जो हमारे दूसरा घर बन गये हैं। मॉरीशस के दक्षिण-पश्चिम में शिव गंगा तालाब पर सावन माह या शिवरात्रि पर पूरा मॉरीशस उमड़ पड़ता है। एक सौ बीस वर्ष पूर्व भारत की पवित्र नदियों से प्रतीकात्मक रूप से जल लाकर 'पवी तालाब' में डाला गया था अहीर इसे नाम दिया गया 'गंगा तालाब'।

श्रावण शब्द श्रवण से बना है जिसका अर्थ है सुनना। अर्थात् सुनकर धर्म को समझना। वेदों को श्रुति कहा जाता है अर्थात् उस ज्ञान को ईश्वर से सुनकर ऋषियों ने लोगों को सुनाया था। हिन्दू पंचांग का आरम्भ चैत्र मास से होता है। चैत्र मास से पांचवां माह श्रावण मास कहा जाता है। इस माह की पूर्णिमा के दिन आकाश में श्रवण लक्षण का मो बनता है। इसलिए श्रावण नक्षत्र के नाम से इस माह का नाम श्रवण हुआ। इस माहसे चातुर्मास की शुरूआत होती है। यह मास चातुर्मास के चार महीनों में बहुत शुभ मास माना जाता है। कार्तिक माह को विष्णु तो श्रावण माह को शिव का प्रमुख महीना माना जाता है। हिन्दुओं में सावन और कार्तिक का महीना व्रत का महीना होता है। इसमें भी सावन के महीने का सबसे ज्यादा महत्व होता है। हालांकि वर्ष भर ही कोई न कोई व्रत उपवास चलते रहते हैं। जैसे एकादशी, चर्तुदशी, नौमी, प्रदोष आदि। लेकिन चार्तुमास, श्रावण और कार्तिक माह की महिमा के वर्णन वेद-पुराणों में मिलता है। सावन के महीने को मनोकामनाओं को पूरा करने वाला माह भी कहा जाता है। यह माह काफी पवित्र होता है, इस माह में भोले बाबा की विशेष पूजा करनी चाहिए। धार्मिक कथाओं के अनुसार मां पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए सावन के महीने में कठोर तप किया था।

सावन माह में शिव की पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं की हर मंशा पूरी होती है। इस बार का सावन माह पूरे पांच सोमवार का है जो रूद्राभिषेक आदि अनुष्ठान के लिए बहुत ही मंगलकारी है। पौराणिक मान्यता है कि सावन माह के दौरान भगवान शिव ने जनकल्याण के लिए ही हलाहल का विषपान किया था। शिव का तांडव नृत्य और डमरू से ओंकार ध्वनि इसी माह में उत्पन्न हुई। मार्कण्डेय ने लम्बी आयु के लिए इसी माह में घोर तपस्या कर शिव को प्रसन्न किया। जिससे यमराज को नतमस्तक होना पड़ा। स्कन्दपुराण के अनुसार सोमवार के दिन शिव पूजा का विशेष महत्व है। शिव साधकों के लिए इहलोक और परलोक में कुछ असम्भव नहीं है। जो इच्छा मन में होती है शिव की कृपा से वह किसी भी हालत में पूरी हो जाती है। इसी माह में देवताओं में प्रथम पूजनीय गणेश, माता पार्वती व नन्दी की भी पूजा करने की परम्परा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सावन

के महीने में शिवलिंग पर जल चढ़ाने से भगवान शिव की विशेष कृपा मिलती है. सबसे पहले जल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगा जल और गन्ने के रस से महादेव का अभिषेक किया जाता है। इसके बद बेलपत्र, नीलकमल, कनेर, समीपत्र, दूब, कुशा, कमल, राई और फूल चढ़ाए जाते हैं। फिर धतूरा, भांग और श्रीफल चढ़ाने का विधान है। शिवलिंग के अभिषेक के बाद विधिवत् भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी जाती है। ओउम् नमः शिवाय मंत्र का जाप करने व रूद्राक्ष धारण करने से सुख-शान्ति की प्राप्ति होती है और तमाम रोग व्याधि कष्ट दूर होते हैं। सावन के महीने का बहुत अधिक महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के इस माह में भोले शंकर की पूजा-अर्चना करने से विवाह संबंधित समस्याएं दूर हो जाती हैं। जिन लोगों के विवाह में परेशानियां आ रही हैं, उन्हें सावन के महीने में भोले बाबा की विशेष पूजा- अर्चना करनी चाहिए। सावन में कांवड़ियों की यात्रा की धूम मचती रहती है। जगह-जगह लोग कांवड़ियों के स्वागत में पंडाल व भोजन जलपान की व्यवस्था में लगे रहते हैं। किन्तु इस बार कोरोना के कारण कांवड़ियों की यात्रा स्थगित है। शिव मन्दिरों में लोग सामाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए व प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए दर्शन पूजन कर रहे हैं। विश्व के अनेक देशों में जहां-जहां भारतीय हिन्दू है वहां-वहां उनके देवी-देवता और देवालय हैं।

अपने देश के पड़ोसी हिन्दू राष्ट्र नेपाल से लेकर सुदूर मॉरीशस, सूरीनाम, गुसाना, त्रिनिदाद, फिजी आदि देशों में भी सावन माह को भगवान शिव को सर्वाधिक प्रिय महीना मानकर प्रत्येक सोमवार को भजन-पूजन, रूद्राभिषेक इत्यादि अनुष्ठान का आयोजन करते हैं। इतिहास, संस्कृति, लोकतांत्रिक मूल्यों और पुरखों के घनिष्ठ संबंध से जुड़े मॉरीशस में भारत की भावना और ध्वनि सर्वव्यापी है। वहां भी सावन माह में श्रद्धालु शिव की पूजा-अर्चना बड़े मनोयोग से करते हैं। जब भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया जाता है तो भगवान शिव से जुड़े ज्योतिर्लिंगों का भी बखान किया जाता है। प्रायः बारह ज्योतिर्लिंगों की प्रतिष्ठा है। ये भारत में ही है लेकिन विश्व का तेरहवां शिव ज्योतिर्लिंग मारीशस में है। इस बात को कम लोग जानते हैं। मॉरीशस का प्रसिद्ध 'गौरीशेखरनाथ' नामक शिव मंदिर ही तेहरवां ज्योतिर्लिंग है। इसे हम मॉरीशस का केदारनाथ अथवा रामेश्वर कह सकते हैं। यो तो मॉरीशस बहुत ही सुन्दर व आकर्षक द्वीप है। विभिन्न धर्मों के लोग यहां निवास करते हैं। फिर भी वे रूचिपूर्वक कुल आबादी के 52 प्रतिशत भारतीय समाज के त्योहारों में सम्मिलित होते रहते हैं। आज से 23 वर्ष पूर्व मैंने सन् 1997 में मॉरीशस की यात्रा की थी। वहां हिन्दी साहित्य मर्मज्ञ व समाजसेवी डॉ. सरिता बुद्दू के घर 15 दिनों तक ठहरने का सुअवसर मिला था। उनके साथ में तत्कालीन राष्ट्रपति कासिम मुत्तीन के सरकारी बंगले पर गया था। उनसे मेरी भारतीय सभ्यता व संस्कृति के बारे में गंभीर व विशद् बात हुई।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आता है ज़मीं

आता है ज़मीं को जादू आकाश भी मुग्ध है हलचल है परिवेश में मौसमी उल्लास भी भोर उत्सव सरीखी स्वप्न सा चटख सूर्य मन में उदित हुआ है स्वर्णिम आभा लिए रात एक विश्राम थी भोर अब नया सफ़र कविता का कलेवा बांधे उड़ चल मन-विहग उड़ चल... उड़ चल।

- डॉ मेनका त्रिपाठी

ताना रला दे गई

ताना रला दे गई, पीड़ा हुई अपार । तुलसी जपते राम को,तारे तारण हार।। बम-बम भोले कह रहे,आया सावन मास । गंगा जल कांवर रखे,पैंहुचे शिव गण वास।। कोविड फैले सोचता, कितने अहमक लोग । भीड़-भाड़ कर घूमते,मरना हो संयोग।। जलकर देती रौशनी,बनकर देखो दीप। कितने सहती कष्ट वो,मोती देती सीप ।।

- नवीन कुमार तिवारी

ख़ास पाती | हृदय में पीर कैसी दे गया

हृदय में पीर कैसी दे गया है कोई मौन हो, मन वेदना से भरा जीवन में दुख का साया। तूँ तनिक दूर चली जा ओ बैरन सी वेदना, छेड़ मत स्मृतियों को याद उनकी न दिला। भूल जाना चाहती जो यादें दुखाती हिय को, पलकें नम हो चुकी ये मन खिन्नता से भरा। दर्द की परछाइयां पड़ रही जीवन पर मेरे, जानें किस उद्देश्य से वो दर्द मुझको दे गया। सहेजा था जो उजाला मुट्ठी भरकर रात को, रेत सा फिसला है वो सूरज सुख का ढल चुका। होकर भी हम नही हैं तुम नही तो क्या जियें पलकों की कोरें भीगी शूल हृदय में चुभ रहा।

- रश्मि ठाकुर

इस बार अधूरे से सावन में

इस बार अधूरे से सावन में रोता है बादलों का वो टुकड़ा जिस पर डाल झूले हर साल झूला करती थी तुम झूला। वो, गेंदे के फूल जिसके बसंती रँग लेकर तुम उड़ेल लेती थी अपनी चुन्नी पे। और वो बरसात की धूप जिसकी चादर ओढ़ तुम सुखाती थी अपने गीले बालों को। ये अधूरा सा सावन वो बादलों का टुकड़ा वो बासंती रंग और वो चादर बरसाती धूप की सब कुछ बाँध इस उम्मीदों के धागे में टाँग आया हूँ उसी नीम के डाल पर। जिसके नीचे बैठ तुम हसरतें बुना करती थी।

- सत्या शर्मा कीर्ति

इत्ती सी बात थी और ..इत्ती हो गयी

इत्ती सी बात थी और ..इत्ती हो गयी लिखा मैंने कुछ था पढ़ा कुछ और गया कहा मैंने कुछ था सुना कुछ और गया दिखाया मुझे कुछ और था बताया कुछ और गया इत्ती सी बात थी और कित्ती हो गयी।

- नीलीमा शर्मा

पीर यदि गाते नही चक्षुओं के

पीर यदि गाते नही चक्षुओं के नीर की तो मानस की वेदना की पीर कौन कहता बने होते दरबारी यदि वो जलाल के तो पागल सा उनको फकीर कौन कहता दोहरा ही मापदंड होता उनका भी यदि फिर वो फकीर को नजीर कौन कहता सच कहने मे वह कांपती जुबान यदि फिर वो कबीर को कबीर कौन कहता शायद कुछ लोगो को अपना अस्तित्व खतरे मे लग रहा है।

- नरेन्द्र गुप्ता कवि

हमारी स्थिति तोतो से बहुत अलग

हमारी स्थिति तोतो से बहुत अलग नहीं , जब बच्चा छोटा होता है तो हम सारी अच्छी बातें उसे सिखाने समझाने की जगह रटाने में ऊर्जा खर्च करते हैं नैतिक शिक्षा का जीवन में उपयोग करने की जगह कब से हम उसे रटने लगे, मनुष्यता उसके साथ ही संकट की ओर बढ़ने लगे।

- गौरी पटले

तुम सुवासित बाग- बाग में मधु

तुम सुवासित बाग- बाग में मधु पराग भंवर, साथ में गुंजित स्वर अति, प्यारा लागे स्पंदित वर्षा बूंदों के साथ में। पुलकित हृदय,नयन हरसाये रंग -बिरंगी छटा सजाये तितली और पुष्प का नाता हर एक मानव को,अति भाता।

- लक्ष्मी थपलियाल

सहारा ले जो झूठ का इतना उनसे

सहारा ले जो झूठ का इतना उनसे कहेंगे काटेंगे हर जाल , जो मिल उठ खड़े होंगे! उम्र भर लड़े है, आगे भी और लड़ेंगे न झुके है कभी जबर से, न आगे झुकेंगे ! मिट गए तो भी , अपने निशाँ तो रहेंगे लोग सच्चे को सच्चा आप को झूठा कहेंगे !

- जावेद उस्मानी

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध जूट मिल जिसे मोहन जूट मिल कहा जाता है, किस जिले में स्थित है?

2) छत्तीसगढ़ में अच्छी फसल के लिए मानसून हेतु कौन सा त्यौहार मनाया जाता है, जिसमें देवी 'कुटकी दाई' की पूजा-अर्चना की जाती है?

3) छत्तीसगढ़ राज्य के पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान वर्ष 2016 के प्राप्तकर्ता कौन थे?

4) छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित किस स्थान को विश्व की सबसे प्राचीन नाट्यशाला माना जाता है?

5) राष्ट्रीय चेतना के अग्रदूत का नाम बताइए?

उत्तरमाला-
1) रायगढ़ (2) हरेली तिहार (3) रिवांचल केसरी शुक्ल (4) सीता बोरा ओर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1756 - बर्तोलोमेओ रास्ट्रेली नव निर्मित कैथरीन पैलेस को महारानी एलिज़ाबेथ और उनके दरबारियों को प्रस्तुत किया गया। 1824 - जीयोचिनो रॉसीनी थिएटर इटालियन, पेरिस के नए प्रबंधक बने। 1825 - मालदन द्वीप की खोज हुई। 1836 - अमेरिका के हवाई में अंग्रेजी भाषा का पहला अखबार प्रकाशित हुआ। 1864 - क्रेटर की लड़ाईः जनरल बर्न्सइड्स पीटर्सबर्ग के हमले में विफल रहे। 1886 - भारत की पहली महिला विधायक एस मुथुलक्ष्मी का जन्म हुआ। 1909 - राइट बंधुओं ने सेना के लिए पहला विमान बनाया। 1914 - ऑस्ट्रिया का आर्टिलरीर बेलग्रेड शहर सर्बिया की राजधानी बना। 1930 - एनबीसी रेडियो पर देथ वैली डेज का पहला प्रसारण हुआ।

न्यूज गैलरी

आँगन में खड़ी बाईक को अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग

बिलासपुर । सरकंडा थाना क्षेत्र में बीती रात एक बार फिर घर के आंगन में खड़ी बाइक को आग के हवाले करने की घटना सामने आई है। प्रार्थी इमलीभांठा अटल आवास निवासी गुड्डू कोशले ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके घर के आंगन में खड़ी बजाज प्लेटिना सीजी 10 ए एस 3026 को बीती रात किसी अज्ञात ने आग के हवाले कर दिया, जब आधी रात को घर मे धुंआ भरने लगा तो बाहर निकलने पर पाया कि उनकी बाइक धूं धूं कर जल रही थी, किसी तरह सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया लेकिन बाइक जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस आगजनी की घटना से पीड़ित को करीबन 38 हजार रुपए की क्षति पहुँची है। जिसकी शिकायत बुधवार को प्रार्थी ने सरकंडा थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 435 का अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

1 अगस्त से खेर खोड़री फाटक स्थायी रूप से बंद

बिलासपुर । रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने के पश्चात समपार फाटकों को बंद किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत वेंकटनगर-निगौरा स्टेशनों के मध्य कि.मी. 838/25-27 पर स्थित मानव सहित समपार बीके-47 (खेर खोड़री फाटक) को सुरक्षागत कारणों से 01 अगस्त (शनिवार) से सडक यातायात के लिये स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। सडक यातायात हेतु वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था पास में ही किमी 838/21-23 पर स्थित नवनिर्मित लिमिटेड हाइट सबवे से कर दिया गया है।

प्राकृतिक आपदा पीडित 03 हितग्राही को 12 लाख रूपए की राषि स्वीकृत

सूरजपुर। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री एस.एन. मोटवानी से प्राप्त जानकारी अनुसार प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 03 हितग्राहियों के परिजनों व निकटतम वारिषों को राहत राषि करीब 12 लाख रूपये की स्वीकृती दी गई है। जिसमें तहसील भैयाथान ग्राम मसिरा से मृतक बजरंग पिता मंगलू सिंह जाति गोड़ की मृत्यु 27 जनवरी 2020 को कुआं के पानी में डुबने के कारण मृतक के निकटतम वारिस उसके पत्नी कुषयारो को, इसके साथ ही तहसील प्रेमनगर ग्राम बकिरमा से मृतिका फुलबसिया पिता षिवबालक जाति गोंड़ की मृत्यु 20 जून 2019 को जहरील सर्प के काटने से मृत्यु होनें के कारण मृतिका के निकटतम वारिस उसके दुनकीबाई, कमलावती पिता षिवबालक, चन्द्रमनी पति दिलसाय को तथा तहसील ओड़गी ग्राम छतौली से मृतक षिवषंकर पिता रविप्रताप जाति पण्डो की मृत्यु 21 मार्च 2018 को जहरील सर्प के काटने से मृत्यु होनें के कारण मृतक के निकटतम वारिस उसके पिता रविप्रताप को चार-चार लाख रूपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक की गई स्थगित

सूरजपुर । कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने जिला विकास समन्वय समिति (दिषा) की बैठक श्रीमती रेणुका सिंह, सांसद, सरगुजा संसदीय क्षेत्र एवं अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की अध्यक्षता में 30 जुलाई 2020 को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

जिले में तेजी से बढ़ रही कोरोना मरीजों की संख्या, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जिले में कुल 21 मरीज कोरोना के मिले हैं। खासकर पुलिस लाइन और वर्कशाप में महिला मरीज मिलने से शहर में हलचल है। आज भी सीपत धौराभाटा में आधा दर्जन संक्रमित मरीज पाए गये हैं। जबकि पंधी में मरीज मिलने का सिलसिला नहीं रूक रहा है। कोरोना का दायरा अब पंधी तक पहुंच गया है।

लोगों को रह रहकर कोरोना का झटका मिल रहा है। खासकर पुलिस महकमा कुछ ज्यादा ही निशाने पर है। रेंज पुलिस मोटर वर्क शाप पुलिस लाइन में एक महिला संक्रमित पायी गयी है। इसके अलावा पुलिस लाइन से भी एक महिला कोरोना पाजीटिव मिली है। जेल लाइन में मंगलवार को भी एक मरीज को नोट किया गया है।

इसके अलावा शहर मध्य व्यापार विहार रोड बंग्ला कालोनी में कोरोना पाजीटिव मरीज मिला है। इधर उस्लापुर के साईनगर से भी कोरोना पाजीटिव मरीज को कोविड-19 अस्पताल में दाखिल कराया गयाहै।

सीपत थाना क्षेत्र के धौराभाठा में आधा दर्जन मरीज मिले हैं। पाए गए मरीजों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। एक महिला मरीज नाबालिग भी है। यहीं से 62 साल की बुजुर्ग महिला भी संक्रमित पायी गयी है। मंगलवार की रिपोर्ट की माने तो पाए गए 21 मरीजों में से सबसे अधिक उम्र इसी महिला की है।

सीपत थाना क्षेत्र के कौड़िया में एक मरीज कोरोना पाजीटिव मिला है। जबकि पंधी गांव से तीन कोरोना संक्रमित मरीजों को कोविड-19 अस्पताल में भर्ती किया गया है। जांजी में भी मंगलवार को दो मरीज मिले हैं। मस्तूरी थाना क्षेत्र के धनगवां से भी एक मरीज कोरोना संक्रमित पाया गया है।

मस्तूरी में सर्वाधिक मरीज, सभी कोविड-19 अस्पताल में भर्ती

जानकारी के अनुसार जिले में मंगलवार को पाए गए कुल 21 में से 14 मरीज मस्तूरी क्षेत्र से हैं। इसमें पंधी,जांजी,धनगवां, धौराभाठा, कौड़िया शामिल हैं। जबकि बिलासपुर में 7 मरीज पाए गए हैं। सभी मरीजों को कोविड-19 अस्पताल में भर्ती किया गया है।

शहर के चौक चौराहों में लगेंगे सीसी कैमरे, बिलासपुर होगा हाईटेक

■ **शहर विधायक शैलेष पांडेय ने निगम आयुक्त से मिलकर बनाई योजना**

बिलासपुर । शहर के सभी चौक और चौराहों में कैमरे लगेंगे। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बिलासपुर शहर को व्यवस्तिथ और हाई टेक बनाया जा रहा है। आने वाले समय मे बिलासपुर के सभी स्थानों में कैमरा लगाया जाएगा जिससे कानून व्यवस्था और भी मजबूत होगी और हमारा बिलासपुर ज्यादा सुरक्षित रहेगा। आज शहर विधायक शैलेष पांडेय और निगम आयुक्त की लंबी बैठक हुई जिसके बाद शासन के उच्च अधिकारियों और स्मार्ट सिटी के आला अधिकारियों से चर्चा किया गया।

ज्ञात हो स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत ये प्रस्ताव शासन को भेजा गया है जिस पर जल्द ही वित्त विभाग की अनुमति के पश्चात मोहर लगने वाली है और फिर उसके बाद टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ होगी और कार्य भी चालू हो जाएगा।

आने वाले समय मे शहर में अपराधों में कमी आएगी और सुरक्षित बिलासपुर और जागरूक बिलासपुर रहेगा।यातायात व्यवस्था में भी इसको बहुत लाभ मिलेगा। निगम आयुक्त ने विधायक को बताया कि आने वाले समय मे स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत और भी बड़े बड़े कार्य करने की योजना बनाई जा रही है जिससे बिलासपुर और भी सुंदर बनेगा। ज्ञात हो नगर निगम सीमा विस्तारीकरण के बाद शहर को जल्द ही क्र ग्रेड सिटी का दर्जा मिलेगा जो कि शहर विधायक के प्रयासों का ही सफल नतीजा है जिससे शहर वासियों और शासकीय अधिकारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। कुल 35 करोड़ रुपये के सीसीटीवी कैमरे पूरे शहर में लगेंगे।

आज बैठक में कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रमोद नायक मौजूद भी थे ।उन्होंने भी कांग्रेस भवन के लिए जमीन आवंटन हेतु जल्दी से सामान्य सभा की बैठक रखे जाने आयुक्त महोदय से आग्रह किया।

एटीएम कार्ड डाक के जरिये भेजने 20 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किये , कुछ ही मिनटों में खाते से पार हो गया 58 हजार

■ **गूगल पर ब्लू डर्ट कोरियर सर्विस का फोन नंबर ढूंढकर प्रार्थी ने खुद किया फोन**

बिलासपुर । महिला को फोन कर होम एटीएम होम डिलेवरी का झांसा ओटीपी भेजा , महिला ने बेटा घर मे नही होने की बात कहकर फोन कट कर दिता , जब बेटे को एटीएम कार्ड लेने।की बात पर सहमति जताने के बाद महिला खुद फोन कर खाते से 20 रुपए ट्रांसफर किये फिर 58 हजार खाते से पार हो गया , पीड़िता की शिकायत में सकरी पुलिस से अपराध कायम कर।लिया है ।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र सकरी के राजघराना कालोनी अमेरी निवासी जगदीश प्रसाद देवांगन ने शिकायत दर्ज कराई है कि 25 जुलाई को ब्लू डर्ट कोरियर सर्विस के एक कर्मचारी द्वारा घर पहुँचकर बेटे का एटीएम कार्ड डाक के माध्यम डिलीवरी करने आने की बात कही गई, इस दौरान बेटे के यहां नही रहने पर घर में मौजूद बहु द्वारा नही लिया, जिसके लिए कोरियर कर्मचारी द्वारा ओटीपी की मांग की जा रही थी। बाद में जब बेटे से संपर्क किया गया तो उसके कहने पर एटीएम कार्ड लेने की बात कही गई, जब प्रार्थी ने गूगल पर ब्लू डर्ट कोरियर सर्विस का फोन नंबर ढूंढकर निकाला गया और फोन किया गया तो 20 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर कोरियर के माध्यम एटीएम कार्ड को डिलीवर करने की बात कही है, इसके बाद प्रार्थी ने अपनी बहू तृप्ति देवांगन के एसबीआई खाते से 20 रुपए 7679631466 पर गूगल पे माध्यम ट्रांसफर किए, जिसके बाद उनके खाते से 58 हजार 993 रुपए भी निकाल लिए गए।

मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने की कार्रवाई

■ **तय समय सीमा से अधिक तक खोल रखा था दुकान**

बिलासपुर । लॉकडाउन के दौरान मोबाइल दुकान खोल करने वाले दुकान संचालक के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है । ज्ञात हो कि प्रदेश में बढ़ते कोरोना मरिजों की सँख्या के देखते हुए प्रदेश की सरकार ने चुनिदा दुकाने खोलने की छूट दे रखी है जिसमे दुध डेयरी , फल , सब्ज़ी और राशन दुकानें शामिल है लेकिन कुछ ऐसे व्यापारी है भी जो बिना शटर उठाये अपना काम।कर।रहे है ऐसे लोगों पर पुलिस अपनी पैनी नज़र जमाये हुए है आज मुखबीर से सूचना मिली कि राजेन्द्र नगर चौक के पास चालीं मोबाईल दुकान का संचालक सुनील नथानी अपने दुकान को समय सीमा के बाद भी खोलकर अनावश्यक भीड इकट्ठा किया है एवं समान की बिक्री कर रहा है जिसकी सूचना के बाद एक आरक्षक को हक़ीक़त का पता लगाने मौक़े पर भेजा गया और सच्चई जाने के बाद दुकानदार सुनील नत्थानी पिता सुरेशक कुमार नत्थानी उम्र 27 साल साकिन सिंधी कालोनी जिला दण्डाधिकारी आदेश का उलघंन धारा 188,269 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

नशीली दवाओं के साथ पकड़ाया सौदागर

भारी मात्रा में टेबलेट इंजेक्शन किया बरामद

बिलासपुर । कोनी पुलिस ने नशीली दवाओं का जखीरा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया , जिसके खिलाफ अपराध कायम कर लिया गया है ।

ज्ञात हो की पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने जिले में लगातार नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने और इनसे।जुड़े माफ़ियाओं पर शिकंजा कसने कड़े नियम बनाये है और मेडिकल संचालकों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि उन दवाइयों की बिक्री जिससे नशा होता , जिसे बिना डॉक्टर परामर्श पर्ची के नही देने का निर्देश है बावजूद इसके की नशे के इस कारोबार को रोक पाने में पुलिस नाकाम है वही एकबार फिर एसपी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों को कार्रवाई आदेश दिया गया है,

थाना कोनी को मुखबिर से सूचना मिली कि देवनगर निवासी किशोर सुखवानी पिता अशोक सुखवानी उम्र 32वर्ष द्वारा भारी मात्रा मे प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरफ़ की अवैध बिक्री करने हेतु रखा है,सूचना पर थाना प्रभारी शीतल शिदार द्वारा तत्काल मौके पर टीम भेज कर देवनगर के पास आरोपी को पकड़ा गया,वही आरोपी के कब्जे से कोडीन युक्त कफसिरफ़ कुल 105 नग जिसकी क़ीमती 13650 रुपये बताई जा रही है,वही आरोपी से बिक्री की रकम 2170 रुपए बरामद की गई,आरोपी कब विरुद्ध एन. डी.पी.सी.एक्ट की धारा 21,22 के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है।

शहीद सप्ताह : नक्सलियों ने मुख्य मार्ग पर फेंके पर्चे

■ **ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

भोपालपटनम/नवप्रदेश। नक्सलियों द्वारा अपनी विचारधारा थोंपने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोगों में भय है। नक्सलियों ने शहीद सप्ताह मनाने के लिए पर्चे फेंके और लटकाए गए जिससे क्षेत्र की जनता, जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों में भय व्याप्त है। पर्चों में कई मुद्दे को रेखांकित किया गया है। सूत्रों के अनुसार भोपालपटनम-मट्टीमारका मुख्य मार्ग के बीच उख़ूर ग्राम पंचायत है। इसी ग्राम पंचायत के आसपास बीती रात नक्सलियों द्वारा बड़ी संख्या में पोस्टरों, पर्चों आदि से पाट दिया गया था। इसमें नक्सलियों ने 28 जुलाई से 3 अगस्त 2020 तक अमर शहीद की स्मृति सप्ताह को गांव- गांव में जोश के साथ मनाने की अपील की। लिखा- 'शहीदों का बलिदान, जनयुद्ध को विस्तारित व तेज करते हुए दुश्मन के रणनीतिक समाधान हमले को परास्त करे। जनयुद्ध में शहीद हुए लोगों के अरमानों को पूरा करने की आखिरी दम तक लड़ने की कसम खाती है। अमर शहीदों की क्रांतिकारी स्फूर्ति पैदा कर समाधान हमले को हराने के लिए जनता को राजनीतिक से तैयार करना, इस वर्षगांठ समारोह के एक मुख्य कर्तव्य है। अमर शहीदों को लाल सलाम। अमर शहीदों की अरमानों को पूरा करेंगे. सक्रिय गुरिश्ता युद्ध कार्यनीतिक के जरिए नुकसानो को कम करे। '



लावारिस लाश का समाजसेवी पप्पू मोटवानी की टीम ने किया विधिवत अंतिम संस्कार

■ **100 से अधिक लावारिस लाशों के नि:स्वार्थ भाव से करते है अंतिम संस्कार**

कांकेर। 27 जुलाई को जिला अस्पताल में एक अज्ञात व्यक्ति को इलाज के लिए लाया गया था।

जहां इलाज के दौरान अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो गई ।जानकारी मिलते ही पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का सूचना के आधार पर मर्ग कायम कर धारा 174 के तहत पंचनामा बनाकर जांच किया गया।इस दौरान मृतक के वारिशन की पतासाजी के लिए सोशल मीडिया के अलावा अखबारों में खबर लगाई गई।एवम आसपास के गांव में मृतक की जानकारी जुटाई गई। 2 दिनों तक मृतक के वारिशन की सूचना नही मिलने पर 29 जुलाई को नगर के जनसहयोग समाज सेवी संगठन अध्यक्ष पप्पू मोटवानी को लावारिस लाश के अन्तिम संस्कार के लिए सौपा गया ।ततपश्चात 5 बजे लावारिस लाश का विधिवत तरीके से सामाजसेवी व पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों सहित जनसहयोग समाजसेवी संगठन के द्वारा अंतिम संस्कार किया गया ।इस दौरान पुलिस विभाग से चेतन साहू श्रवन चरण सामाजसेवीयो में मोहन सेनापति संतु रजक करन नेताम चरण यादव विकास चौरसिया उपस्थित रहे ।

बाजार खुलते ही सड़कों पर उमड़ पड़ा लोगों का हुजुम

मुंगेली। कोरोना महामारी में त्योहार को मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन ने लॉकडाउन में ढिल दी जिसमें सुबह 6 बजे से 10 बजे तक बाजार खोलने के निर्देश दिए गये। सुबह 6 बजे बाजार खुलते ही सड़कों पर लोगों का हुजुम उमड पड़ा सड़कों पर सड़कों के साथ-साथ दुकानों में भी भारी भीड़ नजर आई कुछ दुकाने 10 बजे के बाद भी खुली रही प्रशासन ने सकती बरते हुए कुछ दुकानों पर कार्यवाही भी की

जिल में कोरोना महामारी को देखते हुए पूर्व में लगे लॉकडाउन को बड़ा कर 6 अगस्त तक कर दिया है किन्तु त्योहारों को देखते हुए कुछ दुकानों को छुट दी गई जिनमें किराना दुकान ,अनाज दुकान ,मिठाई एवं राखी की दुकाने सुबह 6 से 10 बजे तक खुली रहेगी आज से प्रारम्भ हुए इस आदेश के बाद से दुकाने सुबह 6 बजे खुल गई लोगों को जानकारी लगते ही सामान लेने के लिए दुकान के सामने भारी भीड़ नजर आई चार दिनों तक बंद होने के बाद खुलने की वजह से लोगों की भारी भीड़ रही लोग सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करते नजर आये दुकानदार के साथ-साथ प्रशासन भी नियमों का हवाला देकर लोगों को समझाईस देते रहे लेकिन इसका असर देखने को नहीं मिला समय को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी रही। यही कारण रहा की कुछ दुकाने 11 बजे तक खुली रही । इस संबंध में तहसीलदार से जानकारी लेने पर तहसीलदार ने बताया की समय 10 बजे तक ही है। अधिक समय तक खोलने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। मुंगेली/ कोरोना का कहर साफ नजर आने लगा है। ओपन परिक्षाए में भी इसका असर देखने को मिला असाईमेंट जमा करने के लिए पहले तारिख तय की गई थी लेकिन लॉकडाउन के चलते तारिखों को बढ़ाया जा रहा है।

शहर के सभी वार्ड और ग्राम पंचायतों में टीम बनाकर कांटेक्ट ट्रेसिंग के निर्देश

■ **जिला स्तरीय कोरोना टास्क समिति की बैठक**

जगदलपुर। बस्तर जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की कार्यवाही शहर के सभी वार्डों और ग्राम पंचायतों में टीम बनाकर करने के निर्देश कलेक्टर रजत बंसल ने बुधवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कोरोना टास्क समिति की बैठक में दिए। उन्होंने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग हेतु जिनकी ड्यूटी लगाई जा रही है उनकी उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था भी करने कहा। समिति की बैठक में एसपी दीपक झा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं इंद्रजीत चंद्रवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री रेना जमील सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री बंसल ने मेडिकल कॉलेज के लैब में की जा रही कोरोना टेस्ट, एन्टीजन टेस्ट, ट्रूनेट टेस्ट की स्थिति का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को क्वारेंटाइन सेंटर, बाजार स्थलों और शहर के वार्डवार रेंडम सैंपलिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही एंबुलेंस व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर रूट चार्ट के आधार पर सेवाएं देने कहा। साथ ही क्वारेंटाइन सेंटरों की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिए।

जिले के सभी सीमा-चौकी में आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच करने के निर्देश भी दिए गए।

जिले में बढ़ते कोरोना के मरीज को ध्यान में रखते हुए कंटेन्टमेंट प्लान के लिए क्वारेंटाइन सेंटर, आइसोलेशन सेंटर, कोविड अस्पताल और पोस्ट ट्रीटमेंट क्वारेंटाइन सेंटर की व्यवस्थाओं पर चर्चा किया गया। धरमपुरा स्थित 250 सीटर आइसोलेशन सेंटर को बिना लक्षण वाले (एसीन्टोमेटिक) मरीजों के ईलाज करने हेतु आवश्यक व्यवस्था को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा 250 सीटर बकावण्ड, 400 सीटर करपावण्ड और 400 सीटर बेसोली के आइसोलेषन सेंटर को भी तैयार रखने को कहा गया है।

कलेक्टर श्री बंसल ने शहर में अन्य जगहों व जिलों से आने वाले व्यक्तियों की स्वास्थ्य परिक्षण के साथ-साथ होम कोरेंटाइन व्यवस्था को कड़ाई से पालन करने की कार्यवाही करने के लिए स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के अधिकारी को निर्देशित किए। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर थुकने वाले, मास्क का उपयोग नहीं करने वाले और दुकानों में सेनेटाईजर व सोशल-फिजिकल डिस्टेंस का पालन नहीं करने वाले के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मेडिकल दुकान संचालकों का भी रेंडम स्वास्थ्य परिक्षण करने के निर्देश दिए गए। 31 जुलाई से 06 अगस्त लॉकडाउन की अवधि में आवश्यक सामग्री हेतु सीजी हाट के माध्यम से होम डिलिवरी करवाने और शहर के सीमा में स्थित सभी शराब दुकान को बंद रखने के निर्देश दिए है।

चांवल घोटाले में लीपापोती, खुलेआम घूम रहे चांवल चोरी के आरोपी

■ मामले में अभी तक नहीं हुआ थाने में एफआईआर व गिरफ्तारी

राजनांदगांव। छुरिया विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नादियाखुर्द में विगत दिनों उजागर हुए सोसाइटी के सरकारी राशन चोरी के मामले में फरार आरोपी पिता-पुत्र अब खुलेआम गांव में घूम रहे है। जिससे शासन-प्रशासन के प्रति ग्रामीणों एवं पंचायतवासियों में जबर्दस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है विगत दिनों सरकारी राशन दुकान ग्राम पंचायत नादियाखुर्द से 124 मिंटल चांवल, 59 मिंटल गेंहू सहित शक्कर, अरहर दाल, नमक व अन्य सहित लाखों रुपये की राशन सामाग्री चोरी कर तथा विगत कई वर्षो का राशन वितरण संबंधित सरकारी रिकार्ड लेकर सोसाइटी संचालक देवसागर गुप्ता व सेल्समैन पुत्र हितेश गुप्ता फरार है। जिस दिन प्रशासन द्वारा राशन दुकान का ताला तोड़कर छापेमार कार्यवाही की गई तथा शासन से जारी राशन सामाग्री व पंचायत के डिपो में रखे गए सामाग्री की जांच व मिलान किया गया था जिसमें भारी मात्रा में राशन सामाग्री साथ ही विगत 5 सालों का राशन वितरण का पूरा सरकारी रिकार्ड गायब पाया गया। जिसे चोरी कर सोसाइटी संचालक देवसागर गुप्ता व सेल्समैन पुत्र हितेष गुप्ता फरार हो गया था। इन दोनों आरोपियों को सूचना देने के बाद भी मौके पर स्थल में ये लोग उपस्थित नहीं थे, लेकिन बाद में ये दोनों पिता पुत्र अब गांव में व अन्य जगहों पर खुलेआम घूमते फिरते देखे जा रहे है।

जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तब बात ही क्या कहना। जिस व्यक्ति के द्वारा पंचायत के सरकारी राशन दुकान का संचालन किया जा रहा था, उसी के द्वारा लाखो रुपये का चांवल गायब कर फरार हो गया ऐसे में कार्यवाही कौन करेगा। मामले की शिकायत सरपंच दीपक सिंह राजपूत द्वारा जिला कलेक्टर में की गई थी। फूड इंस्पेक्टर द्वारा जांच कर दुकान का ताला तोड़ा गया, पंचनामा बनाया गया, लेकिन उक्त मामले में अभी तक किसी ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया है, जबकि होना यह था कि उक्त मामले में सोसाइटी संचालक देवसागर गुप्ता व सेल्समैन पुत्र हितेश गुप्ता पर थाने में प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक हो जानी चाहिए थी, लेकिन मामले में प्रशासन द्वारा अब तक एफआईआर न कर आरोपियों को खुलेआम बचाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है जो कभी भी आंदोलन का रूप ले सकता है। ऐसे भी उक्त मामले में कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

आरोपी पिता पुत्र को स्थानीय छुटभैय्ये नेताओं द्वारा खुलेआम सरकारी राशन चोरी के मामले में बचाने की भरपूर कोशिश की जा रही है। सूत्रों से पता चला है कि छुरिया के कई स्थानीय छुटभैय्ये नेताओं के द्वारा भी आरोपी देवसागर गुप्ता व सेल्समैन हितेश गुप्ता को बचाने यहां-वहां सरकारी कार्यालयों में फोन लगाकर अफसरों पर दबाव बनाया जा रहा है।

चांवल चोरी का मामला सुर्खियों में आने के बाद अब पंचायत के सैकड़ों लोग दबे जुबान यह बता रहे है कि उन्हें पांच सालों के भीतर कई-कई महीने तक का राशन सामाग्री यह कहकर नहीं दिया जाता था कि उनका चांवल-गेंहू व मिट्टीतेल तो इस महीने आया ही नहीं है। इस प्रकार ग्राम पंचायत नादिया में विगत पांच सालों में लाखों रुपये का राशन घोटाला हुआ है जो अब पकड़ में आने से बचने के लिए रिकार्ड ही गायब कर दिया गया है।

■ न्यूज गैलरी

कबीरधाम जिले में मंगलवार देर रात को मिले 5 कोरोना पाजेटिव मरीज

कवर्धा। । एम्स रायपुर से मंगलवार को देर रात जारी रिपोर्ट के आधार पर कबीरधाम जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से संक्रमित 05 नए मरीज मिले है। नगर पंचायसत सहसपुर लोहारा में एक, कवर्धा विकासखंड के ग्राम खडौदा खुर्द में 3 और ग्राम सुरजपुरा में एक पाजेटिव मरीज मिले है। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने एम्स से जारी रिपोर्ट के आधार पर 05 नए कोरोना मरीज मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सभी सेल्फहोम क्वारेंटाइन पर थे। जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ केशव ध्रुव ने बताया कि सभी व्यक्तियों का बेहतर उपचार के कवर्धा कोविड केयर हॉस्पिटल उपचार किया जाएगा।

कबीरधाम जिले में 29 जुलाई को औसत वर्षा 14.7 मिली मीटर दर्ज

कवर्धा। कबीरधाम जिले में एक जून से 29 जून 2020 तक 295.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय कबीरधाम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को जिले में 14.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है, जिसमें रेंगाखारकला तहसील में 29.5 मिली मीटर, बोड़ला तहसील में 27 मिली मीटर और सहसपुर लोहारा तहसील में 8 मिली मीटर, पंडरिया तहसील में 5 मिली मीटर और कवर्धा में 4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। कबीरधाम में एक जून से 29 जून के मध्य औसत 295.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इनमें कवर्धा तहसील में 410.5 मिली मीटर, बोड़ला तहसील में 166 मिली मीटर और सहसपुर लोहारा तहसील में 406 मिली मीटर और पंडरिया तहसील में 222 मिली मीटर और रेंगाखारकला में 272 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

इंडियन फर्मासिस्ट एसोसिएशन का हुआ गठन

कवर्धा। जिले में इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन (आईपीए) जिला शाखा का गठन किया गया। सुंदर चंद्रवंशी को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। वहीं प्रमोद चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष व गुलाब वर्मा को सचिव मनोनित किया गया है। एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष सुंदर चंद्रवंशी ने बताया कि इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन (आईपीए) भारत का सबसे बड़ा एवं प्रतिष्ठित फार्मासिस्ट संगठन है। पूरे भारत वर्ष में संगठन के डेढ़ लाख से अधिक सदस्य हैं। आईपीए ग्लोबल हेल्थ वर्कफोर्स अलायंस (डब्ल्यू एच ओ) का सदस्य है। साथ ही इसे राष्ट्रीय फार्मासिस्ट संगठन का दर्जा भी प्राप्त है। यह संगठन छत्तीसगढ़ राज्य के कोने कोने से समस्त फार्मासिस्ट को एक मंच प्रदान करेगा। साथ ही राज्य में हर एक फार्मासिस्ट को रोजगार मुहैया कराने के साथ समाज मे फार्मासिस्ट को प्रतिष्ठा व गौरव प्रदान करेगा। समस्त फार्मासिस्ट की समस्याओ के निदान के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

जिले में ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से अब तक 4 लाख 49 हजार 238 आवेदनों का हुआ निराकरण

कवर्धा। ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से आय, जाति, निवास के आवेदन लिए जा रहे है। जिले मे आज तक ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से 4 लाख 97 हजार 430 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें 4 लाख 49 हजार 238 आवेदनों का निराकरण किया जा चूका है। वर्ष 19-20 में कुल 92 हजार 495 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 87 हजार 58 आवेदनों का निराकरण किया जा चूका है। वर्ष 19-20 मे ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से 94 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया है। ई जिला प्रबंधक देवेश सिंह ने बताया कि ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से एसएमएस के माध्यम से सभी हितग्राहियों को उनका प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराया जाता है। दस्तावेज कमी के कारण आवेदन वापस होने पर हितग्राही को एसएमएस के माध्यम से जानकारी मिलती है, जिसे हितग्राही नजदीकी लोक सेवा केंद्र, बेब सेण्टर से अपने आवेदन की सुधरवा सकता है। जिसके लिए हितग्राही को तहसील कार्यालय आने की कोई आवश्यकता नही है एवं जैसे ही हितग्राही का आवेदन अनुमोदित हो जाता है तो हितग्राही के मोबाइल मे एसएमएस आता है जहा से हितग्राही अपना प्रमाण डाउनलोड कर सकते है। डिप्टी कलेक्टर अनिल सिदार ने जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया, सहसपुर लोहारा को पत्र जारी कर तहसीलवार विधिवत आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र का लंबित आवेदनों को निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रेषित सुनिश्चित करने के लिए कहा।

युवा उड़ा रहें धुएं का छल्ला, फैशन बन रहा नशा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा । ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा सकता है कि युवावर्ग एक स्थान पर बैठकर दम लगाते है। इसके साथ ही नौनिहाल भी पिछे नहीं रहे ये तो सिगरेट के धुंओं का छल्ला बनाकर अपनी दोस्तों से शाबाशी लेते हैं आज नशे ने इन्हें अपनी ओर खींचना शुरू कर दिया है। पर इन नौनिहालों को शायद ये पता नहीं कि ये गांजा में दम या सिगरेट में सुट्टा नहीं लगाते बल्कि ये नशीले पदार्थ इनके जीवन पर ही दम लगाता है। दिन बदिन क्षेत्र में गांजा जनित बिमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है। कई दम बाज गंजेड़ी तो इस नशे के आगे घुटने टेककर मानसिक एवं शारीरिक रोगों से ग्रस्त होकर घुट-घुट कर जीने मजबूर है। गांजा एक ऐसा नशा है जो इसके शौकीन को बड़ी सरलता से कम दामों में मिल जाता है। क्षेत्र में कई ऐसी दुकानें है जहां 10 से 20 रूपए में गांजा की पूड़िया मांगने पर आसानी से मिल जाती है। जिसके चलते इस नशे के शौकीन भी ज्यादा है। और नगर के पुल-पुलिया - नदी- तलाब व सुनसान क्षेत्रों में बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक चिलम में गांजा भरकर दम लगाते हुए नजर आ जाते है।

परिणाम यह है कि आज नगर की कई ऐसी गलियों में गांजा के नशे में चूर दर्जनों गंजेड़ी घूम रहे है। गांजा आज युवा पिढ़ी हो या बुजुर्ग इसके नशे से उत्पन्न होने वाली मानसिक रोग से धीरे-धीरे कर ग्रसित हो रहे है। इस रोग के चलते ये मरीज अपने आप में मदमस्त रहकर गुमसुम रहते है। क्योंकि कहते है कि गांजा का नशा दिमाग पर असर करता है और नशेड़ी गुमशुम होकर बैठा रहता है। कई गंजेड़ियों की हालत तो इतनी खराब है कि उन्हें न तो कपड़े पहनने का होश है और न ही खाने-पीने का सुध। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि इन गंजेड़ियों कि कतार में महज 16-17 वर्ष के बच्चे भी शामिल हो रहे है। इन बच्चों ने भी अपने बड़ो की देखा-सीखी में गांजा का दम भरने से लेकर उसके जहरीले धुंए को अपनी हलक के नीचे उतारना सीख लिया है। चिकित्सकों के अनुसार गांजा कई प्रकार के शारीरिक रोगों का कारक है। गर्मी के दिनों में तो यह जहर की तरह काम करता है। इस नशे के आदि अधिकांश गरीब परिवार के लोग है। जिनके पास न तो खाने के लिए पैसा होता है और न ही कोई दूसरे प्रकार के नशे के लिए। मजबूरन वे अपनी इस तलब को मिटाने के लिए कम कीमत में मिलने वाले गांजा का सहारा लेते है और पैसे के अभाव के चलते इन्हें पौष्टिक आहार नहीं मिल पाता और गांजा गंजेड़ियों के शरीर को खोखला कर देता है। कई ऐसे गंजेड़ियों को देखा गया है। कि गांजा के नशे में धूत अपने आप से बातें करते रहते है। गांजा के नशे ने आज बूढ़े-बच्चे एवं युवाओं को भी अपनी चपेट में ले लिया है। आज भी दम लगाने वाले नदी तालाब व सुनसान जगहों पर देखे जा सकते है।

अब मोबाइल विहीन बच्चों की चिंता

लाउड स्पीकर से भी होने लगी पढ़ाई

■ शाला विकास समितियों की भी सहभागिता

राजनांदगांव। पढ़ई तुंहर दुआर तहत आन लाइन पढ़ाई तो हो ही रही है अब मोबाइल विहीन विद्यार्थी भी आज की विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा से वंचित नहीं होंगे। अब लाउड स्पीकर के माध्यम से उन्हें शिक्षा दी जा रही है। कोरोना संक्रमणकाल में नित नए प्रयोग कर बच्चों में सीखने की रुचि में निरंतरता बनी हुई है।

बता दें कि मंगलवार को डोंगरगांव स्थित संकुल भवन में स्कूली गतिविधियां व पढ़ई तुंहर दुआर की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में बीईओ आरएल पात्रे, बीआरसी अरविंद रक्षाकर, पढ़ई तुंहर दुआर के नोडल अधिकारी राजेश शर्मा, एबीईओ जयंत साहू सहित

संकुलों के समन्वयक उपस्थित थे। बैठक में जहां एजेंडवार जानकारियां तलब की गई। बीईओ श्री पात्रे ने मांगी जाने वाली जानकारियां समय सीमा में उपलब्ध कराने निर्देशित करते हुए पढ़ई तुंहर दुआर तहत मोबाइल विहीन बच्चों की शिक्षा बाधित न होए इस पर और बेहतर कार्य करने पर बल दिया।

पढ़ई तुंहर दुआर के नोडल अधिकारी ने बैठक में बताया कि खंड क्षेत्र में आन लाइन पढ़ई तो निरंतर जारी है, अब ऐसे बच्चे जिनके पास मोबाइल उपलब्ध न होने के कारण आन लाइन क्लास का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें लाउड स्पीकर के माध्यम से शिक्षा देने की शुरुआत जंगलपुर क्षेत्र के ग्राम कोटरासरार से हो चुकी है। श्री शर्मा ने कहा कि इसी तरह से मोहल्ला क्लास लगाकर गांव के ही ज्ञानवान प्रेरकों द्वारा कई गांव में शिक्षा दी जाने लगी है।

बैठक में बीआरसी श्री रक्षाकर ने बताया कि खंड क्षेत्र के रामपुर, साल्हे, आरी, बड़गांव चारभाठा, भटगुना, सुखरी, सिरींभाटा, गिरगांव, दीवानभेंडी, तेंदुनाला, गाताटोला, जंतर, चिचदो, खैरी, पेंडरवानी सहित कुछ अन्य गाँव मे जल्द ही लाउडस्पीकर माध्यम से पढ़ाई शुरू की जाएगी। इसके लिए संबंधित संकुलों के समन्वयकों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं।

संक्रमणकाल में शासन के सुरक्षा निर्देशों का पूरी तरह से पालन करते हुए आयोजित इस समीक्षा बैठक में साधुराम साहू, पुष्पेंद्र साहू, दानीराम वर्मा, विजय जैन, मेघदास, नेतराम साहू, केके गंगबेर, दिलेश्वर शांडिल्य सहित अन्य सीएसी उपस्थित थे।

गोधन न्याय योजना एवं गौठान की देखरेख में किसी तरह की लापरवाही एवं अनियमितता नहीं होनी चाहिए : वर्मा

■ कोविड-19 की महामारी में सभी नियमों का पालन करें

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं अनुविभाग स्तर के अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि गौठान में गोबर की खरीदी जारी है। सभी जनपद सीईओ 5 अगस्त तक किसानों को भुगतान की राशि प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने गौठान समिति का खाता कॉपरेटिव बैंक में खोलने के निर्देश दिए। गोबर विक्रय करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी उनका बैंक खाता एवं आईएफएससी कोड का पूर्ण विवरण रखें। उन्होंने अधिकारियों को निजी गौठान एवं कांजी हाऊस के जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान की देखरेख में किसी तरह की लापरवाही एवं अनियमितता नहीं होनी चाहिए। पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी नियमित परीक्षण करें। उन्होंने सभी जनपद सीईओ से कहा कि गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं सीएमओ गंभीरता से कार्य करें।

नीलू चंद्रवंशी ने लिया वनांचल क्षेत्र के कुई कुक्दुर में जोंन स्तरीय बैठक

कवर्धा। वनांचल क्षेत्र के ग्राम कुई में जोन स्तरीय बैठक जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के नेतृत्व में रखा गया स नीलू चंद्रवंशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में कोरोना वायरस का संक्रमण दिन प्रति दिन बढ़ते जा रहा है ऐसे में वनांचल क्षेत्रो में भी इसका खतरा बढ़ते जा रहा है । इसलिए इस समस्या से निपटने हेतु क्षेत्र की सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को अगे आना है एवं लोगो को कोरोना की समस्या एवं बचाव को बताते हुए जागरुक करना है साथ ही कोरोना से बचाव के लिए उपयोगी वस्तुएं आमजन को उपलब्ध करने में सहयोग करना, श्री चंद्रवंशी ने गोधन न्याय योजना को लेकर सभी कार्यकताओं को कहा की गोधन न्याय योजना हमारे छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना है जिसके तहत गोबर विक्रेता पशुपालको से गोबर खरीद कर बिक्री की राशी का भुगतान

सीधे उनके बैंक खाते में डाला जायेगा राज्य शासन ने गोधन न्याय योजना के क्रियांवय के लिए कम्पूटरिकरीत प्रबंधन प्रणाली का सम्बन्धी दिशा निर्देश जारी किया है इसके अनुसार गोबर की खरीदी बिक्री एवं वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री का सम्पूर्ण विवरण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज किया जायेगा इस योजना से किसानो को प्रत्यक्ष तौर पे लाभ मिलेगा सरकार पशुपालकों से गोबर खरीदी कर उसका वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाकर कम दर में किसानो को उपलब्ध कराएगी जिससे मृदा के लिए हानिकारक रासायनिक खादों की उपयोगिता में कमी आएगी एवं मिटटी की उर्वरक क्षमता में वृद्धि होगी जिससे फसलों का अधिक पैदावार का मुनाफा किसानो को मिलेगा, नीलू चंद्रवंशी ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए कहा की इस कोरोना महामारी जैसे विपदा की विकट घडी में सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओ को आमजन के मदद के लिए आगे आना है साथ ही उनके समस्याओं का निराकरण करने में उनकी सहायता कांग्रेस कार्यकर्ता को करनी है।

छत्तीसगढ़ के वाद्ययंत्र कहीं म्युजियम मे न रखा जाये

■ पांरपरिक धून पर आधुनिकता हावी

कवर्धा। छत्तीसगढ़ की वाद्ययंत्रो को एक अलग ही पहचान है जब इन वाद्ययंत्रो को बजाया जाता था तो लोग आसानी से समझ जाते थे कि गांव मे कौन सा कार्यक्रम हो रहा है, वहीं शादी ब्याह मे बेटी की बिदाई पर इनकी धून को सुन सहज ही आंखो से आंसु छलक आता था छत्तीसगढ की पारंपरिक धून जहां लोगो को थिरकने पर मजबूर कर देती थी वहीं बिदाई के समय लोगो की आंखे नम हो जाती थी । चिंकारा की धून और निशान (गडवा बाजा) की थाप और मोहरी लय अब आधुनिकता की दौर लुप्त होते जा रही है आने वाले दस वर्षो मे कहीं ऐसी स्थिती बनी रही तो ये वाद्ययंत्र म्युजियम मे शोभा बढ़ाते नजर आते

आयेगी, छत्तीगढ की परंपरागत अनुसार शादी ब्याह मे इन्ही शहनाईयों का उपयोग किया जाता रहा पुराने बुजुंग भी इन परंपरो को बनाये रखने नई पीढी को सिखा रहे है लेकिन आधुनिकता युवाओ पर पुरी तरह से हावी हो चुका है आज जहां शादी ब्याह मे डीजे का प्रयोग किया जाता है वहीं छत्तीगढ की भडौनी गीत भी लुप्त हो रही है। पुराने बुजंगों की माने तो छत्तीगढ के यह वाद्ययंत्र सहज ही लोगो को अपनी ओर आकर्षित करती थी इस धून की लय मे ध्वनि प्रदुषण भी नही होता था बल्कि लोग इसकी लय मे गुनगुनाते हुए रम जाते थे इन वाद्ययंत्रो को बजाने वाले लोगो का पहनावा ही आकर्षित कर इनकी पहचान बताती थी सिर पर जहां लाल गुलाबी सफेद हरे रंग कलंगी लगाते थे वहीं कमर पर घुंघरु का पट्टा बांधे रहते थे और इस छत्तीसगढी वाद्ययंत्रो को बजाने वाले सहित सुनकर आस पास के लोग भी झुमने लगते थे छत्तीसगढ की यह परंपरा एक अलग ही पहचान बनाती थी लेकिन आज के दौर मे ये वाद्ययंत्र विलुप्त होते नजर आ रहे है। एक दिन ऐसा न आ जाये कि यह वाद्ययंत्र सिर्फ शोभा बढाने का कार्य करे इन्हे संजोकर रखना अति आवश्यक है जिसे आने वाले नई पीढी इन वाद्ययंत्रो का महत्व समझ सके,और इन वाद्ययंत्रो का बखुबी उपयोग कर सके।

दिक्कत रजिस्ट्री और नामांतरण पर लगाई गई रोक

वार्डवासियों ने घेरा निगम कार्यालय, आयुक्त को बताई कॉलोनी की समस्याएं

राजनांदगांव। न्यू खंडेलवाल कॉलोनी ममता नगर, गली नंबर 1 से 4 तक बसायी गयी कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा ले आउट में दिखायी गयी गार्डन की भूमि सभी गलियों से गायब कर दी गयी है। प्रत्येक गली में 2-2 गार्डन प्लाट नक्शे में कॉलोनीवासियों को दिखाकर कॉलोनाइजर ने प्लॉट्स बुकिंग कराकर कॉलोनी तो बसा दिया, किन्तु हरियाली के लिए रखी गयी गार्डन की जमीन को भी बाद में या तो बेच दिया गया या फिर ऐसी ही कोशिश की जा रही है। पार्षद संतोष पिल्ले के साथ कॉलोनीवासियों ने आयुक्त से मुलाकात कर समस्या का समाधान निकालने ज्ञापन सौंपा।

न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में रहने वालों ने अपनी उक्त समस्या को लेकर अनेक बार कॉलोनाइजर अजय शर्मा से मुलाकात की, किन्तु कॉलोनीवासियों के साथ बैठक में कही गयी बातों और दी गयी स्वीकृति को हर बार कॉलोनाइजर ने बाद में नकार दिया। सबसे बड़ी बात यह कि अजय शर्मा यह कहते भी नहीं

थकता है कि उसके पास निगम की वह स्वीकृति भी है, जिसमें उसे गार्डन का प्लाट बेचने की अनुमति दी गयी है। अपनी इन्हीं सारी समस्याओं को लेकर कॉलोनी का एक प्रतिनिधि मंडल पार्षद सहित निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक से मुलाकात करने पहुंचा। श्री कौशिक ने कॉलोनीवासियों की समस्याओं को सुनने के बाद त्वरित रूप से तहसील कार्यालय में विवादित स्थानों के प्लाट बिक्री और रजिस्ट्री पर रोक लगाने दिशा-निर्देश जारी करने कहा है।

पूरे मामले में यह बात खुलकर सामने आ रही है कि कॉलोनाइजर अजय शर्मा ने कॉलोनीवासियों से चर्चा किये बैगर जहाँ एक ओर गार्डन के प्लाट को बेच दिया। वहीं दूसरी ओर अविकसित कॉलोनी में सभी गार्डन के बदले 40/416 फीट की जगह इस हेतु देने निगम में सूचना देकर उसे निगम को सौंपने की प्रक्रिया भी पूरी कर दी। सवाल यह है कि कॉलोनीवासी उक्त अविकसित प्लाट पर गार्डन के पक्ष में नहीं हैं। दूसरी बात यह भी की जितना स्थान दिए जाने की बात कही गयी है वह मात्र एक गली का ही रूप अख्तियार कर सकती है गार्डन का कतई नहीं। बहरहाल निगम आयुक्त ने अब उक्त चारों गलियों के प्लाट बिक्री और रजिस्ट्री पर रोक लगाकर कॉलोनीवासियों को न्याय दिलाने का बिगुल फूंक दिया है।

प्रदेश सह संयोजक आम आदमी पार्टी को दी ठेकेदार ने जान से मारने की धमकी

- आप ने दिया थाने में आवेदन
- जिले में रूर्बन योजना में हुआ है करोड़ो का घोटालाह्न आशुतोष पांडेय
- ग्राम पंचायतों पर राजनेताओ से दबाव बनवा लिया गया करोड़ो का एडवांस

कोंडागॉव। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक आशुतोष पांडेय ने जिले में विकाश कार्यो के आये विभिन्न योजनाओं के जनता के पैसों का राजनेताओ के संग मिलकर शासकीय राशि के बंदर बांट करने का आरोप लगाया है।

आशुतोष ने कहा है कि ऐसे ही एक 18 लाख रु ऐडवांस लेकर भी काम न करने वाले ठेकेदार ने मामले को उजागर करने पर घोटालेबाज ठेकेदार ने बौखलाहट में आप के नेता को देख लेने की धमकी तक दे डाली।

मामले पर आप पार्टी की ओर से बाकायदा थाने में

एफआईआर के लिए आवेदन भी दिया गया है। आप के नेता आशुतोष ने कहा कि रुबन क्लस्टर के तहत नलजल योजना के नाम पर ग्राम पंचायत कुकाड़ गारकापाल से राजनेताओ के संरक्षण में व दबाव बनवा बाकायदा ऐडवांस लेकर भी काम

नही करने के मामले में विकास जैन ने घोटाला उजागर करने पे फोन पर ही जान से मारने की धमकी दी साथ ही राजनीतिक रसूखदारों तक पहुंच का हवाला देते उससे उलझने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहने की बात तक कह डाली।

वर्धमान एसोसिएट के नाम राजनीतिक सह पे करोड़ो का घपला

आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान से तिलमिलाए ठेकेदार विकास जैन ने पार्टी नेता आशुतोष पांडे को कॉल पे जान से मारने की धमकी दी, ज्ञात हो की जिले में आशुतोष ने लगातार भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाया है, इसी क्रम में जब ग्राम कुकाड़ गारकापाल में नल जल योजना में भारी भ्रष्टाचार की खबर का अन्वेषण किया गया तब पता चला की विकास जैन ने वर्धमान एसोसिएट के नाम जो उसकी पारिवारिक फर्म है के माध्यम से पंचायत पर दबाव बना कर 18लाख 2000 रुपये एडवांस कार्य किये बिना ही ले कर रफूचक्कर हो गया और इतना ही नहीं , जब उसे पता चला कि आम आदमी पार्टी इस घोटाले का भंडाफोड़ करने वाली है तो पार्टी के सह संयोजक आशुतोष को सीधा कॉल पर जान से मारने की धमकी दी और यह भी कहा कि मेरा घोटाला उजागर किया तो जान से हाथ धो बैठोगे तुम तुम्हारा परिवार मेरे निशाने पे है, मेरी पहुच बड़ेबड़े राजनीतिक लोगो मे है। जानकारी देते आशुतोष ने कहा कि धमकी की जानकारी तत्काल रात को ही थाना प्रभारी को फोन कॉल के माध्यम से उनके द्वारा दी गई,साथ ही दूसरे दिन मामले पर उन्होंने कोतवाली कोंडागॉव में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है।

न्यूज गैलरी

अतिथि शिक्षकों (विद्या मितान) संघ ने प्रदेश कार्यकारिणी को किया भंग

बचेली। राज्य स्तर अतिथि शिक्षकों ने प्रत्येक जिला अध्यक्ष को कोर केमटी का सदस्य बनाकर बीते दिनों 24-07-2020 को बेबीनार एप्स के जरिए से ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया जिसमें 20 जिले के जिला अध्यक्ष एवम् प्रतिनिधि शामिल हुए उससे पहले सभी जिले के अतिथि शिक्षकों से राय लिया गया कि भंग करने का कारण भी बताया गया जिससे सभी जिले के अतिथि शिक्षकों ने सहमति प्रदान किया गया। मीटिंग में यह निष्कर्ष निकला सभी ने भविष्य को देखते हुए नियमितीकरण हेतु रणनीति बनाकर कार्य करने संबंधी विस्तृत चर्चा किया गया ,जिसमें यह भी फैसला लिया प्रभारी के रूप में कार्य कर रही उन्हें पद से तत्काल मुक्त करते हुए पत्र जारी हुआ, आगामी प्रत्यक्ष चुनाव तक प्रदेश पदाधिकरियों के पद को रिक्त रखते हुए, जिला अध्यक्षों की बनी कोर कमिटी द्वारा जिला, संभाग एवम् राज्य स्तर का कार्य किया जाना प्रस्तावित हुआ , यह भी निर्णय लिया गया यदि पूर्व पदाधिकारी वर्तमान में पद का दुरुपयोग करते पाए गए तो दंडात्मक कार्यवाही किया जाएगा ।

बस्तर जिला सूण्डी (सेठिया) समाज ने नवनियुक्त संसदीय सचिव रेखचंद जैन को दी बधाई

जगदलपुर। आज स्थानीय विधायक कार्यालय में बस्तर जिला सूण्डी (सेठिया) समाज ने जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन को संसदीय सचिव (नगरीय निकाय और श्रम कल्याण) नियुक्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समाज के जिलाध्यक्ष शेर सिंह सेठिया के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ लोगों ने संसदीय सचिव रेखचंद जैन को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर समाज के संगठन सचिव खगपति सेठिया संचालक राधे सेठिया , मुरलीधर सेठिया एवं महेंद्र सेठिया उपस्थित रहे।

गणेश चतुर्थी को लेकर टेन्ट हाउस तथा मूर्तिकारों की बैठक

सक्ती नगर पालिका के सभागृह में गणेश चतुर्थी को लेकर 29 जुलाई को टेन्ट हाउस तथा मूर्तिकारों की बैठक नायब तहसीलदार शिव कुमार डनसेना एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान द्वारा ली गई । गणेश चतुर्थी में गणेश स्थापना को लेकर बैठक ली गई जिसमें मूर्तिकार एवं टेन्ट डेकोरेशन करने वाले उपस्थित थे । तहसीलदार शिव कुमार डनसेना ने बताया कि कोविड-19 को देखते हुये शासन द्वारा गाईड लाईन का पालन करते हुये दिशा निर्देष तहत गणेश पंडाल 10 गणेश 10 से नही बनना है तथा पंडाल में साउंड सिस्टम डी.जे. नही बजाना है एवं मूर्तिकारों को कहा गया कि गणेश जी की मूर्ति 4 फीट से ज्यादा नही होना चाहिये तथा शासन के नियम का पालन करने का निर्देष दिया । उक्त बैठक में नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत समस्त मूर्तिकार एवं टेन्ट संचालक उपस्थित थे ।

कोल साईडिंग का जायजा लेने कोरबा पहुंचे डीआरएम

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। एसईसीआर बिलासपुर मंडल के एडीआरएम बुधवार को कोरबा पहुंचे। उनके साथ वाणिज्यक प्रबंधन और अन्य अधिकारी भी आए। कोरबा में कुछ देर बिताने के बाद रेल अधिकारियों ने कुसमुण्डा और गेवरा कोल साईडिंग का निरीक्षण किया।

रेलवे के अधिकारियों को कुछ दिनों से अपना पूरा ध्यान कोयला लदान पर लगाना पड़ा है। लाकडाउन के दौर में रेलवे की

गतिविधियां काफी हद तक प्रभावित हुई है। यात्री गाडियों को परिचालन बंद है। ऐसे में वाणिज्यिक गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में यह देखना जरूरी है कि खदानों से आने वाले कोयला के लिए कोल साईडिंग में व्यवस्था है या नहीं। एडीआरएम श्यामसुंदर, डीएसओ कश्यप ने कुछ अधिकारियों के साथ बुधवार को कोरबा पहुंचकर जरूरी जानकारी ली। इसके बाद वे गेवरा रोड रेल साईडिंग का निरीक्षण करने पहुंच गये। कोरबा एआरएम मनीष अग्रवाल भी उनके साथ थे। इसी कड़ी में दीपका साईडिंग का भी जायजा लिया गया। वहां से लौटने के बाद एडीआरएम से मीडिया ने प्रवास के बारे में जानकारी लेनी चाही लेकिन उन्होने दूरी बनाई। इससे पहले होने वाले दौरों में अधिकारी निरीक्षण के संबंध में जानकारी देने से परहेज नहीं करते थे। अब की बार सोसल डिस्टेंस बनाये जाने पर कई सवाल खड़े हो रहे है।

गयात्री ट्रेनों के संचालन पर संशय

कोरबा से विभिन्न क्षेत्रों को संचालित होने वाली यात्री ट्रेनो की यथा स्थिति कब तक ठीक हो पायेगी, इस बारे में हर कोई बेचैन है। जोन से कुछ ही ट्रेन खास रास्तों के लिए चलाई जा रही है। कोरबा जिले के लोग चाहते है कि कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस का संचालन शुरू किया जाये। उपचार और अन्य कार्यों के लिए बिलासपुर, रायपुर जाने वाले लोगों के पास इतना रूपया नहीं है कि वे बार-बार व्यक्तिगत साधन पर ज्यादा खर्च कर सके। कुछ दिनों पहले पार्सल गाड़ी की सुविधा कोरबा से दुर्ग के लिए शुरू की गई थी। जिसे कुछ समय बाद बंद कर दिया गया। तर्क दिया गया कि जितनी मात्रा में बुकिंग मिलनी चाहिए, उसकी तुलना में कमी है।

आऊटपल्ली के जंगलों में पुलिस-माओवादियों के बीच मुठभेड़, मुठभेड़ में डीआरजी का 1 जवान घायल

- मुठभेड़ पश्चात जंगल का सर्च करने पर मौके से 01 पिट्ठू, 01 आईईडी, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, मेडिसिन, वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया

बीजापुर - नवप्रदेश। 28 जुलाई से माओवादियों के द्वारा मनाये जा रहे शहीदी सप्ताह को देखते हुये थाना बासागुड़ा से डीआरजी, जिला बल, केरिपु 168, कोबरा 204 का संयुक्त बल माओवादी विरोधी अभियान पर लिंगागिरी, आउटपल्ली की ओर रवाना हुये थे।अभियान के दौरान आउटपल्ली के जंगलों में माओवादियों के द्वारा

पुलिस पार्टी पर अचानक फायरिंग करने से डीआरजी के 01 जवाना लक्ष्मण बेंड़जा के दाहिने पैर पर गोली लगी। पुलिस पार्टी द्वारा जवाब में नक्सलियों का मुहतोड़ जवाब दिया गया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में नक्सली जंगल पहाड़ का फायदा उठा कर भाग खडे हुये। घायल जवान को रेस्क्यु कर सुरक्षित केंरिपु बल के युनिट अस्पताल बासागुड़ा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात हेलीकाप्टर के माध्यम से बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल जगदलपुर भेजा गया। जवान की हालत खतरे से बाहर है। मुठभेड़ पश्चात जंगल का सर्च करने पर मौके से 01 पिट्ठू, 01 आईईडी, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, मेडिसिन, वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया।

कोरोना की जांच के लिए तेज होगी सैम्पलिंग, हर दिन साढ़े तीन सौ सैम्पल लेने की योजना

- कलेक्टर श्रीमती कौशल ने दिये जांच तेज करने दिए निर्देष, दिनवार योजना तय

कोरबा ।कोरोना वायरस के तेजी से फैलाव को ध्यान में रखते हुए समय रहते संक्रमिती की पहचान करने के लिए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना जांच तेज की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने कोरोना की जांच के लिए दिनवार सैम्पल एकत्रित करने की सीएमएचओ कार्यालय की योजना पर सहमति दे दी है। कलेक्टर ने कोरोना की जांच के लिए सैम्पलिंग तेज करने के निर्देश दिए है। उन्होने हर दिन लगभग साढ़े तीन सौ लोगो के सैम्पल कोरोना जांच के लिए भेजने का लक्ष्य भी तय किया है। श्रीमती कौशल ने बताया कि कोरोना संक्रमण को समय रहते पहचानने पर संक्रमित व्यक्ति को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल भेजा जा सकता है। साथ ही संक्रमण की पहचान हो जाने पर अन्य लोगो में भी संक्रमण फैलने से रोका जा सकता है। इसीलिए जिले में कोरोना की जांच के लिए तेजी से लोगो के नमूने लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के तहत हर दिन साढ़े तीन सौ के लगभग लोगो के सैम्पल जांच के लिए लेने का लक्ष्य रखा गया है।

जिले के सीएमएचओ डॉ. बी.बी. बोर्डे ने बताया कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना जांच के लिए लोगो के सैम्पल लिए जाएंगे।

एनटीपीसी ने दर्ज किया 977.07 मिलियन यूनिट का उच्चतम दैनिक सकल उत्पादन

- लारा, कोरबा एवं सीपत ने हासिल किया 100 प्रतिशत पीएलएफ़

कोरबा। देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने 28 जुलाई 2020 को 977.07 मिलियन यूनिट का उच्चतम दैनिक सकल उत्पादन दर्ज किया। एनटीपीसी के कुल उत्पादन में उसकी सहायक एवं संयुक्त उपक्रम कंपनियों से उत्पन्न विद्युत उत्पादन भी सम्मिलित है।

इसके पांच पावर स्टेशन - जिसमें लारा, कोरबा एवं सीपत छत्तीसगढ़ से, तालचेर कनिहा ओड़िशा से और कोलडेम हाइड्रो हिमाचल प्रदेश ने असाधारण प्रदर्शन करते हुये इस दिन 100त्न प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) हासिल किया। एनटीपीसी का पिछला सर्वश्रेष्ठ दैनिक प्रदर्शन 12 मार्च 2019 को 935.46 मिलियन यूनिट था।62910 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता के साथ, एनटीपीसी समूह के पास कुल 70 पावर स्टेशन हैं, जिसमें से 24 कोयला आधारित, 7 संयुक्त चक्रीय गैस / तरल ईंधन, 1 हाइड्रो, 13 नवीकरण ऊर्जा के साथ 25 सहायक और संयुक्त उपक्रम पावर स्टेशन हैं।

जिला दंतेवाड़ा की अनियमित बहनें सीएम को राखी भेजकर मांगेगी नियमितीकरण का उपहार

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ राज्य इकाई के आवाहन पर मिशन रक्षा सूत्र कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसके तहत अनियमित कर्मचारी बहने प्रदेश के मुखिया माननीय भूपेश बघेल जी को रक्षा बंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र भेज कर अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए सौगात मांगेंगे । हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के प्यार का पर्व है, जिसमें बहन अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर अपनी सुरक्षा का संकल्प लेती है और भाई जीवन भर उसकी सुरक्षा के लिए वचन देता है । प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद अनियमित कर्मचारी अपनी सुरक्षा को लेकर उत्साहित थे उन्हें विश्वास था कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल सरकार बनते ही उन्हें नियमित करेंगे किंतु सरकार बनने की कई महीने बीत जाने के

बाद भी आज पर्यंत तक सरकार ने अनियमित कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं किया जिसे देखते हुए इस धार्मिक पर्व पर अनियमित कर्मचारी बहने एवं समस्त अनियमित कर्मचारी अपने परिवार के महिला सदस्य जैसे मां बहन पत्नी बेटी की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को अपना भाई मानते हुए अपनी नौकरी की सुरक्षा का वचन लेने के उद्देश्य से एवं नियमितीकरण की आस लगाए हुए उन्हें रक्षा सूत्र भेजेंगे ।

दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने बताया कि राज्य इकाई के आव्हान पर दंतेवाड़ा जिले की अनियमित कर्मचारी बहने एवं उनके परिवार जनों के द्वारा भी निशान रक्षा सूत्र को आगे बढ़ाते हुए माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र भेजेंगे जिले से लगभग राखियों भेजने का लक्ष्य है इन राज्यों को बेचते हुए जिला दन्तेवाडा के समस्त अनियमित कर्मचारी मुख्यमंत्री जी से अपने नियमितीकरण एवं नौकरी की सुरक्षा का आस रखती है ।

बरसात में कटाई का प्रावधान न होने के बाद भी कैसे काटे बांस

- भाजपा विधायकों ने मौके का किया निरीक्षण
- कहा-जमकर हुई है धांधली

कोरबा। बांस कटाई मामले की जांच करने गठित भाजपा विधायक दल के अध्यक्ष रामपुर विधायक ननकीराम कंवर समेत सदस्य मंगलवार को बांकीमोंगरा के हल्दीबाड़ी का निरीक्षण करने पहुंचे थे। जांच दल के सदस्य व अकलतरा विधायक सौरभ सिंह ने इस मामले को एक बड़ी साजिश करार देते हुए सीधे प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। सौरभ ने कहा कि अचानक बरसात में बांस काटे जा रहे है। बांस भी खैरागढ़ से मंगाए जा रहे, जो ट्री गार्ड बनाने के नाम पर एक अज्ञात ठेकेदार व काल्पनिक वन समिति को भेजे जा रहे। यह अज्ञात ठेकेदार व वन समिति प्रदेशभर में ट्री गार्ड की आपूर्ति कर रही। बड़े पैमाने पर हो रही गड़बड़ी बिना प्रदेश सरकार के संरक्षण के संभव नहीं है।

बांकीमोंगरा में जांच के बाद भाजपा विधायक दल में शामिल उप

नेता व मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्ण मूर्ति बांधी व अकलतरा विधायक सौरभ सिंह टीपी नगर स्थित जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक चावलानी के दफ्तर में मीडिया से रूबरू हुए। विधायक सौरभ ने जांच के बिंदुओं के बारे में बताते हुए कहा कि बांस बिना किसी आदेश के काटे गए। वहां पर हरे-भरे बांस कटे पाए गए, जिसके अवशेष भी मौके पर दिख रहे। वन विभाग के अफसर लीपापोती कर सूखे बांस की कटाई की बात कह रहे है। प्रदेशभर में ट्री गार्ड लगाए जा रहे हैं, जिसके लिए बांस बड़े पैमाने पर खैरागढ़ से मंगाए जा रहे है। सवाल यह है कि ट्री गार्ड आखिर कौन बना रहा? एक अज्ञात ठेकेदार और एक काल्पनिक वन समिति, जो ट्री गार्ड बनाकर प्रदेशभर में आपूर्ति कर रही। न केवल कोरबा में, बल्कि बिलासपुर, रायगढ़ व अंबिकापुर समेत हर जगह भेज रहा। बिना प्रदेश सरकार के संरक्षण के ऐसा काम इस पैमाने पर संभव नहीं। यदि सरकार का संरक्षण न होता, तो बिना आदेश के बांस न कटते। उन्होंने सवाल किया कि बिलासपुर वन वृत्त में बांस की कमी नहीं, जो इतनी दूर खैरागढ़ से मंगाए जा रहे। इसमें कहीं न कहीं एक बड़ी साजिश की गंध आ रही है। ट्री गार्ड बनाने अलग से ठेका दिया जा रहा। मूल बात यह है कि अचानक इस स्थल के बांस को काटने की जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि उसे कहीं न कहीं देना था। एक सक्षम बीट गार्ड ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, उसके खिलाफही कार्रवाई की जा रही। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक चावलानी, महामंत्री तरुण मिश्रा सहित अनेक भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बेटे की लाश के लिए 3 दिन से फुटपाथ पर सो रहा है परिवार

नवप्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। मामला डिमरापाल मेडिकल कॉलेज का है जहाँ 3 दिन पूर्व दुकाल जाल ओड़िसा निवासी अपने बेटे प्रदीप जाल जिसे थोड़ा बीपी और हल्का बुखार की शिकायत पर उसे जगदलपुर के स्वरू अस्पताल लाया गया था परन्तु अस्पताल वालो ने घुसने से मना कर दिया कहा जाओ पहले कोरोना टेस्ट करवा कर आओ फिर आना इस तरह एक अस्पताल की लापरवाही से समय पर इलाज ना मिलने की प्रदीप जाल का शरीर ठंडा पड़ने लग गया प्लस कम होना शुरू हो गया। फिर भी प्रदीप के परिजनों ने हार नही मानी और तुरंत उसे मेडिकल कॉलेज डिमरापाल लाया गया परन्तु यहाँ पहुँचते तक उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया उसे मृत घोषित कर दिया गया जिसके बाद अस्पताल के कर्मचारी कभी यहाँ तो कभी वहाँ भेजते रहे और 2 घण्टे निकाल दिए अंतः उसे कोरोना वार्ड में डाल दिया गया आखिर प्रदीप सबको छोड़कर चला गया।

3 दिनों से अस्पताल के सामने फुटपाथ पर परिवार की सोने की जानकारी जैसे ही हमें मिली हम मौके पर पहुंचकर हमने उनसे पूरी मामले की जानकारी ली और जब हमने उनसे पूछा कि आपने 3 दिनों से कुछ खाया कि नही इस बात को सुनते ही एक बाप की आँखे पथराई हुई एक बार फिर उनके आँसु छलक पड़े और कहा यहां मेरे

बेटे की लाश पड़ी है खाना गले से कैसे उतरेगा जहां सरकार एक और एक जुआरी के कोरोना संक्रमित होने से पूरे थाने की कोरोना टेस्ट 12 घंटे के भीतर करवा ली वही मानवता के नाते एक मृत शरीर का टेस्ट अब तक नहीं करवा पाई है

बड़ी उम्मीद थी जगदलपुर के MPM अस्पताल से

दुकाल जाल बताते है कि 1 दशक से हम हमारा मृत बेटा द्रक्षद्ध अस्पताल में ही इलाज करते थे घर वालो ने तबियत खराब होने पर ओड़िसा जयपुर जाने की बात पर उन्होंने मना कर दिया और कहा कि मुझे जगदलपुर के स्वरू अस्पताल ले चलो परन्तु जैसे ही अस्पताल पहुचे वहाँ मृत प्रदीप के इलाज करने से मना कर दिया शायद यह मृत प्रदीप के उम्मीदों पर पानी फेरने के जैसा था जो सदमा वो बर्दाश्त नही कर पाया

दरदर भटक रहे परिजन

कल शाम जब डिमरापाल में पुलिस सहायता केंद्र में परिजनों के द्वारा पूछा गया कि आखिर हमें कब मृत प्रदीप की कोरोना रिपोर्ट मिल पाएगी तो सहायता केंद्र वालों का कहना था कि महासमुंद से हमने एक टेविनशियन बुलवाया है जो कल सुबह तक पहुंच जाएगा सुबह 11:00 बजे के लगभग आप को रिपोर्ट टे दी जाएगी जिसके बाद अब तक कोई टेविनशियन नहीं पहुंच पाया है जिसके बाद इन्होंने डीन के ऑफिस में अटेंडर्स से बात की तो उनका कहना था कि शाम के 6:00 बजे तक आपको रिपोर्ट टे दी जाएगी परन्तु 6 बजे तक भी निराशा ही हाथ लगी

2 दिनों से लेबोरेट्री शील नही दी जानकारी

दुकाल जाल बताते है कि 3 दिनों से हम मृत प्रदीप की कोरोना रिपोर्ट की जानकारी ले रहे है पर कोई बताने वाला नही आज पता चला कि लेबोरेट्री 2 दिन से शील है जिसकी जानकारी नही दी जा रही थी हमे छत्तीसगढ़ से बहुत उम्मीद थी पर अब वो टूट गयी मृत प्रदीप एक शिक्षक थे साथ ही ओड़िसा के टीचर यूनियन डिरेक्टर प्रसीडेंट भी थे जिसका इंतजार पूरे उड़ीसा के यूनियन कर रहा था परंतु उन्हें क्या पता कि उनका लीडर अब कभी पलटकर नहीं आ पायेगा।

बुखार को लेकर रिपोर्ट नेगिटिव थी

मृत के पिता दुकाल जाल ने बताया कि ओड़िसा कोटपाड़ में ही हमने मलेरिया टेस्ट करवाया था जिसकी रिपोर्ट नेगिटिव आई थी बीपी के कारण से 6 साल से दवाई ले रहे थे जिससे कुछ दिन पूर्व ही स्वास्थ्य में दिक्कत हुआ था खांसी लेने से सांस में तकलीफनी हो रहा था सर्ट में तकलीफ बीपी भी बढ़ गया था।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की पहल प्रवीर चंद्र भंजदेव रोवर ग्रुप ने सड़क के किनारे पौधे रोपे

कांकेर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला उत्तर बस्तर कांकेर के चारामा विकासखंड के महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव रोवर ओपन ग्रुप के रोवर्स के द्वारा हरिहर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत पौधारोपण का कार्य वृहत रूप से किया जा रहा है इसके अंतर्गत चारामा सड़क के किनारे फलदार छायादार शोभायमान एवं औषधि गुण वाले आम जामुन गुलमोहर इत्यादि के 700 पौधों का रोपण बृहद रूप से किया गया, विजय कुमार यादव रोवर लीडर के नेतृत्व में ओम पुरी गोस्वामी, लॉरेंस मशीह, टाकेंद्र देवांगन, हिमांशु पटेल, राकेश जांगडे आदि रोवर्स दल ने वृहद स्तर पर पौधों का रोपण कर सहयोग प्रदान किया। वाजिद खान जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ सहित कांकेर जिले में हरिहर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत पौधारोपण अभियान स्काउट्स गाइड्स रोवर रेंजर एवं शिक्षकों के द्वारा प्रारंभ किया गया है, जिला शिक्षा अधिकारी जिला आयुक्त स्काउट राकेश पांडे ने इस अभियान मे जुड़े हुए स्काउट गाइड एवं शिक्षकों की कार्यों की प्रशंसा की है ।

पैराडाइज स्कूल द्वारा ऑनलाइन एक्टीविटी का सराहनीय प्रयास

कांकेर। पैराडाइज स्कूल द्वारा बच्चो की शिक्षा को विशेष महत्व देते हुये स्कूल बंद की स्थिति में भी विगत महीनो से लगातार ऑनलाइन अध्यन अध्यापन को जारी रखा है ऑनलाइन कक्षाओं मे विभिन्न क्रियाकलापो के माध्यम से बच्चे अपने घरो पर ही सुरक्षित रहकर आंनदपूर्वक ऑनलाइन कक्षाओं का अध्यन कर रहे है । पैराडाइज स्कूल प्री.प्रायमरी कक्षा से लेकर कक्षा 12वी तक के छात्रों को नियत समय सारिणी के द्वारा सिक्रीम, असम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, झारखण्ड एवं अन्य राज्यों से शिक्षक वाटसअप एवं ऑनलाइन कक्षाओं द्वारा सभी विषयों को एक्टीविटी के द्वारा ऑनलाइन अध्यापन कराकर बच्चो में उमंग एवं नये कला कौशल का विकास कर रहे है । बच्चों की ऑनलाइन कक्षा ज्यादातर सुबह ही ली जा रही है ताकि बच्चे पालको की उपस्थिति में ऑनलाइन कक्षाओं का अध्यन कर सके । विगत वर्ष में पैराडाइज हायर सेकेण्ड्री स्कूल के बोर्ड एवं लोकल कक्षाओ का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है जिससे शिक्षक एवं बच्चे उत्साहित होकर ऑनलाइन पाठ्यक्रम के साथ-साथ सप्ताह के प्रत्येक दिन ऑनलाइन माध्यम से प्रार्थना, भक्ति गीत, पॉवरशब्द योग ध्यान, नेचर केयर, सामाजिक सेवा, एरोबिक्स एवं डांस आर्ट एण्ड क्राफ्ट एवं स्पोकन इंग्लिश आदि गतिविधियों मे एक गतिविधि प्रतिदिन ऑनलाइन कर रहे है ।

हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम निराशाजनक

- डीईओ ने 22 स्कूलों से मांगा स्पष्टीकरण
- 7 दिवस के भीतर सन्तोषजनक जवाब

शक्षा को लेकर कोताही बरतने वाले के खिलाफ होगी कार्यवाही -पांडे

कांकेर। आदिवासी अंचल में शिक्षा को बेहतर बनाने व सरकार6 की सबसे महत्वाकांक्षी योजना स्कूल आ पढ़े बर जिंदगी ला गढ़े बर को सार्थक करने की पहल जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।शिक्षा के प्रति लापरवाह स्कूल व शिक्षको को परीक्षा परिणाम निराशाजनक आने के बाद शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते जिले के 22 स्कूलों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने इस सम्बंध में बताया की केंद्र व राज्य सरकार का सबसे बड़ा फोकस शिक्षा व स्वास्थ्य होता है।और सबसे जरूरी यह भी है।की सरकार शिक्षा के लिए प्रज्ञा वीडियो लेक्चर /सेतु प्रोजेक्ट जैसे विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित कर छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

लेकिन वर्तमान वर्ष 2019-20 में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल /हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।परीक्षा परिणाम की समीक्षा में यह पाया गया है।की जिले के करीब 22 हाईस्कूल / हायर सेकंडरी स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहा।इससे यह स्पष्ट होता है।की शाला में शिक्षको द्वारा अध्यापन कार्य को गम्भीरता से नही किया जा रहा हैं।जिससे शाला में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हुई है।तथा कमजोर परिणाम से जिले की छवि भी धुमिल हो रही है।इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए और आगामी वर्ष में आदिवासी अंचलों में शिक्षा को बेहतर स्थिति और बच्चों के भविष्य की चिंता करते जिले के कांकेर नरहरपुर अंतागढ़ दुग्गकोंदल कोयलीबेड़ा ब्लाक के हाईस्कूल / हायरसेकंडरी स्कूलों को स्पष्टीकरण नोटिस देकर एक सप्ताह के भीतर जवाब माँग गया ही।संतोषजनक स्पष्टीकरण नही दिए जाने पर एकपक्षीय अनुषसात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

> शिक्षा को बेहतर बनाने और वर्ष 2019-20 में निराशाजनक परीक्षा परिणाम को देखते स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है।स्पष्टीकरण के साथ परीक्षा पत्र की विषयवार प्रतिशत/शिक्षकवार जानकारी मंगाई गई है।संतोषजनक जानकारी नही मिलने पर कार्यवाही किया जाएगा।
>
> **राकेश पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी**

नेलसनार-कोडोली एवं पिनकोंडा में दिव्यांगजन चिकित्सा परीक्षण शिविर संपन्न

- 82 दिव्यांगजन हुए लाभान्वित

बीजापुर - नवप्रदेश। कलेक्टर रितेश अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने सहित उन्हे अन्य योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु हरेक ब्लॉक के प्रमुख बसाहटों में कलस्टरवॉर निःशक्तजन चिकित्सा परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस भैरमगढ़ ब्लॉक के नेलसनार, कोडोली, पिनकोंडा, तालनार एवं डारापाल में निःशक्तजन चिकित्सा परीक्षण शिविर संपन्न हुई, जिसमें 82 निःशक्तजनों का चिकित्सा जांच कर उन्हे दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं इन सभी दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनवाया गया। इसके साथ ही नेलसनार निवासी दिव्यांगजन सुकलूराम कड़ियाम एवं मनीराम कोरसा को बैसाखी प्रदान किया गया। इस बारे में उपसंचालक समाजकल्याण अरविंद गेडाम ने बताया कि आगामी दिनों में जिले के अन्य ब्लाकों के अन्तर्गत दिव्यांगजन चिकित्सा परीक्षण शिविर आयोजित कर निःशक्तजनों का चिकित्सा परीक्षण करने सहित उन्हे दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। वहीं दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनाया जायेगा।

माटीकला के विस्तार हेतु तेलईकछार में हो रहा मिट्टी के बर्तनो का निर्माण

- अमेजॉन एवं फ्लीपकार्ट साईटो पर भी विक्रय किये जायेंगें सूरजपुर के माटी के बर्तन- कलेक्टर रणबीर शर्मा

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के सहयोग से जिला प्रशासन सूरजपुर के द्वारा ग्लेजिंग यूनिट की स्थापना ग्राम पंचायत तेलईकछार में किया गया है जहां पर कुम्हार समाज के बेरोजगार हाथों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही पॉलीथीन मुक्त जिला की परिकल्पना को लेकर मिट्टी से बने बर्तनों का उपयोग बहुतायत मात्रा में किया जाकर स्वच्छ सूरजपुर ''हमर माटी-हमर सुघ्घर सूरजपुर'' के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में कारीगरों को प्रोत्साहित करने एवं कार्यों का जायजा लेने आज कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने तेलईकछार स्थित माटीकला केन्द्र का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि माटीकला केन्द्र तेलईकछार में थाली, गिलास, कटोरी, चम्मच, पानी का बोतल, चाय पीने वाला कुल्हड़, चाय केटली का निर्माण किया जा रहा है जिससे पर्यावरण बचाव के साथ स्थानीय लोगों को स्वरोजगार प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान उत्पादित सामग्री के बनने वाले विधियों की प्रक्रियाओ का अवलोकन किया।

यूको बैंक का एटीएम दो सप्ताह से ठप पड़ा, खातेदार परेशान

- 2 सप्ताह से बंद पड़ी हुई है एटीएम में कोई सुधार कार्य अब तक नहीं किया गया
- यूको बैंक किरंदुल प्रबंधन के द्वारा जिला प्रशासन की आदेशों का नहीं किया जा रहा पालन

किरंदुल। कोरोना काल की इस वैश्विक महामारी में जिला प्रशासन के द्वारा लोगों तक सुविधा पहुंचाने डोर टू डोर मदद किया जा रहा है लेकिन इन दिनों किरंदुल की यूको बैंक प्रबंधन के द्वारा उपभोक्ताओं को एटीएम की सुविधाओं से इन दिनों वंचित रखा जा रहा है। पिछले 2 सप्ताह से यूको बैंक की एटीएम बंद पड़ी हुई है लेकिन बैंक प्रबंधन के द्वारा इस ओर कोई खास और उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है तो कहीं ना कहीं किरंदुल की यूको बैंक प्रबंधन जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के आदेशों का अवहेलना कर रहा है जबकि इस महामारी में लोगों को सर्व सुविधा युक्त व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन यूको बैंक प्रबंधन के द्वारा ऐसा कुछ भी इंतजाम नहीं किया जा रहा है जबकि उपभोक्ता इन दिनों परेशान है । इस विषय में यूको बैंक किरंदुल शाखा के प्रबंधक जोश एक्का ने इस बंद पड़ी हुई एटीएम के विषय में जब चर्चा की गई तब उनके द्वारा गोल मटोल कर अड़ियल बात की गई और कहां गया की आप मकान ढूंढ दीजिए ताकि रायपुर से इंजीनियर आकर इस एटीएम को बनाएंगे और उस मकान पर रुकेंगे। यह है किरंदुल ब्रांच की यूको बैंक यानी उनका काम भी पत्रकार और उपभोक्ता ही करे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सुबह से ही दुकानों...

उचित नहीं है। कम से कम राशन दुकानों और अनाज भंडारों के साथ डेली नीड्स की दुकानों को सुबह 6 बजे से 2 बजे तक खुले रखने की अनुमति दी जानी थी। जिससे जनता में अफरातफरी न मचे और लोग आसानी से दैनिक जरूरत की चीजें खरीद सकें।

रायपुर में कोविड सेंटर...

संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। राजधानी के कोविड अस्पतालों में बेड पैक होने की कडार पर है। इंडोर स्टेडियम को भी अब कोविड अस्पताल बनाया गया है। रायपुर में अब एक्टिव पॉजिटिव केस की संख्या 1361 हो गई है। जबकि कुल मामलों की संख्या 2504 है। 20 लोगों की मौत हो चुकी है। रायपुर जिले में हर दिन 150 से ज्यादा नए कोरोना मरीज मिल रहे हैं।

मूर्ति से लेकर पंडाल...

इस बार पूजा के दौरान जगराता, भंडारा आदि कार्यक्रमों की भी इजाजत नहीं होगी। पूजा के दौरान प्रसाद, भंडारा सहित किसी भी चीज को बांटने की इजाजत नहीं होगी। सांस्कृतिक, जगराता व डीजे आदि भी प्रतिबंधित रहेगा। मूर्ति विसर्जन के लिए सिर्फ एक गाड़ी की अनुमति और पिकअप, टाटापस से बड़े वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंधित रहेगा। विसर्जन के लिए सिर्फ 4 लोग ही जा सकेंगे, जो गाड़ी के साथ जायेंगे। मूर्ति स्थापना के लिए निगम की अनुमति लेनी होगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले गणेशोत्सव समितियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बकरीद को लेकर...

गतिविधियां मान्य होगी। निर्धारित समयावधि में भी जो लोग अपने घर से बाहर निकलेंगे उन्हें अपने साथ निर्धारित पहचान पत्र अपने साथ रखना अनिवार्य होगा । उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड द्वारा जारी अपने पत्र में लॉकडाउन के चलते नियमों का पालन करते हुए ईद का त्यौहार सादगी से मनाये जाने के लिए अपील प्रसारित किया है ।

आसमान के टाइगर...

पांच लड़ाकू राफेल विमानों के भारतीय सीमा में प्रवेश करते ही उनका संपर्क नौसेना से हुआ। आईएनएस कोलकाता डेल्टा 63 ने राफेल का स्वागत करते हुए कहा कि आप आसमान की ऊंचाइयों को छुएं। आपका स्वागत है। इसके जवाब में राफेल ने जवाब दिया- धन्यवाद। हैप्पी लैंडिंग। दोनों के बीच इस बातचीत के आखिर में राफेल की ओर से जवाब दिया गया कि हवाएं हमारे अनुकूल है। हैप्पी हंटिंग। ओवर एंड आउट।

चीन के लिहाज से...

इस घातक हथियार की मारक क्षमता बड़ी तगड़ी है। जिस लड़ाकू विमान से हैमर को फायर किया जाता है वह उसकी मारक दूरी के कारण ही दुश्मन की एयर डिफेंस से बचने में सफल रहता है। हैमल मिसाइलकिट में अलग-अलग साइज के बम भी फिट किए जा सकते हैं। ये 125 किलो, 250 किलो, 500 किलो यहां तक कि 1000 किलोग्राम के भी हो सकते हैं।

खूबियां...

नजर रखते हुए हमला करने में राफेल को महारत हासिल है। -300 किमी तक मार करने वाली स्कल्प क्रूज मिसाइल इसे सबसे ज्यादा मारक बनाती है। यह एयरक्राफ्ट कैरियर से भी उड़ान भर सकता है। यह खोजी अभियान से लेकर दुश्मन के इलाके में भीतर तक जाकर हमला करने की क्षमता रखता है।

नई शिक्षा नीति को...

में शुरू होने जा रहा है और सरकार का प्रयास पॉलिसी को इससे पहले लागू करने का है। स्कूली और उच्च शिक्षा में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर भी विस्तार से चर्चा की गई थी। हालांकि, अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि क्या मसौदे में कोविड 19 संकट से मिले सबक को भी शामिल किया गया है।

पूर्व इसरो चीफ ने...

कहा था कि सरकार का उद्देश्य सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रारंभिक शिक्षा में सुधार लाना है। एक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम लाया जाएगा जिसका फोकस कई भाषाओं, 21वीं सदी की कुशलता, खेल और कला आदि के समावेश पर होगा।

राज्यपाल ने तीसरी बार...

बुलाए जाने के लिए राज्य सरकार से प्राप्त एक प्रस्ताव मिश्र द्वारा लौटाए जाने के साथ दिए गए सुझावों पर चर्चा करने के बाद मंत्रिमंडल ने यह रुख अपनाया है।

राज्यपाल ने दी ये दलील

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि वह कोरोना वायरस को लेकर भयावह स्थिति और बढ़ते एक्टिव केसों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, 'जब 13 मार्च को विधानसभा सत्र को रद्द किया गया था तब दो ही केस थे। उस समय कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सत्र को रद्द किया गया था।' उन्होंने आगे कहा है, '1 जुलाई को 3381 केस थे। अब इनकी संख्या 10 हजार से अधिक है। वायरस का प्रसार एक चिंता का विषय है और लोगों को महामारी से बचाने के लिए राज्य को कुछ सख्त कदम लेने पड़ेंगे।' राज्यपाल मिश्र ने सोमवार को कहा था कि विधानसभा का सत्र नहीं बुलाने की उनकी कोई मंशा नहीं है। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार से कहा था कि विधानसभा सत्र बुलाने के अपने प्रस्ताव को फिर से उनके पास भेजे। राज्यपाल ने सरकार के संशोधित प्रस्ताव को सरकार को तीन बिंदुओं के साथ लौटा दिया है।

धूम्रपान से कोरोना...

हुए कोरोना वायरस संक्रमण फैलने के माध्यम में हवा को भी शामिल किया है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, बैकुण्ठपुर
जिला- कोरिया (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
निविदा निरस्तीकरण सूचना
इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 03/क्लेलि/2018-91 सिस्टम निविदा क्रमांक 47071 दिनांक 11.01.2019 (छत्तीसगढ़ आमंत्रण) द्वारा विज्ञापन क्रमांक जी-57396 के माध्यम से **डीकोड़िरिया व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य पर डायवर्सन वियर, फीडर वियर, फीडर चैनल का निर्माण एवं नहर पर मिट्टी का कार्य पक्की संरचनाओं सहित तथा मुख्य नहर एवं माईनर नहर के विभिन्न आर.डी. पर डी.आर.बी., सी.डी., फाल, हेडे रेगुलेटर, सुपर पैसेज एवं आउट-लेट आदि का निर्माण कार्य सहित** राशि रू. 784.23 लाख हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा की अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
(व्ही.एस. साहू)
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
जी-82663/10

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/2019-20
उद्घोषणा
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मीनाक्षम पति चिंतामणीदास निवासी अफनानगर वार्ड कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा कांकेर में स्थित शीट नंबर 21सी प्लाट नं. 3 में से बेकब्जल 12.96 वर्गमीटर भूमि को कब्जा/ रिक्त बताते हुए व्यावसायिक/ आवासीय उपयोग करने हेतु उक्त शासकीय नजूल भूमि को व्यवस्थापन/ आवंटन के तहत भूमि स्वामी हक प्रदान करे हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के जारी/ घोषणे से पाच्च के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दाव/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।
आज दिनांक 01/07/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।
सील
नायब तहसीलदार
कांकेर

कार्यालय प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, सूरजपुर, जिला- सूरजपुर (छ.ग.)
Phone : 07775-266890 Email: mdsurajpur@gmail.com
-:: प्रबंधक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन ::-
कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. सूरजपुर में व्यक्तिगत/रजिस्टर्ड डाक से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :-
दिनांक 10.08.2020 से 29.08.2020 तक
प्रातः 11.00 से 05.00 सायं तक
संघ मुख्यालय रायपुर के आदेश क्रमांक/वनो./पर्सो./सह/2016/01 रायपुर, दिनांक 19.05.2016 द्वारा स्वीकृत प्राथमिक वनोपज सहकारी संस्था मर्यादित प्रबंधक सेवा (नियोजन, निबंधन तथा कार्य स्थिति) नियम सेवा नियम के अध्याय-2 अनुसार जिला लघु वनोपज संघ मर्या. सूरजपुर कार्यक्षेत्र अंतर्गत कार्यरत प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्रमांक	समिति का नाम	पद की संख्या
1.	प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. सत्यनगर	1
2.	प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. बिहारपुर	1
3.	प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. महेगढ़ी	1
4.	प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. चन्द्रमेड़ा	1

प्रबंधक नियुक्ति से संबंधित विस्तृत नियम, शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. सूरजपुर एवं संबंधित समिति कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते हैं।
प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर
संवाद-26121/2

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878



61 वर्ष के हुये संजय दत्त

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले संजय दत्त आज 59 वर्ष के हो गये।

29 जुलाई 1959 को मुंबई में जन्में संजय दत्त को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सुनील दत्त अभिनेता और मां नरगिस जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण संजय दत्त अक्सर अपनी माता-पिता के साथ शूटिंग देखने जाया करते थे। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेता बनने के ख्वाब देखने लगे। संजय दत्त ने बतौर बाल कलाकार अपने सिने करियर की शुरूआत अपने पिता के बैनर तले बनी फिल्म रेशमा और शेरा से की। बतौर अभिनेता उन्होंने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म रॉकी से की। दमदार निर्देशन पटकथा और गीत-संगीत के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी। वर्ष 1982 मे संजय दत्त को निर्माता -निर्देशक सुभाष घई की फिल्म विधाता में काम करने का अवसर मिला। यूं तो पूरी फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार, संजीव कुमार और शम्मी कपूर जैसे नामचीन अभिनेताओं के इर्द गिर्द घूमती थी लेकिन संजय दत्त ने फिल्म में अपनी छोटी सी भूमिका में दर्शकों का दिल जीत लिया।

वर्ष 1982 से 1986 तक का वक्त संजय दत्त के सिने कैरियर के लिये बुरा साबित हुआ। इस दौरान उनकी जानी आइ लव यू, मै आवारा हूं , बेकरार, मेरा फैसला, जमीन आसमान , दो दिलो की दास्तान, मेरा हक और जीवा जैसी कई फिल्में बॉक्स आफिस पर असफल हो गयी।

मलाइका ने की लोगों से मास्क लगाने की अपील

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने लोगों से मास्क लगाने की अपील की है।

कोरोना वायरस को लेकर सेलेब्स सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए लोगों को लगातार महामारी से बचने के उपाय बता रहे हैं। अब मलाइका अरोड़ा ने कोरोना काल में फैंस को मास्क पहनने का सही तरीका बताया है, जिसे बहुत पसंद किया जा रहा है।

मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खुद की तस्वीर शेयर कर बताया है कि फेस मास्क को सही तरीके से कैसे पहना जाता है। मलाइका ने खुद की तीन फोटो का एक कोलाज साझा किया है। इसे देखकर समझा जा सकता है कि जब आप मास्क पहने तो आपकी नाक और मुंह दोनों कवर होने चाहिए। पोस्ट शेयर करते हुए मलाइका ने कैप्शन में लिखा, ÷प्लीज मास्क जरूर पहनें और इसे सही तरीके से पहनें। खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखें।

एथलीट की भूमिका में नजर आयेंगे आयुष्मान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी आने वाली फिल्म में एथलीट की भूमिका निभाते नजर आ सकते हैं। आयुष्मान खुराना फिल्म निर्देशक अभिषेक कपूर के साथ एक फिल्म पर काम करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक लव स्टोरी होगी जिसकी कहानी उत्तर भारत बेस्ड होगी। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू कर दी जाएगी। कहा जा रहा है कि इस फिल्म आयुष्मान एथलीट की भूमिका निभाते नजर आ सकते हैं। हालांकि, फिल्म का नाम क्या होगा। इसकी एक्ट्रेस कौन होंगी इस बारे में अभी कोई जानकारी शेयर नहीं की गई है। अभिषेक कपूर ने कहा, मैं और आयुष्मान हम दोनों एक खास तरह के सिनेमा के लिए जाने जाते हैं, और ये फिल्म यकीनन हम दोनों के लिए खास है। हम चाहते हैं कि दर्शक वापस सिनेमाघरों में आएं और ये फिल्में देखें। इस फिल्म को बनाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम अपना बेस्ट देने की कोशिश करेंगे।

सुशांत की 'दिल बेचारा' को 24 घंटे में मिले 95 मिलियन व्यूज

थिएटर में फिल्म रिलीज होती तो पहले दिन करती 2000 करोड़ की कमाई

नई दिल्ली। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद उनकी आखिरी फिल्म दिल बेचारा रिलीज हुई। फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई। फिल्म ने रिलीज होते ही धमाल मचा दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रिलीज होने के बाद 9 करोड़ 50 लाख लोगों ने केवल 24 घंटे के अंदर देखी है। मिड डे की एक रिपोर्ट की मानें तो ओरमैक्स मीडिया का कहना है कि सुशांत की आखिरी फिल्म 'दिल बेचारा' को मशहूर वेब सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' से ज्यादा देखा गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पीवीआर सिनेमा का एवरेज टिकट रेट 207 रुपये है। अगर इस हिसाब से देखा जाए तो बॉक्स ऑफिस पर 'दिल बेचारा' का ओपनिंग डे 2 हजार करोड़ रुपये के आसपास का होता।

ऐश्वर्या ने फैन्स को दुआओं के लिये कहा शुक्रिया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने अपने फैन्स को उन्हें दुआ देने के लिये शुक्रिया अदा किया है। ऐश्वर्या राय बच्चन और उनकी पुत्री आराध्या बच्चन की कोरोना रिपोर्ट 12 जुलाई को पॉजिटिव आई थी जिसके बाद दोनों घर में ही आइसोलेशन में थीं। मां-बेटी को बुखार और गले में दर्द की शिकायत के बाद चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी। इसके बाद 17 जुलाई ऐश्वर्या और उनकी बेटी को नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोरोना को मात देने के बाद ऐश्वर्या राय और उनकी बेटी आराध्या को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

ऐश्वर्या राय ने हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होते ही उन्होंने अपने फैंस के लिए एक पोस्ट शेयर ?किया है। इस पोस्ट में उन्होंने बेटी आराध्या के साथ फैंस का शुक्रिया अदा किया है। ऐश्वर्या राय ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह बेटी के साथ हाथ जोड़कर और दिल बनाए नजर आ रही हैं। वहीं, इसे पोस्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, ÷आप सभी की दुआओं के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। मुझे, एंजेल आराध्या, एबी यानी अभिषेक और पा यानी अमिताभ के लिए आप सभी ने जो भी चिंता जताई हमारे लिए प्रार्थना की। उन सभी के लिए दिल से शुक्रिया।

फीफा अंडर-17 विश्व कप 2017 की मेजबानी से विश्वास बढ़ाः कुशल दास

नई दिल्ली (वार्ता)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ एआईएफएफके महासचिव कुशल दास ने कहा है कि फीफा अंडर-17 विश्व कप 2017 की सफल मेजबानी करने के बाद भारत बड़े स्तर के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हो गया। फीफा विश्व कप 2017 की सफल मेजबानी के बाद से भारत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए एक मुख्य देश के रूप में उभरकर सामने आया। भारत में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप अगले वर्ष फरवरी और एएफसी महिला एशिया कप 2022 में होने वाला है।

कुशल दास ने एआईएफएफ टीवी से कहा कि फीफा अंडर-17 विश्व कप 2017 की भारत में आयोजन का विचार 2013 में बेंगलुरु में एक बैठक में फीफा के तकनीक निदेशक ने सुझाया था। उन्होंने कहा, ÷मुझे याद है कि यह सब कहां से शुरू हुआ था। मैं फीफा के तकनीक निदेशक से बात कर रहा था जो हमारे युवा विकास कार्यक्रम के संबंध में एक बैठक के लिए बेंगलुरु आये हुये थे।

ब्रॉड गेंदबाजी में तीसरे स्थान पर, बुमराह एक स्थान फिसले

दुबई (वार्ता)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजी में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि लंबे समय से मैदान से बाहर चल रहे भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान फिसल कर आठवें नंबर पर आ गए हैं। ब्रॉड ने वेस्टइंडीज के खिलाफतीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 31 रन देकर छह विकेट और दूसरी पारी में 36 रन देकर चार विकेट झटके थे और टीम को मैच तथा सीरीज जीताने में अहम भूमिका अदा की थी। ब्रॉड को उनके इस प्रदर्शन की बदौलत मैन ऑफद मैच और रोस्टन चेज के साथ संयुक्त रुप से मैन ऑफद सीरीज चुना गया था।

रियल मैड्रिड के स्ट्राइकर मरियानो कोरोना से संक्रमित

मैड्रिड (वार्ता)। फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड के स्ट्राइकर मारियानो डियाज कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। क्लब ने कहा है।क्लब ने कहा, सोमवार को जब हमारे टीम के खिलाड़ियों की कोरोना वायरस की जांच कराई गई तो हमारे खिलाड़ी मारियानो पॉजिटिव पाए गए। मारियानो का स्वास्थ्य सही है और वह घर में आइसोलेशन में रहकर प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं।

ब्रॉड के 500, क्रिस वोक्स का पंजा, इंग्लैंड ने जीती विजडन ट्रॉफी

मैनचेस्टर (वार्ता)। क्रिस वोक्स (50 रन पर पांच विकेट) और स्टुअर्ट ब्रॉड (36 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर मेजबान इंग्लैंड ने वेस्ट इंडीज को तीसरे और निर्णायक टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन मंगलवार को 269 रन के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीतकर विजडन ट्रॉफी हासिल कर ली।

कोरोना महामारी के कारण 117 दिन के लम्बे अंतराल के बाद इस सीरीज से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी हुई। दर्शकों के बिना और कोरोना के कारण कुछ नए नियमों के साथ खेली गयी इस सीरीज में इंग्लैंड ने पहला टेस्ट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए अगले दो टेस्ट जीतकर 20 साल पुराना इतिहास दोहरा दिया।

ब्रॉड ने तीसरे टेस्ट में कुल 10 विकेट हासिल कर टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट पूरे किये और अपना नाम इस विशिष्ट क्लब में लिखवा लिया। ब्रॉड टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दुनिया के चौथे तेज गेंदबाज और कुल सातवें गेंदबाज बन गए। ब्रॉड अपने 140वें टेस्ट में इस उपलब्धि पर पहुंचे। इंग्लैंड ने मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 226 रनों पर घोषित कर वेस्ट इंडीज़ के सामने 399 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा था। वेस्ट इंडीज ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन स्टंप्स तक दो विकेट खोकर 10 रन बनाये थे। चौथे दिन लगातार बारिश के कारण पूरे दिन का खेल धुल गया और एक भी गेंद नहीं फेंकी गयी। वोक्स और ब्रॉड ने अंतिम दिन वेस्ट इंडीज की दूसरी पारी मात्र 129 रन पर समेट कर सीरीज जीत इंग्लैंड की झोली में डाल दी। इंग्लैंड ने वर्ष 2000 में वेस्ट इंडीज से पहला टेस्ट गंवाने के बाद सीरीज 3-1 से जीती थी और इस बार उसने पहला टेस्ट गंवाने के बाद सीरीज 2-1 से जीत ली।

ब्रॉड ने पहली पारी में छह विकेट लिए थे और दूसरी पारी में चार विकेट लेकर उन्होंने मैच में अपने 10 विकेट पूरे किये। ब्रॉड को पहले टेस्ट से बाहर रखा गया था लेकिन दूसरे टेस्ट में मौका मिलने पर उन्होंने दूसरे मैच में छह विकेट लिए और तीसरे टेस्ट में 10 विकेट लेकर सीरीज में कुल 16 विकेट हासिल किये। उन्होंने तीसरे टेस्ट की पहली में विस्फोटक 62 रन भी बनाये थे। ब्रॉड के करियर में यह तीसरा मौका है जब उन्होंने एक टेस्ट में 10 विकेट हासिल किये हैं। ब्रॉड का एक मैच में यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

ब्रॉड को तीसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया और साथ ही उन्हें इंग्लैंड की तरफ से प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला। वेस्ट इंडीज की तरफसे रोस्टन चेज को प्लेयर ऑफद सीरीज का पुरस्कार मिला। इंग्लैंड के लिए यह पांचवां मौका है जब उसने पहला टेस्ट हारने के बाद तीन टेस्ट मैचों की सीरीज जीती है। इंग्लैंड ने इसके साथ ही विजडन ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वेस्ट इंडीज ने पिछली घरेलू सीरीज में इंग्लैंड को हराकर विजडन ट्रॉफी जीती थी। यह आखिरी बार है जब दोनों देशों के बीच विजडन ट्रॉफी के लिए टेस्ट सीरीज खेली गयी।

रजत भाटिया ने की क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रथम श्रेणी क्रिकेटर एवं कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व खिलाड़ी रजत भाटिया ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। भाटिया का घरेलू क्रिकेट में 20 वर्ष का लंबा करियर रहा है। भाटिया ने प्रथम श्रेणी के क्रिकेट के 112 मैचों में 6482 रन बनाये हैं और 137 विकेट लिये हैं। उन्होंने इस दौरान 17 शतक और 30 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने आखिरी बार प्रथम श्रेणी का क्रिकेट पिछले वर्ष जनवरी में मिजोरम के खिलाफ खेला था और इसमें उन्होंने उत्तराखंड को पारी और 56 रन से जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। भाटिया ने प्रथम श्रेणी में अपने करियर की शुरुआत 1999-2000 में तमिलनाडु के लिए खेलते हुए की थी। भाटिया इसके बाद 2003-04 में दिल्ली के लिए खेलने लगे। भाटिया ने 2007-2008 में दिल्ली को रणजी ट्रॉफी का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दांए हाथ के बल्लेबाज भाटिया ने दिल्ली के लिए 81 मैच खेले और इसके बाद उन्होंने 2015 में राजस्थान टीम का रुख किया।

अमित कुट्टी को पहले राउंड के बाद बढ़त

मुम्बई (वार्ता)। चेन्नई के अमित कुट्टी ने मुम्बई फ्लकंस इंडियन ईरिसिंग चैम्पियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को दोनों प्रो रेस जीत ली। इस चैम्पियनशिप का आयोजन फॉक्सवैगन मोटरस्पोर्ट की सहभागिता के साथ हो रहा है। गत चैम्पियन अमित ने राउंड एक के बाद सीजन दो के विजेता साई पृथ्वी की चुनौती को दोयम साबित करते हुए मजबूत स्थान हासिल किया। बेंगलुरु के उज्जवल बेलवारियर ने जूनियर रेस जीती। पोल पोजीशन हासिल करने वाले साथी सरन को दूसरा स्थान मिला।

मौजूदा चैम्पियन अमित कुट्टी और साई पृथ्वी के बीच स्पा फ्रैंकारचैम्प्स सर्किट पर पोल पोजीशन के लिए जोरदार टक्कर हुई। अमित ने हालांकि 2.13.718 समय के साथ बाजी मारी। पृथ्वी उनसे 0.13 सेकेंड पीछे रहते हुए दूसरे स्थान पर आए जबकि निरंजन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। इंडियन ईरिसिंग चैम्पियनशिप (इससे पहले आईएसआरएल के नाम से मशहूर था) का मौजूदा सीजन आठ राउंड का हो गया है और अब इस सीजन में कई अन्य क्लासेस को शामिल किया जाना है। इसमें एक महिला क्लास के साथ-साथ एमेच्योर क्लासेस जल्द ही शामिल किए जाएंगे।

रेस-1 की शुरुआत काफी आक्रामक अंदाज में हुई। तीन कारें पहले ही लैप में किनारे से एक दूसरे के आगे निकलने का प्रयास करने लगीं लेकिन इसी बीच अमित कुट्टी और पृथ्वी आगे निकल गए। इस बीच, सर्किट के मध्य में एक जोरदार टक्कर हुई, जिसमें कई कारों को काफी नुकसान हुआ। कुट्टी ने हालांकि पृथ्वी से 0.75 सेकेंड आगे रहते हुए रेस-1 जीत ली जबकि हैदराबाद के भानु तेजा ने तीसरा स्थान हासिल किया। सोनीपत के चालक अंकित त्यागी को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। इसके बाद रिवर्स ग्रिड की बारी थी। सभी शीर्ष 12 चालक ट्रैक पर थे। अंकित राय ने पोल पोजीशन से शुरुआत की लेकिन कुछ किनारों के बाद वह गलती कर बैठे और ट्रैक से बाहर चले गए। इसके बाद तो मानो ट्रैक पर कोहराम सा मच गया। कई कारें क्षतिग्रस्त हुईं। अंकित त्यागी ने लीड ले ली जबकि कुट्टी चौथे स्थान की ओर अग्रसर हुए।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सीईओ को किया बर्खास्त

काबुल (वार्ता)। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) लुतफुल्लाह स्तानिकजई को खराब व्यवहार, कुप्रबंधन और असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण बर्खास्त कर दिया है। एसीबी ने स्तानिकजई को अनुबंध पूरा होने के दो वर्ष पहले ही बर्खास्त कर दिया है। बोर्ड ने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी घोषणा की है। एसीबी के अध्यक्ष फरहान यूसुफजई ने स्तानिकजई को लिखे पत्र में कहा, ÷आपको सूचित किया जाता है कि यह पत्र इसकी पुष्टि करता है कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर आपका अनुबंध खत्म कर दिया गया है। एसीबी में सीईओ के रूप में आपका आखिरी दिन 29 जुलाई 2020 है। उन्होंने कहा, आपके अनुबंध को समाप्त करने के कारण कुप्रबंधन, असंतोषजनक प्रदर्शन और मैनेजरों के साथ खराब व्यवहार है।÷ एसीबी ने कहा कि स्तानिकजई को 'अपनी जिम्मेदारियों को नहीं निभाने के कारण' भी बर्खास्त किया गया है और उन्हें इससे पहले मौखिक और लिखित चेतावनी भी दी गई थी। बोर्ड ने कहा कि वह जल्द ही इस पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी करेगा।

इस बीच स्तानिकजई ने कहा कि वह इस घटनाक्रम से अचंभित हैं और उन्हें सबसे पहले इसके बारे में बोर्ड से नहीं बल्कि सोशल मीडिया से पता चला।

न्यूज गैलरी

एक नया कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि

महासमुंद। लॉकडाउन के चौथे दिन मंगलवार को जिले में एक नया कोविड-19 पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। यह व्यक्ति बरबसपुर महासमुंद के 27 साल का युवक है। यह प्राइवेट टेलीकॉम में सर्विस करता है। यह व्यक्ति रायपुर आना-जाना करता है।

मॉस्क नहीं पहनने वाले 26 पर हुई चालानी कार्रवाई

महासमुंद। लॉकडाउन के दौरान बिना मास्क के घूमने वालों पर प्रशासन की कार्रवाई निरंतर जारी है। मंगलवार को प्रशासनिक अमले शहर में बिना मास्क के घूम रहे कुल 26 लोगों पर चालानी कार्रवाई कर अर्थदंड वसूल किया। बता दें कि शासन ने बाहर निकलने के दौरान लोगों को मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करने निर्देश जारी किया है। जिसके तहत इसका पालन नहीं करने वालों के खिलाफकार्रवाई की। मास्क का उपयोग करने की अपील की जा रही है।

युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली में पांच लोगों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी। युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। युवराज ठाकुर पिता भोजराम ठाकुर (30) ने पुलिस को बताया कि जुनवानी कला निवासी धनेश्वर यादव व चार अन्य उसके घर पहुंचे और चंद्रशेखर और बरिहा के बारे में पूछताछ करने लगे। युवकों को घर से जाने के लिए कहा तो उन्होनें उसके साथ मारपीट कर दी।

दिनदहाड़े घर से 10 हजार पार

महासमुंद। कोमाखान में दिनदहाड़े एक घर से 10 हजार रुपए की चोरी हो गई। ग्राम टुहलू निवासी पुसऊ पटेल ने पुलिस को बताया कि पीछे बाड़ी की ओर से घर में घुसकर अज्ञात ने पेटी से नकदी 10 हजार 8 सौ रुपए ताला तोड़कर पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 454, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

तालाब में डूबने से मौत

महासमुंद। तालाब में नहाने गए एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम उतेकेल निवासी भगतराम नहाने तालाब गया था। जहां गहराई में जाने के बाद डूबने से उनकी मौत हो गई।

छह जुआरियों से 46 सौ रूपए जब्त

महासमुंद। खल्लारी पुलिस ने ग्राम सोरमसिंघी मंडी चबूतरा जुआ खेलते छह लोगों को पकड़ा। आरोपियों से नगदी रकम 4650 रूपए सहित मोबाइल, मोटर साइकिल, साइकिल बरामद की है। आरोपियों में सिंघी निवासी जीवन लाल साहू, शिवकुमार साहू, पुनीत राम साहू, परस राम निषाद, शीतल प्रसाद शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफधारा 188, 269, 270 भादवि, धारा -3 छग महामारी नियंत्रण अधिनियम एवं धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

चोरी के पैसों के साथ एक गिरफ्तार

महासमुंद। कोमाखान थाना क्षेत्र के टुहलू चौकी में कोकड़ी निवासी पुसऊ पटेल के सूने घर में घुसकर कीचन रुम के दरवाजे को तोड़कर पेटी से 200-200 रुपए के 54 नोट कुल 10800 रुपए चोरी कर ली। रिपोर्ट पर धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। इस बीच रामाधीन पटेल पिता सुखराम पटेल (30) के पास से चोरी की गई उक्त राशि 10800 रुपए जब्त उसे जेल भेजा गया।

ट्रक की ठोकर से युवक चोटिल

महासमुंद। सांकरा (जोंक) थाना क्षेत्र में एक ट्रक ने ग्रामीण को ठोकर मार दी। जिससे जगह जगह उसे चोटें आयी है। प्रार्थी अभिषेक त्यागी (28) सांकरा ने पुलिस को बताया कि ट्रक क्र. डब्ल्यूबी बी6-डी-7289 का चालक लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोंक दिया। पुलिस ने भादवि की धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हाथियों की गतिविधियों पर वन विभाग की कड़ी नजर

गरियाबंद । गत 27 जुलाई को लगभग रात्रि 09 बजे 20 हाथियों का झुण्ड अचानक चिन्गरापगार पठार की ओर उतरकर घने जंगल में बसे गांव गाहंदर पहुंच गया। वहा हाथी का झुंड देखकर ग्रामीण घबराए, फिर वन विभाग से संपर्क किया गया। वन मण्डाधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशानुसार गांव में गठित हाथी मित्र दल के सदस्यों को हाथी आने एवं उसके पश्चात किये जाने वाले गतिविधियों के सम्बंध में पूर्व में जानकारी दे दी गई थी । पांच मशाल एवं मिट्टी तेल ग्रामीणो को उपलब्ध करा दिया गया था। इसी बीच एक हाथी रामू राम के घर के बाड़ी में पहुंच कर केले के पेड़ को खाया और पूरा दल बस्ती के बाहर से गुजरते हुए गाहन्दर तालाब मार्ग से होकर ग्राम टोईयांमुड़ा की ओर चले गये। इस बीच ग्रामीणों ने प्रक्षिशण में बताये अनुसार गांव के युवा सदस्यों द्वारा बस्ती में मशाल जला कर रखा गया ताकि हाथी बस्ती में प्रवेश न कर सके। सूचना मिलने के पश्चात वन विभाग के कर्मचारी अतिरिक्त मशाल लेकर ग्राम गाहन्दर पहुंचे तब तक हाथी वहां से जा चुका था। हाथी द्वारा सिर्फकेले के पेड़ को हानि पहुंचाया गया और इसके अलावा किसी भी प्रकार की जान माल की कोई हानि नहीं हुई।

निधन

फुलबती साहू

महासमुंद। स्थानीय पुराना रावणभाठा वार्ड 16 निवासी 80 वर्षीया फुलबती साहू का मंगलवार शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज यहां सुबह 10 बजे भलेसर मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय फ्गुआ राम साहू की पत्नी व कुंजलाल साहू, राम साहू, स्वर्गीय लोकनाथ साहू और भुनेश्वर साहू की माता व चेतन, रवि, दुर्गेश, धर्मेन्द्र, चन्द्रशेखर, जागेश्वर, धनंजय साहू की दादी थीं।

भोजन की गुणवत्ता में मिली शिकायत तो हॉस्पिटल पहुंच गए संसदीय सचिव

■ **मरीजों को दिए जाने वाले भोजन का चखा स्वाद, भोजन की गुणवत्ता में सुधार के दिए निर्देश**

महासमुंद। मरीजों को दिए जाने वाले नाश्ते व भोजन की गुणवत्ता में शिकायत के बाद संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर मंगलवार को जिला हॉस्पिटल पहुंचे। जहां उन्होंने जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण करते हुए मरीजों से चर्चा की। मरीजों के परिजनों ने बताया कि यहां पौष्टिक भोजन नहीं दिया जाता है। प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को दो प्रकार की सब्जी, सलाद, दूध के साथ लड्डू देना होता है। इसका जिक्रमेनू में भी है लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। बाद इसके संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने भोजन का स्वाद चखा। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने भोजन की

गुणवत्ता सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डा आरके परदल से दो टूक शब्दों में कहा कि भोजन की गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इस ओर समुचित ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद सदस्य कुशाल चंद्राकर, आवेज खान, अमन चंद्राकर, हरबंश मढ़कू, देवेंद्र चंद्राकर, विवेक पटेल, मुकेश पेंदरिया, सत्री आदि मौजूद थे।

खाना पौष्टिक हो, इसलिए अब रोजाना टेस्टिंग

संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि मरीजों को दिए जाने वाले नाश्ता व भोजन पौष्टिक होना चाहिए। भोजन की गुणवत्ता में मिली शिकायत के बाद उन्होंने कहा कि अब प्रतिदिन मरीजों को दिए जाने वाले नाश्ता व भोजन का टेस्ट किया जाएगा। भोजन व नाश्ता दोनों पौष्टिक हो यह हमारी प्राथमिकता भी है और जिम्मेदारी भी।

पौने छह करोड़ से अधिक राशि से बनेंगे 91 आंगनबाड़ी केन्द्र

■ **मनरेगा एवं महिला बालविकास की संयुक्त पहल**

■ **89000 से ज़्यादा नौनिहालों की दिक्कतें होंगी कम**

महासमुंद। खुले आसमान या फिर किराए के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द खुद की छत मिलेगी। इसके लिए जिले में महात्मा गांधी नरेगा के तहत 5 करोड़ 87 लाख 95 हज़ार की लागत से 91 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों को बनाने की हरी झंडी दे दी गई है। इस राशि में मनरेगा से 4करोड़ 55 लाख और महिला बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) से 1 करोड़ 32 लाख खर्च होंगे। सबसे ज़्यादा 40 आंगनबाड़ी केन्द्र बसना जनपद पंचायत में और 25 केन्द्र बागबाहरा जनपद पंचायत में बन रहे है। सरायपाली में 11, पिथोरा में 9 तथा बाक़ी महासमुंद जनपद पंचायत में बनेंगे। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 89300 हजार नौनिहालों को दिक्कतें कम होंगी। एक भवन में 6 लाख रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। केंद्रों के भवन बनाने की ज़रूरत महसूस की जा रही थी। ग्राम पंचायत क्षेत्र में पंचायतों के माध्यम से भवन बनाए जाएंगे। इसके लिए पंचायत एवं महिलाबाल विकास की आर से ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मनोज सिन्हा ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी में लाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के विभिन्न जनपद में 91 आंगनबाड़ी केन्द्र की जिला स्तर पर स्वीकृति दी गई है । जिसमे से 91 आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने की तैयारी हो गई है। कोरोना एवं लॉकडाउन से पहले जिले में 1763 आंगनबाड़ी केंद्रों में से1625 पूर्ण है। कुछ केंद्र किराए के भवन में एवं कुछ सामुदायिक या अन्य सरकारी भवन में संचालित किए जा रहे हैं।

आंगनबाड़ी बच्चों की पोषण,स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के तथा उन्हें अच्छा बेहतर वातावरण मिलें इसके लिए महासमुंद जिले में 91 आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य कराये जा रहे है। कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने 91 आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्य कराये जाने की स्वीकृति दी है।

लेमन ग्रीन विलेज के नाम से पहचाने जाने वाले बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत टेमरी में वित्तीय वर्ष 2019-20 की स्वीकृत राशि 6.45 लाख से आंगनबाड़ी भवन बनाया गया है। सरपंच की विशेष रुचि से लॉक डाउन के दौरान गाइड लाइन का पालन करते हुए यह आंगनबाड़ी भवन मात्र 4 माह मे से भी कम समय में बन कर तैयार हुआ है। आंगनबाड़ी भवनों में सरकार के निर्धारित मानक अनुसार सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी केन्द्र की श्रेणी में लाने की भी पूरी तैयारी की गई है। मानक के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों को बनाया जाएगा। बच्चों के लिए अच्छा वातावरण मिले नन्ने मुन्ने बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। आंगनबाड़ी में आउटडोर गतिविधियों के लिए चारदीवार भी बनाई गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ रवि मित्तल ने सभी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद को निर्देश दिए है कि वे अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी भवनों जल्दी बनवाए ताकि निकट भविष्य में करवा कर बच्चों को भवन की सुविधा देनी की बात कही गयी साथ ही ये भी कहा प्रत्येक आंगनवाड़ी भवन को लेमन ग्रीन विलेज टेमेरी का अनुसरण कर मॉडल के रूप मे विकसित करें साथ ही जहा स्थान उपलब्ध है वहा खेलने के लिए स्थल के साथ साथ अन्य सुविधा खिलोने, झूले, बोर्ड, किताबें इत्यादि भी उपलब्ध कराई जाये ताकि बच्चों को आंगनबाडी आने मे रूचि बनी रहे।

दिव्यांग ठगेश्वर चक्रधारी को मिला व्हीलचेयर

गरियाबंद। केन्द्र व राज्य सरकार दिव्यांग जनो के लिये नित नये-नये नियम बनाकर योजनाएं संचालित कर रही है और समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनो के हित व सुविधा के लिये पेंशन के साथ साथ व्हीलचेर, कृत्रिम यंत्र प्रदान कर सहुलियत प्रदान कर रही है। वहीं मुख्यालय मैनपुर से 11 किमी दूर ग्राम धवलपुर निवासी 60 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग ठकेश्वर चक्रधारी को शासन के योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा आज उनके घर जाकर व्हीलचेयर प्रदान किया गया। दिव्यांग ठगेश्वर व्हीलचेयर के लिए कई बार आवेदन लगा चुके थे। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक नरेन्द्र देवांगन द्वारा व्हीलचेयर प्रदान किया गया। ठगेश्वर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब मुझे आने-जाने में सुविधा होगी।

देवभोग, विनायक नगर, मुड़तराई में कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद चिन्हित क्षेत्र कंटेनमेंट जोन घोषित

गरियाबंद । गरियाबंद जिले के देवभोग (राजापारा), नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड क्रमांक-12 विनायक नगर, ग्राम मुड़तराई के वार्ड क्रमांक-20 में नये कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के पश्चात संबंधित क्षेत्र के चौहद्दी को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छतर सिंह डेहरे द्वारा कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कंटेनमेंट जोन के चिन्हित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त तक बन्द रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जायेगी। सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किन्हीं भी कारणों से घर के बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। देवभोग (राजापारा) के पूर्व दिशा में मंटी प्रधान का मकान, पश्चिम दिशा में राजा तालाब, उत्तर दिशा में सुरेश नारायण का मकान और दक्षिण दिशा में मुरली मनोहर का खेत, नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड क्रमांक-12, विनायक नगर के पूर्व दिशा में गली (जय प्रकाश चंद्राकर का मकान), पश्चिम दिशा में मंगल मोटर्स, उत्तर दिशा में मुख्य मार्ग (पक्का सड़क) और दक्षिण दिशा में गली (रास्ता), ग्राम मुड़तराई के वार्ड क्रमांक-20 के पूर्व दिशा में बाड़ी व खेत , पश्चिम दिशा में सड़क रास्ता, उत्तर दिशा में भोजराम वर्मा का मकान और दक्षिण में हुलास का मकान के चिन्हित चैहद्दी को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। आदेश के तहत उक्त क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप व्यवस्था हेतु पुलिस पैट्रोलिंग सुनिश्चित की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार आवश्यक सर्विलांस, कान्टेक्ट, ट्रेसिंग एवं सैम्पल जांच आदि की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही जोन में कार्यवाही हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। केवल एक प्रवेश एवं निकास हेतु बैरिकेटिंग हेतु कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, प्रवेश एवं निकास सहित क्षेत्र की सेनिटाइजिंग व्यवस्था एवं आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है।

वेतन विसंगति : सीएम को राखी भेजेंगी सहायक शिक्षिकाएं

महासमुंद। छग सहायक शिक्षक फेडरेशन महिला प्रकोष्ठ जिला महासमुंद की वेतन विसंगति की मांग को लेकर जिला स्तरीय वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में सहायक शिक्षकों को किए वेतन विसंगति के वादे को याद दिलाने के लिए रक्षाबंधन पर्व पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राखी भेज कर स्मरण कराने पर विशेष चर्चा हुई। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि वेतन विसंगति की मांग कांग्रेस सरकार बनते ही पूर्ण करने का वायदा किया गया था। लेकिन सरकार बनने के बाद आज तक यह समस्या जारी है। इसे पूरा कराने के लिए इस रक्षाबंधन पर्व पर सभी सहायक शिक्षिका राखी, मांग पत्र एवं प्रिंट मीडिया में प्रकाशित उनके वक्तव्य, तत्कालीन रमन सरकार द्वारा वर्ग 3 के साथ धोखा समाचार पत्र की छायाप्रति भेजकर किए गए वादे को याद दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री को राखी भेजो अभियान प्रारंभ किया गया है।

ढाबा संचालक के साथ मारपीट

खरोरा। नगर समीप केसला पेट्रोल पम्प पर भोजनालय खोल अपने परिवार चलाने वाले गरीब होटल संचालक को ग्राम केसला के कुछ युवकों द्वारा मारपीट कर खाने फेके जाने और सिकायत करने पर जान से मारे जाने से डरे सहमे दुकान संचालक अपनी मां के साथ थाने मे पंहुच इसकी सिकायत थाने मे की।

खरोरा थाना अपने मां के साथ पहुंचे गणेश ढाबा के संचालक वेद प्रकाश देवागंन ने बताया कि ग्राम केसला के रहने वाले उमेश,चितड व अजित ने ढाबे पहुंच कर खाना खाया और खाने के पैसा मांगने पर मारपीट कर चला गया वही वह

अन्यसाथीयो के साथ ढाब पहुंच खाना सहित अन्य सामनो को फेकने लगा मना करने मारपीट करते सिकायत करने पर जान से मारे जाने की बात कह चला गया ढाबे मे मौजूद लोगों ने युवको दबंगई देख भाग गये जिसमे ढाबे के कर्मचारी शामील है ,डरे सहमे युवक वेदप्रकाश घर पहुंचा युवक की स्थिति देख परिजन रात भर युवक के परिजन दवाओं की व्यवस्था कर इलाज करवाये और सुबह.अपने साथ हुये आपबीती बताने अपनी मां के साथ थाने पहुंचे ढाबा संचालक इतना डरा सहमा है कि किसी अनहोनी के डर से दुकान खोलने से डर रहा है ।ढाबा संचालक ने बताया कि इन्ही लोगो के द्वारा कुछ दिन पूर्व ढाबे मे खाने खाने के बाद पैसा मागने पर यूवको ने मारपीट की थी युवक सिकायत पर थाना प्रभारी रमेश मरकाम द्वारा कार्यवाही की जा रही है वही युवक के अब तक पकडे जाने की जानकारी नही मिली है ।

गाजर घास से किसान परेशान, मवेशियों के लिए खतरा

खरोरा। बरसात के मौसम लगते ही गांव तथा शहरों के मुख्य सड़कों के किनारे, नदी , नाले, तालाब , मैदान, खेत व इनके मेंडो पर हर तरफ़ हरा भरा दिखने वाला गाजर घास ने हमारे उपजाऊ जमीन के बीच ऐसी जगह बना ली है जहा से ये हटने का नाम नहीं ले रही है । करीब दो दशक पहले क्षेत्र में दस्तक देने वाला गाजर घास आज भी किसानों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। जहां इससे निपटने के लिए किसान तरह तरह के उपाय कर चुके है पर घास के मैदानों से लेकर बंजर भूमि तक और नदी नालों के किनारों से लेकर मेड सहित खेतों तक सर्वत्र व्याप्त हो चुकी यह गाजर घास का प्रभावी नियंत्रण व इससे निपटने के लिए कोई उपाय मौजूद नहीं होने के कारण किसानों ने इससे छुटकारा पाने के लिए हाथ पांव मारना शुरू किया। अंत में समस्या का यह निदान निकला कि गाजर घास

का समय रहते फूल आने से पहले ही जड़ से उखाड़कर फेंक दिया जाय ।किसानों ने यही किया और अभी तक यही करते आ रहे हैं । इससे गाजर घास की समस्या को विकरालता पर तो रोक लग गई लेकिन प्रभावी नियंत्रण अभी तक नहीं हो पाया है । अभी भी खेतो मेड़ों में गाजर घास के गुच्छे देखे जा सकते हैं । कई जगहों पर तो गाजर घास ने जमीन ही हथिया ली है । इन स्थानों पर गाजर घास के अतिरिक्त कोई अन्य वनस्पति उग ही नहीं पाती । फलस्वरूप वन्य जीवों के साथ साथ घरेलू पशुओं का जीवन भी खतरे में आ गया है । घास के कई बीड़े गाजर घास से ढंकी हुई हर जगह नजर आ रही है।

> किसान इसे ग्लाइफोसेट 41 एसएल 100 मिली स्प्रेयर 2,4-डी सोडियम साल्ट 30 ग्राम स्प्रेयर का उपयोग कर सकते है! साथ ही हाथ में दस्ताने का प्रयोग करते हुए जड़ सहित उखाड़ कर इसे नष्ट किया जा सकता है।
>
> **रवि शंकर धनुर्वेद,** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, मैत्रा परिक्षेत्र

क्या है गाजर घास: गाजर घास का वैज्ञानिक नाम पारथेनियम हिस्टेरोफोरस है। इसे चटक चांदनी, गंधी बूटी एवं पंधारी फूल आदि नाम से भी जाना जाता है। यह फसलों के साथ-साथ यह मनुष्यों और जानवरों के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाती है। हर प्रकार के वातावरण में उगने वाली अभूतपूर्व क्षमता से युक्त गाजर घास एक वर्षीय पौधा है। यह 90 सेमी से एक मीटर तक ऊंचा होता है। इसकी पत्तियां गाजर की पत्तियों की तरह होती है। इसलिए इनका नाम गाजर घास पड़ा है इसकी पौधे साल भर उगते हैं।

बंसी विहार कॉलोनी में वृक्षारोपण किया गया

खरोरा। बंसी विहार कॉलोनी केसला (खरोरा)में किया गया। छायादार पौधे का रोपण किया गया। ग्राम पंचायत केसला के अंतर्गत बंसी विहार कॉलोनी में छायादार पौधे का रोपण किया गया । युवाओं ने पौधे की देखभाल करने का संकल्प लिया। बारिश के मौसम बहुत ही सुंदर हरियाली रहती है और गर्मियों के मौसम में पेड़ के नीचे बैठने से ताजा और ठंडी हवा मिलती है ।बंसी बिहार के समस्त सदस्यों के द्वारा फलदार , छायादार पौधे का रोपण कार्य किया गया । इस अवसर पर यहां के सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक को एक-एक पौधे लगाना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डोमार सिंह वर्मा ,खिलावन प्रसाद यादव , दीपक कुमार वर्मा ,मुरलीधर वर्मा एवं बंसी विहार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

सुविधा अब नयापारा के रहवासियों को प्रसव के लिए नहीं आना पड़ेगा पटरी पार

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में प्रसव सेवाएं शुरू

महासमुंद। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए उठाए जा रहे कारगर प्रयासों में अब यूपीएचसी यानी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जरिए नयापारा के रहवासियों को सुरक्षित प्रसव सेवाओं की सौगात मिली। 28 जुलाई को यहां ब्वॉय चाइल्ड के रूप में पहली किलकारी गूंजी। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड सात निवासी श्रीमती अमृता जलधत्री की यह तीसरी डिलिवरी है जो कि बिलकुल नॉर्मल हुई। जबकि, इसके पूर्व उन्हें दूसरी डिलिवरी में शल्य क्रिया का सहारा लेना पड़ा था। ऐसे में, जलधत्री परिवार ने सरकारी चिकित्सालय की बेहतर प्रसव सेवाओं और अनुभवी चिकित्सकीय अमले के बीच जन्में अपने ढाई किलो स्वस्थ नवजात शिशु को देख कर न केवल संतोष प्रकट किया बल्कि अब अपने परिचितों को भी अन्यत्र न जा कर यूपीएचसी नयापारा में डिलिवरी

कराने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

बता दें कि हाल ही में पिछले शुक्रवार मतलब 23 जुलाई को कलेक्टोरेट में हुई जिला स्वास्थ्य की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इस ओर सेवाएं जल्द से जल्द शुरू करने के लिए निर्देशित किया था।

सीएमएचओ ने खुद देखे मरीज, कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं

सीएमएचओ डॉ. वारे ने यूपीएचसी नयापारा में प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा जायजा लिया। ओपीडी के रजिस्टर पंजी के पन्ने उलटे, मरीजों के संबंध में अधूरी जानकारी अंकित होना पाया तो अवश्यक टीप की। मौके पर प्रभारी चिकित्सक अनुपस्थित मिले तो नाराजगी जाहिर करते हुए खुद ही मरीजों की जांच कर उपचारित किया। उन्होंने दो-टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, कारण बताओ नोटिस भी जारी होंगे। वे कड़ाई से एक्शन लेंगे किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

न्यूज गैलरी

सुरक्षा पार्टिशन लगाने के लिए ऊबर और बजाज ऑटो की साझेदारी

नई दिल्ली (वार्ता)। ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदाता ऊबर एवं तिपहिया यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो ने एक लाख ऑटो रिक्शा में चालक की सीट के पीछे सुरक्षा पार्टिशन लगाने के लिए साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि इसके लिए ऑटो चालकों के साथ साझेदारी की जा रही है। यह सुरक्षा पार्टिशन चालकों एवं यात्रियों के बीच संपर्क को बाधित कर सुरक्षात्मक बैरियर का काम करेगा तथा सामाजिक दूरी का पालन करने में मदद करेगा, जिससे 'न्यू नॉर्मल' में यात्रा ज्यादा सुरक्षित हो सकेगी। सुरक्षा किट्स में फेस मास्क, हैंड सैनिटाईज़र एवं वैहिकल डिसइन्फैक्टेंट्स 20 शहरों में 1 लाख ऑटो रिक्शा ड्राईवरों को दिए जा रहे हैं। इन शहरों में नई दिल्ली, गुरूग्राम , मुंबई, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु , मैसूर, मदुरई आदि शामिल हैं।

फ्लिपकार्ट ने बढ़ायी हाइपरलोकल क्षमताएं

नई दिल्ली (वार्ता)। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज अपनी हाइपरलोकल सेवा - 'फ्लिपकार्ट क्विक' लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि यह नई पेशकश फ्लिपकार्ट की टेक्नोलॉजी क्षमताओं तथा इसके सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर शुरू की गई है। 'फ्लिपकार्ट क्विक' का मकसद ग्राहकों के लिए बेहतर सेवायें उपलब्ध कराना है और इसके लिए उन्हें विस्तृत चयन, सर्वोच्च गुणवत्ता तथा नई लोकेशन मैपिंग टैक्नोलॉजी फ्रेमवर्क का लाभ मिलेगा। उपभोक्ताओं के दैनिक खरीदारी अनुभवों को उत्पादों की सुलभता, उपलब्धता और किफायत जैसे फायदों से समृद्ध बनाते हुए, 'फ्लिपकार्ट क्विक' ग्रॉसरी, फ्रेश, डेयरी, मीट, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरी, स्टेशनरी उत्पादों तथा होम एक्सेसरीज़ जैसी श्रेणियों में 2000 से अधिक उत्पादों को लेकर आया है।

रुपया चार पैसे मजबूत

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही नरमी के कारण अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को चार पैसे की मजबूती के साथ 74.80 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर एक पैसा टूटकर 74.84 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।रुपया एक पैसे की बढ़त में आज 74.83 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के सूचकांक में रही गिरावट से रुपये को बल मिला। कारोबार के दौरान यह 74.74 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ।हालाँकि कच्चे तेल में तेजी ने रुपये पर दबाव डाला और यह 74.89 रुपये प्रति डॉलर तक कमजोर हुआ।

ओला ऑटो ड्राइवरों का ग्राहकों की सुरक्षा पर जोर

ओला की 'राइड सेफ इंडिया' पहल में सावधानी के कई उपाय

ओला ऑटो हमेशा से देश में यात्रा के लिये सबसे ज्यादा उपयोग किये जाने वाले साधनों में से एक रहे हैं, लेकिन ओला के ड्राइवरों की ओर से हर यात्रा में सुरक्षा के उपायों का पूरा ध्यान रखे जाने से कई ग्राहकों का उनकी सेवा पर विश्वास लौट आया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। पिछले कुछ सप्ताहों में ओला के ऑटो ड्राइवर जिम्मेदार फ्रंटलाइन योद्धाओं के रूप में उभरे हैं, जो अपने ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। इस 'न्यू नॉर्मल' में सबसे आगे खड़े होकर वे ओला ब्राण्ड के सुरक्षा सम्बंधी वचन को सार्थक कर रहे हैं और कंपनी की 'राइड सेफ इंडिया' पहल के अंतर्गत सभी उपायों को आगे बढ़ा रहे हैं।

ओला के प्रवक्ता आनंद सुब्रमण्यिन ने कहा, ओला की 'राइड सेफ इंडिया' पहल में सावधानी के कई उपाय हैं, जो हमारे ड्राइवर-पार्टनर्स और ग्राहकों को हर यात्रा में स्वच्छता के उच्चतम मानकों का आनंद देते हैं। हम इस पहल को जमीनी स्तर पर लागू करने पर पूरी नजर रख रहे हैं और सुरक्षा के प्रोटोकॉल्स का कठोरता से पालन करने का पूरा ध्यानि रख रहे हैं। हमारे ओला ऑटो ड्राइवर-पार्टनर्स प्रत्येक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिये पूरा प्रयास करते रहेंगे, जिससे ग्राहकों का विश्वास भी बढ़ेगा।

ओला ऑटो ड्राइवर अपने साथ मास्क, सैनिटाइजर और सफाई उपकरण रखते हैं और अपने वाहन के लिये उन्नत मानक बनाये रखते हैं। वे अपने ऑटो को हर राइड से पहले और बाद में सैनिटाइज करते हैं और ओला के समर्पित सेफ्टी ज़ोन्स में प्रत्येक 48 घंटे में अपने वाहन को मुफ्तद में फ्युमिगेट और डीप-क्लीन करवाते हैं।

श्री आनंद ने कहा, वे देशभर के लोगों के लिये परिवहन सेवाओं की लगातार पेशकश कर रहे हैं और हम अपने सेफ्टी ज़ोन्स और पार्टनर केयर टीमों के माध्यम से उनके प्रयासों को मजबूत करने और उन्हें सहयोग देने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

ओला फ्युमिगेशन और डीप-क्लीनिंग सेवाएं तथा हेल्थ चेकअप भी निशुल्क प्रदान करता है और इस बात का पूरा ध्यानि रखता है कि मेरे पास सुरक्षा के सभी उपकरण हों, इससे मैं अपने ग्राहक को पूरी सहूलियत और सुरक्षा प्रदान करने पर फोकस कर पाता हूं।

ओला के सभी ऑटो में चालक और ग्राहक के बीच एक सुरक्षात्मक पार्टिशन स्क्रीन फिट की गई है, जो सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत का काम करती है और शारीरिक दूरी और संपर्क को कम रखती है। ओला की प्रोपाइटरी सेल्फी आंथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी भी देखती है कि ड्राइवर इस प्लेटफ़ॉर्म पर सेवा देते समय मास्क पहनें। इस 'न्यू नॉर्मल' में ड्राइविंग के बारे में बात करते हुए दिल्ली के एक ओला ऑटो ड्राइवर हारून खान ने कहा,"ग्राहक जरूरी यात्रा के लिये हम पर निर्भर करते हैं और यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि उनका विश्वास बना रहे। हर यात्रा से पहले मैं ग्राहक के सामने सीटों और ज्यादा छूई जाने वाली सभी सतहों को सैनिटाइज करता हूँ, जिसके बाद अपने हाथों को सैनिटाइज करता हूँ और अपने ग्राहक के हाथों को भी सैनिटाइज करवाता हूँ।

जून में 18 प्रतिशत कम रही विमान से माल ढुलाई की मांग

जिनेवा (वार्ता)। हवाई मार्ग से माल ढुलाई की वैश्विक माँग में इस साल जून में करीब 18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आयटा) के आज जारी आँकड़ों के अनुसार, जून 2019 की तुलना में इस साल जून में हवाई माल ढुलाई यानी कार्गो सेवा की माँग में 17.6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आयटा टन-किलोमीटर में माल ढुलाई के आँकड़े एकत्र करता है। उसने बताया कि विमानों के जरिये माल ढुलाई पर कोविड-19 का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है। मई में माँग में 20.1 प्रतिशत की गिरावट रही है जो जून में कम हुई है।

वहीं, माल ढुलाई की उपलब्ध क्षमता जून में एक साल पहले की तुलना में 34.1 प्रतिशत कम हुई है। मई में इसमें 34.8 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। यात्री विमान सेवाएँ अभी पूरी तरह शुरू नहीं होने से बेली में उपलब्ध क्षमता में जून में 70 फीसदी की कमी देखी गई।

आयटा के महानिदेशक एलेक्जेंडर डी जुनाइक ने कहा कि यात्री विमान सेवा की तुलना में कार्गो सेवा का कारोबार मजबूत है, लेकिन कारोबार करना अब भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। आर्थिक गतिविधियाँ धीरे-धीरे दुबारा शुरू होने से माँग में काफी सुधार हो रहा है। यात्री उड़ानों के अपेक्षाकृत धीरे-धीरे शुरू होने से मालवहन क्षमता में कमी का सामना करना पड़ रहा है।

एआईआईबी के साथ भागीदारी से निवेश के नय अवसर पैदा होंगे: सीतारमण

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आधारभूत ढांचे के विकास को प्रोत्साहन देने के लिए भारत की 1.4 लाख करोड़ डॉलर के अनुमानित व्यय वाली राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) का हवाला देते हुये आज कहा कि इसमें एआईआईबी के साथ भागीदारी में निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।

श्रीमती सीतारमण ने एशियाई इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की वार्षिक बैठक में भाग लेते हुये एआईआईबी से कुछ अपेक्षाओं का उल्लेख किया, जिनमें वित्तपोषण के नए साधनों की पेशकश, निजी क्षेत्र से वित्तपोषण जुटाना, एसडीजी 2030 को हासिल करने के लिए सामाजिक आधारभूत ढांचे के लिए वित्तपोषण उपलब्ध कराना और कोविड-19 संकट से उबरने की प्रतिक्रिया में जलवायु और टिकाऊ ऊर्जा वाले बुनियादी ढांचे के विकास का एकीकरण शामिल हैं। उन्होंने बैंक को क्षेत्रीय उपस्थिति दर्ज कराने का भी सुझाव दिया, जिससे प्रभावी परियोजना प्रबंधन और कार्यान्वयन में सहयोग मिलेगा। वित्त मंत्री ने सशक्त विकास के लिए एआईआईबी प्रबंधन की सराहना की, जिसे बैंक ने सिर्फ पांच साल की अवधि में हासिल किया है और उन्होंने बैंक को भविष्य के प्रयासों में सफलता के लिए शुभकामनायें भी दी।

बैठक में होने वाले विचार विमर्श में एआईआईबी के अध्यक्ष के चुनाव सहित कई आधिकारिक कार्य और 'एआईआईबी 2030- एशिया के विकास में सहायक अगला एक दशक' विषयवस्तु पर गोलमेज चर्चा की गयी।

कोरोना से निपटने भारत को 30 लाख डॉलर का अनुदान

नई दिल्ली (वार्ता)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) भारत को कोरोना वायरस से निपटने के लिए अपने एशिया प्रशांत आपदा रिस्पोंस फंड से 30 लाख डॉलर का अनुदान दे रहा है।

एडीबी के दक्षिण एशिया के मानव एवं समाज विकास निदेशक सुन्नासुप रा ने यह घोषणा करते हुये कहा कि नया अनुदान भारत सरकार को एडीबी के जारी सहयोग के अतिरिक्त है। इससे इस महामारी की निगरानी करने और शुरूआत में पता लगाने में मदद के साथ ही उपचार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

यह अनुदान जापान द्वारा वित्त पोषित है और इसका उपयोग थर्मल स्कैनर और कोविड -19 से लड़ने के लिए भारत को आवश्यक उपकरण खरीदने में मदद मिलेगी।

शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 422 अंक लुढ़का

मुंबई (वार्ता)। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और इंफोसिस जैसी दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से बीएसई का सेंसेक्स आज 421.82 अंक यानी 1.10 प्रतिशत लुढ़ककर 38,492.95 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 97.70 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट में 11,202.85 अंक पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच बाजार की शुरुआत गिरावट में हुई, लेकिन कुछ देर के लिए यह हरे निशान में लौट आया। इसके बाद बिकवाली का जोर बढ़ने से बाजार फिर लाल निशान में उतर गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के साथ सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की टीसीएस और इंफोसिस में हुयी बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाया। उर्जा समूह में सबसे अधिक बिकवाली रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज में पौने चार फीसदी की गिरावट रही। वहीं, इंडसइंड बैंक के शेयर साढ़े चार प्रतिशत चढ़े। सेंसेक्स के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की। बीएसई का मिडकैप 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,762.55 अंक पर और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 12,948.36 अंक पर बंद हुआ। एशिया में जापान का निक्की 1.15 प्रतिशत टूट गया जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 2.06 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.45 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.27 प्रतिशत की तेजी में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.27 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि जर्मनी का डैक्स 0.14 प्रतिशत फिसल गया। सेंसेक्स 65.80 अंक की गिरावट के साथ 38,427.15 अंक पर खुला, लेकिन शुरुआती कारोबार में ही 38,617.03 अंक तक चढ़ने के बाद यह लाल निशान में उतर गया।

कोरोना इफेक्ट | पहली तिमाही में प्राधिकरण की आय में 80 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज

एएआई को पहली बार हो सकता है नुकसान

देश भर में एक सौ से अधिक हवाई अड्डों का परिचालन करने वाली मिनीरत्न कंपनी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को कोविड- 19 के कारण 25 साल के इतिहास में पहली बार नुकसान उठाना पड़ सकता है।

नई दिल्ली (वार्ता)। एएआई के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में प्राधिकरण की आय में 80 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान लगभग दो महीने तक देश में नियमित यात्री विमान सेवा पूरी तरह ठप रही। घरेलू यात्री विमान सेवा 25 मई से दुबारा शुरू की गई है, लेकिन अब भी परिचालन कोविड-19 से पहले के स्तर की तुलना में 30 प्रतिशत पर भी नहीं पहुँचा है इसलिए, आने वाली तिमाहियों में भी राजस्व में गिरावट जारी रह सकती है। उन्होंने कहा "पहली तिमाही में राजस्व 80 प्रतिशत कम रहा है और चालू वित्त वर्ष में नुकसान की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

वर्ष 1995 में एएआई की स्थापना के बाद से अब तक एएआई हमेशा मुनाफे में रही है। वित्त वर्ष 2018-19 में उसका कुल राजस्व 14,133 करोड़ रुपये और मुनाफा 2,271 करोड़ रुपये रहा था। उसकी आमदनी का 25 प्रतिशत से अधिक हवाई अड्डा नेविगेशन सेवाओं (एएनएस) के मद में प्राप्त होता है। विमान को उड़ान भरने के दौरान नेविगेशन के लिए दी जाने वाली इस सेवा से प्राप्त आय उड़ानें बंद रहने से प्रभावित हुई। खासकर विदेशी एयरलाइन की उड़ान को एएनएस सेवा देने से काफी आमदनी होती है। एएआई की आमदनी में 30 प्रतिशत से अधिक हवाई अड्डा शुल्क के रूप में मिलता है। इसमें बड़ा हिस्सा प्रति यात्री शुल्क और प्रति उड़ान शुल्क के रूप में प्राप्त होता है। यात्री विमानों की आवाजाही बंद रहने से इन शुल्कों से आमदनी लगभग पूरी तरह समाप्त हो गई थी। श्री सिंह ने बताया कि विमान सेवा कंपनियों ने भी पार्किंग शुल्क तथा अन्य हवाई अड्डा शुल्कों में रियायत की माँग की है। उन्होंने कहा "बड़ी रियायत देना संभव नहीं होगा, लेकिन 25 मार्च से 24 मई तक की अवधि के लिए आंशिक राहत देने पर विचार किया जा रहा है जब यात्री विमान सेवाएं पूरी तरह ठप रही थीं।" उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी इस पर सिर्फ विचार किया जा रहा है और कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। कोविड से पहले घरेलू मार्गों पर रोजाना तकरीब 3,300 उड़ानों का परिचालन हो रहा था और यात्रियों की औसत संख्या तीन लाख के आसपास थी। दुबारा घरेलू उड़ानें शुरू होने के बाद दो महीने में उड़ानों की संख्या 800 के पार पहुँच पाई है जबकि यात्रियों की संख्या 70 हजार से भी कम है।

एएआई की आमदनी में 30 प्रतिशत से अधिक हवाई अड्डा शुल्क के रूप में मिलता है। इसमें बड़ा हिस्सा प्रति यात्री शुल्क और प्रति उड़ान शुल्क के रूप में प्राप्त होता है। यात्री विमानों की आवाजाही बंद रहने से इन शुल्कों से आमदनी लगभग पूरी तरह समाप्त हो गई थी।

यात्री यातायात को पुरानी ऊंचाई पर आने में चार साल: आयटा

जिनेवा (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) का कहना है कि हवाई यात्री यातायात के कोविड से पहले के स्तर पर पहुँचने में कम से कम चार साल का समय लगेगा। आयटा की आज जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि यात्री यातायात के वर्ष 2024 से पहले पुराने स्तर पर पहुँचने की उम्मीद नहीं है जबकि घरेलू हवाई यात्री परिवहन के वर्ष 2023 तक पुराने स्तर को हासिल करने की उम्मीद है। पहले आयटा ने घरेलू यातायात के वर्ष 2022 तक और वैश्विक यातायात के वर्ष 2023 तक पुराने स्तर पर पहुँचने का पूर्वानुमान जताया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल हवाई यात्रियों की वैश्विक संख्या में 55 प्रतिशत की गिरावट की आशंका है। जून में यात्री-किलोमीटर की इकाई में यातायात में 86.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद आयटा ने संशोधित पूर्वानुमान जारी करते हुये सुधार की रफ्तार धीमी रहने की बात कही है। अमेरिका और विकासशील देशों में महामारी के संक्रमण को नियंत्रित करने की सुस्त रफ्तार, कॉर्पोरेट यात्राओं में कमी और ग्राहकों के कमजोर विश्वास को देखते हुये आयटा का कहना है कि यात्री अभी हवाई सफर करने से बचेंगे। उसके जून में कराये गये सर्वेक्षण में 55 फीसदी लोगों ने कहा है कि वे इस साल हवाई यात्रा नहीं करेंगे।

आज का भविष्यफल

मेषः आज आपको शासन द्वारा सम्मानित किये जाने की संभावना रहेगी। यदि आप किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था से ऋण लेना चाहें तो कदापि न लें, आज लिए गए ऋण का उतरना कठिन रहेगा। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे।

वृषभः आज आप बहुत व्यस्त रहेंगे। लेकिन ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें। पांव में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आज आपको लाभ मिल सकता है।

मिथुनः आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा।

कर्कः भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का अच्छा फल मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज नमिसल पथ से प्रेम एवं विशेष सहयोग मिलने की संभावना है।

सिंहः आज का दिन मिश्रित फलकारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी।

कन्याः आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथोच्च रूप से प्राप्त होगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए शुभकारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। चतुर्थ माता भाव में बृहस्पति मकर राशि का लेकर विराजमान है।

वृश्चिकः आज आपका मन अशांत एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सायंकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

धनुः आज आपके ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके अंदर दान-पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा।

मकरः आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। लेकिन इसके साथ-साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आयेंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

कुंभः आज का दिन बुद्धि-विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने पारिवारीजनों से विश्वासघात होने की संभावना है। सांसारिक सुख भोग का योग है।

मीनः आज दशम भाव में धनुः राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा।

सू- दोकू क्र.098

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

विषय

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं, और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू के 97 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4

शब्द सामर्थ्य -098

बाएं से दाएं : 1. लम्बर, जाफा 2. मुकाबला, भौंर, होड़ 5. बंदी, बैद की काजा पने काल ज्यादि 7. खत-पाद, नाटक चित्रण आदि का बुरा पाठ 9. कानों, ब्यांचिकारी 10. इजरा जाल, बेदम्मादी होना (उपमा)11. उदाहरण, विचित्र, कठिन 13. पैचर, टाट-बाट 14. साथ, सहित 15. बालोरेल की घण्टी, ईश 16. मैं का मुखपाठ 17. दाखाने-दाखाने 20. एक राशि, मगर 22. नर्क, सोड़, मुहर, उपाय 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मचिंतन, स्वतंत्रता भावना से ओतप्रोत 2. वर्ष, बरस 3. दाखे करार, भरे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक विशेष आदि का मुखपाठ 6. दौलतमंदी, फालतूपन, 7. दो बंधाव, सुलझा। वस्तुओं के तकरीबे से उत्पन्न ध्वनि, राशि, मगर 22. नर्क, सोड़, मुहर, उपाय 23. औषधालय, चिकित्सालय। का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मन दुखी से भिन्नता हो, 15. टॉर्च, टॉर्च 18. प्रति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. रेगा-फसाद, उपद्रव विलाप 21.

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का हल

26 करोड़ के पांच वाच टावर से चोरी रोकने होगी एसईसीएल में निगरानी

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की गेवरा खदान में 60 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसके बावजूद डीजल व कबाड़ चोर बेखौफ हो चोरी की घटनाओं की अंजाम दे रहे। हाईमास्ट लाइट भी लगी है, जिससे सीसीटीवी कैमरे में रात को भी साफ विजुअल कैप्चर होता है। सुरक्षा अमला अलग तैनात किया गया है। सुरक्षा के लिए करोड़ों खर्च करने के बाद भी हर रोज लाखों की डीजल व कबाड़ की चोरी कर ली जा रही। अब एक बार फिर 26 करोड़ खर्च कर पांच उच्च क्षमता वाले वॉच टावर लगाए जा रहे हैं। वाई-फाई, सीसीटीवी कैमरा समेत हाईमास्ट लाइट से लैस होने से सीधे कंट्रोल रूम से खदान की निगरानी की जा सकेगी।

कोयला खदान में लगातार हो रही चोरी, भारी मशीनों को जलाने की घटना से एसईसीएल प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। विभागीय सुरक्षा कर्मी के साथ सीआइएसएफ नगर सैनिक भी तैनात किए गए हैं, पर चोरों के हौसले काफी बुलंद होने से अंकुश नहीं लग पा रहा। हथियार लैस चोर कई बार हमला भी कर चुके हैं, इससे सुरक्षा कर्मियों को पीछे हटना पड़ा है। पहचान नहीं होने से पुलिस भी इन पर कार्रवाई नहीं कर पा रही है। स्थानीय स्तर से लेकर कोल इंडिया मुख्यालय तक चोरी की घटना को लेकर चिंता व्यक्त की जा चुकी है। इससे निपटने कोल इंडिया ने वॉच टावर लगाने की योजना तैयार की और पहले चरण में मेगा परियोजना गेवरा को चिन्हित किया है।

वाई-फाई सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

सीधी क्षेत्र में लगेंगे पांच टॉवर

बताया जा रहा है कि खदान के सभी क्षेत्र में पांच टावर लगाए जाएंगे। आधुनिक सर्वसुविधायुक्त टावर में वाई-फाई सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा, जो सीधे कंट्रोल रूम में अपनी रिपोर्ट देगा। बिना तार होने से चोरों के वार काटने का खतरा भी नहीं रहेगा। साथ ही उच्च क्षमता वाला हाईमास्ट लाइट होने के कारण दूरदराज में फैली खदान के प्रत्येक जगह में निगरानी की जा सकेगी। जानकारों का कहना है कि कोल इंडिया ने कुसमुंडा, गेवरा व दीपका में टावर लगाने के लिए 80 करोड़ रुपये स्वीकृत किया है। यानी प्रत्येक परियोजना के लिए लगभग 26.50 करोड़ रुपये मिलेंगे। हालांकि टावरों की संख्या जरूरत के मुताबिक घटने-बढ़ने से राशि में इजाफा या कमी आ सकती है।

दूसरे चरण में कुसमुंडा व दीपका में लगेगा

कोयला क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि कोल इंडिया ने पहले चरण में एरिया की सबसे बड़ी खदान गेवरा को टावर लगाने के लिए चिन्हित किया है। यहां पांच टावर लगाने का काम शुरू हो गया है। योजना साकार होते ही दूसरे चरण में कुसमुंडा एवं दीपका खदान में टावर लगाए जाएंगे। वर्तमान में एसईसीएल ही नहीं, बल्कि कोल इंडिया की नजर इन तीनों कोयला खदान पर रहती है।

लाखों की चोरी से बढ़ी लागत

खदान से प्रतिदिन पांच से सात लाख रुपये के डीजल की चोरी हो रही है। वहीं कबाड़, भारी वाहनों के स्पेयर पार्ट्स की चोरी से भी कंपनी को लाखों की क्षति पहुंच रही है। वाहनों से निकलने वाले खराब पार्ट्स को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेच कर कंपनी लाखों रुपये आय अर्जित करती है, पर चोरी से यह संभव नहीं हो रहा। इस नुकसान के कारण कोयला उत्पादन लगातार में बढ़ोतरी हो रही और कंपनी को मंहगे दर पर कोयला बेचना पड़ रहा।

छग के कण-कण में बसे हैं भगवान राम : सीएम भूपेश

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। यहां कण-कण में भगवान राम बसे हुए हैं। भगवान राम ने वनवास का बहुत सा समय यहां व्यतीत किए हैं। मुख्यमंत्री ने यह बात माता कौशल्या की जन्मभूमि चंदखुरी में स्थित मंदिर में सपरिवार दर्शन व पूजा अर्चना कर कही। छत्तीसगढ़ सरकार भगवान राम के वन गमन मार्ग को पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित कर रही है ताकि इन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिल सके। श्री बघेल ने कहा कि चंदखुरी में 15 करोड़ की लागत से सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर यहां तालाब के बीच से होकर गुजरने वाले पुल की मजबूती के साथ ही यहां परिक्रमा पथ, सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला और शौचालय बनाने कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन हो गया है यहां अगस्त के तीसरे सप्ताह से निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

मंदिर परिसर मे लगाया पौधा

बघेल ने इस अवसर पर मंदिर परिसर पर बेल और उनकी धर्मपत्नी ने महुआ का पौधा भी रोपा। इसके साथ ही परिसर में आवंला, पीपल, अमरूद और करंज आदि के पौधे भी लगाए गए। मुख्यमंत्री ने इन रोपे गए पौधों पर ट्रीगार्डों महिला समूह द्वारा बांस से बनाए जा रहे ट्री-गार्डों का लगवाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणजनों से गौठान और गोधन न्याय योजना सहित गांव में उपलब्ध अन्य सुविधाओं की चर्चा की। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष श्री खिलेश देवांगन, ग्राम पंचायत चंदखुरी की सरपंच श्रीमती मालती धीवर और कौशल्या माता समिति के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र वर्मा और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बायपास सड़क की मंजूरी

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों की मांग पर मंदिर के पास से बायपास सड़क की स्वीकृति प्रदान करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं ग्रामवासियों की सहूलियत को देखते हुए चंदखुरी में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए है।

भगवान राम ने छग में व्यतीत किया था चौमासा

गौरतलब है कि त्रेतायुगीन छत्तीसगढ़ का प्राचीन नाम दक्षिण कोसल एवं दण्डकारण्य के रूप में विख्यात था। प्रभु श्रीराम ने उत्तर भारत से छत्तीसगढ़ में प्रवेश के बाद विभिन्न स्थानों पर चौमासा व्यतीत करते हुए दक्षिण भारत में प्रवेश किया गया था। छत्तीसगढ़ में कोरिया जिले की गवाई नदी से होकर सीतामढ़ी हरचौका नामक स्थान से प्रभु श्रीराम ने छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया था। इस दौरान उन्होंने 75 स्थलों का भ्रमण करते हुए सुकमा जिले के रामाराम से दक्षिण भारत में प्रवेश किया था। उक्त स्थलों में से 51 स्थल ऐसे है, जहां प्रभु श्रीराम ने भ्रमण के दौरान रूक कर कुछ समय व्यतीत किया था। प्रथम चरण में इनमें से 9 स्थलों को विकसित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राम वन गमन पथ का, पर्यटन की दृष्टि से विकास की योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य में आने वाले पर्यटकों, आगन्तुकों के साथ-साथ देश और राज्य के लोगों को भी राम वन गमन मार्ग एवं स्थलों से परिचित कराना एवं इन ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण के दौरान पर्यटकों को उच्च स्तर की सुविधाएं भी उपलब्ध कराना है।

15 करोड़ की लागत से चंदखुरी में कराया जाएगा सौंदर्यीकरण

राम वनगमन पथ के प्रथम चरण में 9 स्थलों का चयन

छत्तीसगढ़ मे राम वन गमन पर्यटन परिपथ को विकसित करने के उद्देश्य से प्रथम चरण में 09 स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों में सीतामढ़ी-हरचौका (कोरिया), रामगढ़ (अभिकापुर), रिवतीनारायण (जांजगीर-चांपा), तुरतुरिया (बलौदाबाजार), चंदखुरी (रायपुर), राजिम (गरियाबंद), सिहावा-सप्तऋषि आश्रम (धमतरी), गंगालपुर (बस्तर), रामाराम (सुकमा) शामिल है। राम वन गमन पर्यटन परिपथ में प्रस्तावित 09 स्थलों को लेते हुए पर्यटन विभाग द्वारा एक कॉन्सेप्ट प्लान तैयार किया गया है, जिसकी लागत 137.45 करोड़ रुपए है। राम वन गमन पर्यटन परिपथ हेतु राज्य शासन द्वारा गत वर्ष (2019-20) राशि 5 करोड़ रूपए और इस वर्ष (2020-21) 10 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया गया है। इस तरह कुल राशि रूपए 15 करोड़ राज्य शासन द्वारा स्वीकृति दी गई है।

अफसरों ने की खरीदी, संकुल प्रभारियों से मांगा जा रहा पेमेंट

नव प्रदेश संवाददाता

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले के पांच विकासखण्ड के अंतर्गत 81 संकुल केन्द्र संचालित है और यह सभी संकुल केन्द्र पुराने है जहां पहले से ही फर्नीचर उपलब्ध है। बिना संकुल के मांग के अचानक अधिकारियों को सपना आया कि संकुलों में फर्नीचर नहीं है और जो है वह टूट गये है। इसके बाद बिना संकुलों से पूछे ईमानक पोर्टल से सीएसआईपीसी के दर पर 65 लाख की फर्नीचर खरीदी कर ली। और अब भुगतान के लिये संकुलों से मांगा जा रहा है पैसा। जब कि इसके पूर्व भी डिजिटल ब्लैक बोर्ड खरीदी में भी यह विभाग सुर्खियो में रहा जहा शिकायत के बाद भी अब भी जाच पड़ल में धूल खा रहा जिससे अब नए मामले से इसे भी दबाने का प्रयास स्कूल विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा किया जा रहा ।

■ कोरिया के 81 संकुलों में 65 लाख के फर्नीचर खरीदी में गड़बड़ी की आशंका

गुणवत्तायुक्त नहीं है फर्नीचर : संकुल प्रभारी

संकुल रोंघा, उमानपुर, गरौंध, कोड़ा, बरटर, तामदड, बचरपोड़ी, पिरमी, बंगारीडाड, पटना, करकोना, रनई, सोरगा आदि कई संकुल प्रभारी ने गुणवत्ता को लेकर संतुष्ट नहीं है।फिर भी भुगतान का दबाव जिला स्तर से दिया जा रहा।

फर्नीचर की खरीदी सीएसआईडीसी दर पर ईमानक पोर्टल से की गई है यदि गुणवत्ता ठीक नहीं है तो संकुल प्रभारी इसकी शिकायत कर भुगतान भी रोक सकते है। दबाव का आरोप गलत हैं।

संजय गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी, कोरिया

ये है मामला

मिली जानकारी के अनुसार जिले के 81 संकुलों से 80-80 हजार रूपये में फर्नीचर खरीदी में गड़बड़ी सामने आने के बाद संकुलों प्रभारीयो का कहना है कि घटिया स्तर की फर्नीचर सप्लाई की गयी है। और अब अधिकारीयों द्वारा संकुलों के खाते में पड़े पैसे चेक के माध्यम से मांगा जा रहा है। वह बिना भौतिक सत्यापन के दरअसल भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा विभाग के माध्यम से जिले के ब्लाक संकुल केन्द्रो में 1 लाख 22 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इसमें यात्रा भत्ता समेत स्टेशनरी, बिजली भुगतान, मरम्मत, कम्प्यूटर सामग्री व सबसे ज्यादा फर्नीचर खरीदी के लिये 80 हजार रूपये आबंटित किये गये है। इसी 80 हजार की राशि में गड़बड़ी करने का मामला उजागर हुआ है। जबकि इस 80 हजार की राशि से संकुल प्रभारीयों को आवश्कतानुसार फर्नीचर खरीदने थे जहां आवश्यकता नहीं है वहां फर्नीचर खरीदने की कोई जरूरत नहीं है।

कई संकुलों के प्रभारीयों ने अब तक नहीं दिया चेक

एक संकुल प्रभारी ने बताया कि फर्नीचर सप्लाई कर दिये है। सप्लाई किये फर्नीचर का बिना भौतिक सत्यापन किये बगैर चेक देने का दबाव जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बनाया जा रहा है। जबकि फर्नीचर में टेबल, कुर्सी, आलमारी, आयरन का रैक गुणवत्ता युक्त नहीं है। पूरी सामग्री की वास्तविक लागत लगभग 40 हजार होगी। वहीं बिना भौतिक सत्यापन के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पूरे 80 हजार का चेक देने को कहा जा रहा है।

शिकायत के बाद पहुंचे ठेकेदार के आदमी

नाम न बताने की शर्त पर संकुल प्रभारी ने बताया कि मैंने टूटे फूटे फर्नीचर को सुधारने की शिकायत की थी और भुगतान रोकने को कहा था। जिसपर फर्नीचर सप्लाई करने वाली कम्पनी सदेनवाल लोकल कॉर्पोरेशन के आदमी ने फर्नीचर सुधारने पहुंचे और सुधारने के बाद जाते-जाते धमकी दे कर कहा कि अब दुबारा शिकायत मत करना क्योंकि इसमें मंत्री से लेकर विधायक तक का कमीशन है। शिकायत किये तो तुम्हारा बचना मुश्किल हो जायेगा।

गरियाबंद में बढ़ने लगे हैं कोरोना संक्रमण के मामले, 90 हुई संख्या

-देवभोग में एक ही परिवार के पांच सदस्य मिले पाजिटिव

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद - जिले में अब कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने लगे है। विशेषकर देवभोग ब्लाक और छुरा ब्लाक में इसकी संख्या में तेजी से इजाफा होने लगे है। सोमवार को फिर देवभोग ब्लाक में पांच नए कोरोना पाजीटीव मिले है। बताया जाता है कि सभी एक ही परिवार के सदस्य है। जो एक दिन पहले पाजीटीव मिले मरीज के सम्पर्क में थे। इसके अलावा एक पाजीटीव मरीज राजिम में भी पाया गया है। इधर नए पाजीटीव मरील मिलने के बाद अब जिले में पाजीटीव मरीजो की संख्या 90 हो गई है। इसमें सर्वाधिक देवभोग और छुरा ब्लाक से ही है। देवभोग ब्लाक में कुल 28 पाजीटीव निकले जिसमें 16 मरीज ठीक होकर लौट चुके है जबकि 12 मरीज अभी सक्रिय है। वही छुरा में अब तक 20 पाजीटीव मिले है जिसमें से 13 रिकवर हो गए है वही 07 मरीज अभी भी सक्रिय है। वही अब जिले में सक्रिय मरीजो की संख्या 26 पहुच गई है। जिसमें से 15 मरीजो का गरियाबंद में बनाए गए कोविड 19 अस्पताल में इलाज जारी है। नए पांच मिले पाजीटीव को भी मंगलवार को यहां भर्ती किया जाएगा। इधर बढ़ते आकड़े को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नेतराम नवरते का कहना है कि लोग मास्क और सोशल डिस्टेसिंग के नियमो का पालन नही कर रहे है। कही ना कही लापरवाही बरती जा रही है साथ ही लोगो में अब भय भी कम हो गया है जिसके कारण लोग गलतिया कर रहे है। उन्होने कहा कि लोग सावधानी बरतेंगे तभी सुरक्षित रहेंगे।

चिंता इसलिए भी बढ़ रही

जले मे हर एक दो दिन में नए मामले सामने आने लगे वह शासन प्रशासन के लिए चिंता का कारण है। क्योंकि नए मिलने वाले मरीज कहीं अस्पताल के स्टाफ है तो कहीं प्रवासी मजदूर और कहीं जनप्रतिनिधि और पुलिस के जवान। ये सभी लोग जनता के बीच रहकर काम करने वाले है इसके चलते इनका सम्पर्क भी अधिक लोगो से होता रहता है। इस स्थिति में संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ते नजर आ रहा है। दूसरी ओर बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन के आला अफसर सांत हैं नजर आ रहे है।

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का असर। भारत सरकार ने भी सराहा है अभियान को

बस्तर में मलेरिया पीड़ितों की संख्या में आई कमी

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का असर दिखने लगा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस साल जनवरी-फरवरी में इसके पहले चरण के दौरान 14 लाख लोगों से अधिक की जांच कर मलेरिया पॉजिटिव पाए गए लोगों का तत्काल इलाज किया गया था। उस समय जांच किए गए 14 लाख छह हजार लोगों में से 64 हजार 646 (4.60 प्रतिशत) मलेरिया पीड़ित पाए गए थे। अभी अभियान के दूसरे चरण के दौरान मलेरिया पॉजिटिव पाए गए लोगों की संख्या में उल्लेखनीय कमी देखी जा रही है। दूसरे चरण में अभियान का दायरा बढ़ाते हुए पहले से अधिक क्षेत्र एवं जनसंख्या को शामिल कर 23 लाख 46 हजार लोगों के परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। इस चरण में अब तक 22 लाख 34 हजार लोगों के रक्त की जांच की गई है जो कि लक्ष्य का 95.23 प्रतिशत है। इनमें से 1.31 प्रतिशत यानि 29 हजार 275 लोग मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं।

राज्य स्तर से प्रत्येक जिले के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं जो अभियान की मिलेनार प्रगति की अद्यतन स्थिति प्राप्त कर संचालक को अवगत कराते है।

दूसरे चरण में चार लाख 71 हजार से ज्यादा की जांच

6 जून से शुरू मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के दूसरे चरण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम अब तक चार लाख 71 हजार 879 घरों में मलेरिया की जांच कर चुकी है। इस दौरान आर.डी. किट से 22 लाख 34 हजार लोगों के रक्त की जांच कर पॉजिटिव पाए गए 29 हजार 275 लोगों का तत्काल इलाज शुरू किया गया है। मलेरिया पॉजिटिव पाए गए लोगों में 17 हजार 642 यानि 60.26 प्रतिशत ऐसे लोग है जिनमें मलेरिया के कोई लक्षण नहीं है। लक्षण रहित मलेरिया समय पर पहचान में नहीं आने के कारण अधिक बड़ी समस्या बन सकता है। यह अनीमिया और कुपोषण का भी कारण बनता है। इसलिए समय पर स्क्रीनिंग कर इसकी पहचान किया जाना अनीमिया और कुपोषण के उन्मूलन में भी लाभकारी सिद्ध होगा। जांच में शामिल 15 हजार 593 गर्भवती महिलाओं में से 306 पॉजिटिव पाई गई। अभियान का दूसरा चरण 31 जुलाई तक चलेगा।

किया जाता है जागरूक

मलेरिया की जांच व उपचार के साथ ही सर्चे दल द्वारा लोगों को इससे बचाव और सावधानी लगातार होने के लिए जागरूक किया जाता है। इसका भी सकारात्मक असर बस्तर में देखा गया है। अभी दूसरे चरण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभाग द्वारा लिए गए मेडिकेटेड मच्छरदानी चार लाख 71 हजार 879 घरों में नियमित उपयोग करते हुए पाया। सर्चे दल द्वारा स्थानीय लोगों के साथ मिलकर 4964 घरों में मच्छरों का लार्वा नष्ट किया गया। अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला अपनी टीम के साथ बस्तर के दूरस्थ अंचलों का लगातार दौरा एवं साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नियमित समीक्षा कर रही है।

43 बकरों से भरी पिकअप जब्त

■ चालक-परिचालक के विरुद्ध पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध दर्ज

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। बकरीद नजदीक है। 1 अगस्त को ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने के साथ ही बकरों की कुर्बानी दी जाएगी। इसके पहले बकरों की बिक्री के लिए व्यापारी सक्रिय हैं। ऐसे ही दो व्यापारियों को 43 नग बकरों का अवैध रूप से परिवहन करते वक्त पकड़कर बांगो पुलिस ने कार्रवाई की है। लगभग 2 लाख रुपए कीमती छोटे-बड़े आकार के बकरा को बांगो थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल द्वारा हमराह स्टॉफके साथ पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर सोमवार रात करीब 10.45 बजे कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर पकड़ा गया। कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे मार्ग पर उदय ढाबा के सामने नाकाबंदी कर चेकिंग के दौरान पिकअप क्र. सीजी-07-बीटी-0935 को जो कि मोरगा की ओर से आ रही थी, को रोककर पड़ताल की गई। पिकअप में 43 नग बकरा लादे गए थे, जिनके संबंध में दूसरे राज्य से परिवहन कर लाना बताया गया।

नहीं थे जरूरी दस्तावेज

वाहन में मौजूद चालक मो. युसुफ पिता लेख युसूफ42 वर्ष निवासी इरलान नगर सुपेला व परिचालक मोहम्मद निसार खान पिता स्व. मोहम्मद अयुब खान निवासी फ्रॉट नगर सुपेला जिला दुर्ग के द्वारा बकरा परिवहन के संबंध में कोई कागजात अथवा बिल-दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पुलिस ने सभी बकरों की जब्ती कर चालक-परिचालक के विरुद्ध पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।